✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 168 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 15 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार में एनडीए को मिली प्रचंड जीत पर गमछा लहराते पीएम मोदी

बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की धरती पर लोकतंत्र का महायुद्ध समाप्त हो चुका है। 6 और 11 नवंबर को हुए दो चरणों वाले विधानसभा चुनावों में 67.13% रिकॉर्ड मतदान के साथ 24.3 करोड़ की आबादी वाले इस राज्य ने एक बार फिर अपनी राजनीतिक परिपक्वता दिखाई है। शुक्रवार को वोटों की गिनती के साथ सस्पेंस खत्म होने को है और एनडीए की सुनामी ने सबको चौंका दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए बहुमत के आंकड़े को आसानी से पार कर लिया है। जहां जद(यू) अकेले 83 सीटों पर आगे चल रही है, भाजपा को 93, चिराग पासवान की लोजपा(आर) के 19 और जीतन राम मांझी की हम को 5 सीटें मिल रही हैं। कुल मिलाकर एनडीए 200+ सीटों पर लीड कर रही है, जो 122 के बहुमत से कहीं ज्यादा है। दूसरी ओर, महागठबंधन (राजद-कांग्रेस-लेफ्ट की उम्मीदें धूल चाट रही हैं। तेजस्वी यादव की राजद सबसे बड़ी पार्टी बनकर भी सिर्फ 25 सीटों पर सिमटती दिख रही है जबकि कांग्रेस महज छह पर जीतती नजर आ रही है। यानी महागठबंधन कुल 31 सीटों तक सिमटता दिख रहा है। इसके अलावा प्रशांत किशोर की जन सुराज और मुकेश सहनी की वीआइपी खाता भी नहीं खोल सकी है। एनडीए की इस शानदार सफलता ने राज्य की राजनीति में नई ऊर्ज़ा का संचार किया है। वहीं, महागठबंधन के घटक दलों में से आरजेडी को छोड़कर अन्य कोई दल दो अंकों की सीटें भी नहीं छू सका। यह जीत एनडीए के लिए ऐतिहासिक साबित हुई है। अब तक आए रुझान से यह साफ हो गया है कि बीजेपी बिहार की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर रही है। वहीं जेडीयू दूसरे स्थान पर है। सबसे आश्चर्यजनक नतीजे आरजेडी के लिए है। वह तीसरे स्थान पर पहुंचती हुई दिखाई पड़ रही है। 2020 के विधानसभा चुनाव में जो आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी थी वह तीसरे स्थान पर जाती हुई दिख रही है। इसके अलावा जेडीयू तीसरे स्थान पर थी, वह छलांग मारते हुए दूसरे स्थान पर जाते हुई दिख रही है। बीजेपी पहले स्थान पर पहुंच गई है। अब तक आए रुझान में बीजेपी 89 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं जेडीयू 85 सीटों पर बढ़त बनायी हुई है। तेजस्वी यादव के लिए बड़ा झटका है। आरजेडी सिर्फ 25 सीटों पर आगे दिख रही है। चिराग पासवान की पार्टी एलजेपीआर को 19 सीटों पर बढ़त है। कांग्रेस 6, वाम 3 और हम के 5 प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रथम चरण और दूसरे चरण के चुनाव के वक्त ही जनता की बातों से ही लग रहा था कि एनडीए को जनादेश मिल रहा है। फिर एक बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है। जनता ने मन बना लिया था। जब जनता और मतदाता मन बना लेती है तो फिर कोई रोक नहीं सकता है। इधर, जदयू नेता नीरज कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की मतगणना पर कहा कि लोकतंत्र का सूर्योदय तो हो ही चुका है। आज सूर्य का जो तेज है वो विकास का तेज है वह राजनीति में वंशवाद, भ्रष्टाचार, पारिवारिक विरासत का नहीं रहेगा। राजनीति में बिहार की जनता एनडीए के नेता नीतीश कुमार पर विश्वास करेगी। नीतीश कुमार और एनडीए पर लोगों का भरोसा है। चुनाव आयोग के अनुसार अगिआंव से भाजपा महेश पासवान, आलमनगर से जदयू के नरेन्द्र नारायण यादव, अलौली से जदयू के राम चन्द्र सदा, अलीनगर से भाजपा मैथिली ठाकुर, अमरपुर से जदयू के जयंत राज, अमनौर से भाजपा कृष्ण कुमार मंटू, अमौर से अखतरुल ईमान, अररिया से कांग्रेस के आबिदुर रहमान, आरा से भाजपा संजय सिंह (टाइगर), अरवल से भाजपा के मनोज कुमार, अस्थावां से जदयू के जितेंद्र कुमार, अतरी से हम के रोमित कुमार, औराई से भाजपा की रमा निषाद, औरंगाबाद से भाजपा के त्रिविक्रम नारायण सिंह, बाबूबरही से जदयू की मीना कुमारी, बछवाड़ा से भाजपा के सुरेन्द्र मेहता, बगहा से भाजपा के राम सिंह, बहादुरगंज से मो तौसीफ आलम, बहादुरपुर से जदयू के मदन सहनी, बैकुण्ठपुर से भाजपा के मिथिलेश तिवारी, बायसी से गुलाम सरवर, बाजपट्टी से रालोमो के रामेश्वर कुमार महतो, बखरी से लोजपा (आर) के संजय कुमार, बख्तियारपुर से लोजपा (आर) के अरुण कुमार, बलरामपुर से लोजपा (आर) की संगीता देवी, बनियापुर से भाजपा के केदार नाथ सिंह, बाँका से भाजपा के राम नारायण मंडल, बाँकीपुर से भाजपा के नितिन नवीन, बनमनखी से भाजपा के कृष्ण कुमार ऋषि, बाराचट्टी से हम की ज्योति देवी, बरारी से जदयू के बिजय सिंह, बरौली से जदयू के मंजीत कुमार सिंह, बरबीघा से जदयू के डा. कुमार पुष्पंजय, बाढ़ से भाजपा के सियाराम सिंह, बड़हरा से भाजपा के राघवेन्द्र प्रताप सिंह, बड़हरिया से जदयू के इन्द्रदेव सिंह, बरूराज से भाजपा के अरुण कुमार सिंह, बथनाहा से भाजपा के अनिल कुमार, बेगूसराय से भाजपा के कुंदन कुमार, बेलागंज से जदयू की मनोरमा देवी, बेलदौर से जदयू के पन्ना लाल सिंह पटेल, बेलहर से जदयू के मनोज यादव, बेलसंड से लोजपा (आर) के अमित कुमार, बेनीपट्टी से भाजपा के विनोद नारायण झा, बेनीपुर से जदयू के विनय कुमार चौधरी, बेतिया से भाजपा की रेणु देवी, भभुआ से भाजपा के भरत बिन्द, भागलपुर से भाजपा के रोहित पाण्डेय, भोरे से जदयू के सुनील कुमार, विभूतिपुर से अजय कुमार, बिहारीगंज से जदयू के निरंजन कुमार मेहता, बिहारशरीफ से भाजपा के डॉ सुनील कुमार, बिहपुर से भाजपा के कुमार शैलेन्द्र, बिक्रम से भाजपा के सिद्धार्थ सौरव, बिस्फी से राजद केआसिफ अहमद, बोचहाँ से लोजपा (आर) की बेबी कुमारी, बोध गया से राजद के कुमार सर्वजीत, ब्रहमपुर से राजद के शम्भू नाथ यादव, बक्सर से भाजपा के आनन्द मिश्र, चैनपुर से जदयू के मो जमा खान, चकाई से राजद की सावित्री देवी, चनपटिया से कांग्रेस के अभिषेक रंजन, छपरा से भाजपा की छोटी कुमारी, चेनारी से लोजपा (आर) के मुरारी प्रसाद गौतम, चेरिया बरियारपुर से जदयू के अभिषेक आनंद, छातापुर से भाजपा के नीरज कुमार सिंह, चिरैया से भाजपा के लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, दानापुर से भाजपा के राम कृपाल यादव, दरौली से लोजपा (आर) के विष्णु देव पासवान, दरौंदा से भाजपा के कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, दरभंगा से भाजपा के संजय सरावगी, दरभंगा ग्रामीण से जदयू के राजेश कुमार मंडल, डिहरी से लोजपा (आर) के राजीव रंजन सिंह, ढाका से राजद के फैसल रहमान, धमदाहा से जदयू के लेशी सिंह, धौरैया से जदयू के मनीष कुमार, दीघा से भाजपा के संजीव चौरसिया, दिनारा से लोजपा (आर) के आलोक कुमार सिंह, डुमराँव से जदयू के राहुल कुमार सिंह एंवं एकमा से जदयू के मनोरंजन सिंह या तो चुनाव जीत गये हैं या बढ़त बनाये हुए हैं।



चुनाव परिणाम : देर शाम तक के रूझानों के अनुसार

दल का नाम	विजयी	आगे	कुल
भाजपा	82	7	89
जदयू	72	13	85
राजद	22	3	25
लोजपा(रा)	17	2	19
कांग्रेस	6	0	6
एआइएमआइएम	5	0	5
हम(सेक्युलर)	5	0	5
रालोमो	3	1	4
भाकपा माले	2	0	2
आइआइपी	0	1	1
सीपीआई(एम)	1	0	1
बसपा	0	1	1
कुल	215	28	243

बिहार में सुशासन व विकास की जीत : पीएम मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नयी दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के सहयोगी दलों को बधाई दिया है। उन्होंने बिहार की जनता को एनडीए की ऐतिहासिक सफलता के लिए हृदय सेधन्यवाद किया। पीएम मोदी ने इस सफलता को सुशासन, विकास, जनकल्याण तथा सामाजिक न्याय की अभूतपूर्व जीत करार दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बिहार में सुशासन की जीत हुई है। विकास की जीत हुई है। जनकल्याण की भावना की जीत हुई है। सामाजिक न्याय की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि बिहार के मेरे परिवारजनों को बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने 2025 के विधानसभा चुनावों में एनडीए को ऐतिहासिक व अभूतपूर्व विजय का आशीर्वाद प्रदान किया है। यह अपार जनसमर्थन हमें जनता-जनार्दन की निष्ठापूर्ण सेवा करने तथा बिहार के उज्ज्वल भविष्य के लिए नए संकल्पों के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं एनडीए के प्रत्येक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अथक परिश्रम किया है। उन्होंने जनता के बीच जाकर हमारे विकास के एजेंडे को सामने रखा और विपक्ष के हर झूठ का मजबूती से जवाब दिया। मैं उनकी हृदय से सराहना करता हूं। पीएम ने कहा कि आनेवाले समय में हम बिहार के विकास, यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और राज्य की संस्कृति को नई पहचान देने के लिए बढ़-चढ़कर काम करेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहां की युवा शक्ति और नारी शक्ति को समृद्ध जीवन के लिए भरपूर अवसर मिले।

सीएम नीतीश ने पीएम मोदी समेत सभी एनडीए नेताओं का जताया आभार

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर अबतक जारी परिणाम के अनुसार पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनती दिख रही है। बंपर जीत पर सीएम नीतीश कुमार का पहला रिएक्शन सामने आया है। नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा-बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। इसके लिए राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद। उन्होंने आगे लिखा-आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनसे मिले सहयोग के लिए उनका नमन करते हुए हृदय से आभार एवं धन्यवाद। एनडीए गठबंधन ने इस चुनाव में पूरी एकजुटता दिखाते हुए भारी बहुमत हासिल किया है। इस भारी जीत के लिए एनडीए गठबंधन के सभी साथियों-चिराग पासवान, जीतन राम मांझी एवं उपेन्द्र कुशवाहा को भी धन्यवाद एवं आभार। उन्होंने आगे लिखा-आप सबके सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा तथा बिहार देश के सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

बिहार में सिर चढ़कर बोला नीतीश का जादू


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार का कद आज भी अडिग है और मतदाताओं के बीच उनकी स्वीकार्यता अटल है। एनडीए को रिकॉर्ड तोड़ बहुमत दिलाकर नीतीश कुमार ने यह दिखा दिया है कि राज्य की नब्ज को समझने में उनकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। पिछले 20 वर्षों से बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार ने इस बार भी यह प्रमाणित किया कि सुशासन का ब्रांड आज भी जनता के लिए सबसे निर्णायक मुद्दा है। चुनाव परिणामों में जिस तरह महिलाओं, गरीबों, बुजुर्गों, युवाओं और अल्पसंख्यक समुदाय ने नीतीश कुमार पर भरोसा जताया, उसने यह साफ कर दिया कि उनकी योजनाओं का सीधा लाभ समाज के हर तबके तक पहुंचा है। विशेष तौर पर महिलाओं के खाते में दी गई 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता, जीविका दीदी योजना का विस्तार, वृद्धावस्था पेंशन में बढ़ोतरी और ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाने वाले कई कार्यक्रमों ने मतदाताओं के दिल में विश्वास पैदा किया। यही कारण है कि महिला वोटरों ने इस बार निर्णायक भूमिका निभाते हुए एनडीए के पक्ष में मजबूती से मतदान किया। अल्पसंख्यक समुदाय में भी नीतीश सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक असर देखने को मिला। शिक्षा, छात्रवृत्ति, रोजगार सहायता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कदमों ने इस वर्ग में नीतीश के प्रति भरोसे को और मजबूत किया जिसका परिणाम यह रहा कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में भी एनडीए का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। चुनाव प्रचार के दौरान विपक्ष की ओर से उछाले गए तमाम मुद्दे–चाहे राहुल गांधी का 'वोट चोरी' वाला आरोप हो या तेजस्वी यादव द्वारा नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर उठाए गए सवाल–मतदाताओं को प्रभावित करने में पूरी तरह विफल रहे। राज्य में न एंटी-इंकम्बेंसी का असर दिखा और न ही राजनीतिक आरोपों का। जनता ने स्पष्ट संदेश दिया कि उनकी प्राथमिकता स्थिरता, सुशासन और भरोसेमंद नेतृत्व है। इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल बिहार में नीतीश कुमार की स्थिति को और मजबूत किया है बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी उनका कद पहले से अधिक ऊंचा हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केंद्र की राजनीति में भी नीतीश कुमार की भूमिका अब और निर्णायक होगी क्योंकि एनडीए की सरकार उनकी रणनीति और संतुलन की क्षमता पर काफी हद तक निर्भर है। एक बार फिर अपार जनसमर्थन के साथ सत्ता में लौटकर नीतीश कुमार ने यह साबित कर दिया है कि आने वाले पांच वर्षों तक बिहार की राजनीति और शासन व्यवस्था उनकी ही परिधि में घूमेगी। जनता ने विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व को तरजीह देते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार की प्रगति का भरोसेमंद चेहरा अभी भी नीतीश कुमार ही हैं।

बिहार में जमकर दबा नोटा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजे सामने आ चुके हैं। एनडीए ने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक इन चुनावों में जनता ने नोटा का इस्तेमाल पिछले चुनावों की तुलना में थोड़ा ज्यादा किया है, वहीं 2015 के चुनाव के मुकाबले काफी कम किया है। 6 और 11 नवंबर को हुए दो चरणों के चुनाव के बाद शुक्रवार को वोटों की गिनती हो रही है। एनडीए बिहार विधानसभा चुनावों में कुल 243 सीटों में से लगभग 200 सीटों पर बढ़त बनाकर जीत की ओर अग्रसर है, जिसमें भाजपा लगभग 95 प्रतिशत स्ट्राइक रेट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। राजद, कांग्रेस और तीन वामपंथी दलों वाले महागठबंधन को 35 सीटों का आंकड़ा पार करने में मुश्किल हो रहा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए मतदान में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों पर कुल पड़े वोटों में से 1.82 प्रतिशत या 8,93,213 वोट नोटा के विकल्प में गए। बिहार में 7.45 करोड़ से ज्यादा मतदाता हैं। 66.91 प्रतिशत मतदान के साथ, यह 1951 में हुए पहले बिहार चुनाव के बाद से सबसे ज्यादा था। बिहार में अपने इतिहास में सबसे ज्यादा महिला मतदाता ने वोट डाला। 2020 के विधानसभा चुनाव में लगभग 7,06,252 लोगों ने नोटा का विकल्प चुना, जो कुल डाले गए वोटों का 1.68 प्रतिशत था। 2015 में कुल 3.8 करोड़ लोगों में से 9.4 लाख लोगों ने नोटा का विकल्प चुना था, जो 2.48 प्रतिशत है। 2024 के लोकसभा चुनावों में नोटा विकल्प का प्रतिशत सबसे कम रहा। 2013 में शुरू किए गए इवीएम पर नोटा विकल्प का अपना एक प्रतीक है। एक मतपत्र जिस पर काले रंग का क्रॉस बना होता है। सितंबर 2013 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव आयोग ने इवीएम पर नोटा बटन को मतदान पैनल में अंतिम विकल्प के रूप में जोड़ा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से पहले, जो लोग किसी भी उम्मीदवार को वोट नहीं देना चाहते थे, उनके पास फॉर्म 49-ओ भरने का विकल्प था। लेकिन चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49-ओ के तहत मतदान केंद्र पर फॉर्म भरने से मतदाता की गोपनीयता भंग होती थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह निर्देश देने से इनकार कर दिया था कि यदि अधिकांश मतदाता मतदान करते समय नोटा विकल्प का प्रयोग करते हैं तो वह नए सिरे से चुनाव कराए।

'विकसित बिहार' में विश्वास रखने वाले हर बिहारवासी की जीत : अमित शाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली/ पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी को मिल रहे प्रचंड बहुमत प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ नीतीश कुमार और एनडीए के कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस जीत के जरिए जनता ने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को संरक्षण देने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा 'मैं बिहार की जनता और विशेषकर हमारी माताओं-बहनों को विश्वास दिलाता हूं कि जिस आशा और विश्वास के साथ आपने एनडीए को यह जनादेश दिया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार इसे और भी अधिक समर्पण के साथ पूरा करेगी।' उन्होंने कहा कि बिहार की जनता का एक-एक वोट भारत की सुरक्षा और संसाधनों से खिलवाड़ करने वाले घुसपैठियों और उनके समर्थकों के विरुद्ध मोदी सरकार की नीति में विश्वास का प्रतीक है। वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को संरक्षण देने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है। गृह मंत्री ने कहा कि बिहार की जनता ने पूरे देश का मूड बता दिया है कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण अनिवार्य है और इसके विरुद्ध राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। इसीलिए राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस आज बिहार में सबसे निचले पायदान पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यह 'विकसित बिहार' में विश्वास रखने वाले हर बिहारवासी की जीत है। जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले किसी भी भेष में आएं, उन्हें लूटने का मौका नहीं मिलेगा। जनता अब सिर्फ और सिर्फ 'पॉलिटिक्स ऑफ परफोर्मेंस' के आधार पर जनादेश देती है।



भाजपा कार्यालय में बिहार में एनडीए की जीत पर जश्न, बांटी गई मिठाइयां, लोगों ने एक-दूसरे को दी बधाई

बिहार के विकास की रफ्तार और तेज होगी : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की रिकॉर्ड जीत के बाद बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में जमकर जश्न मनाया गया। इस जीत की खुशी में मिठाइयां बांटी गईं और लोगों ने एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। एनडीए प्रत्याशियों की जीत पर भाजपा कार्यालय में होली और दिवाली का नजारा एक साथ नजर आया। कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर जमकर आतिशबाजी की। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इस जीत को लेकर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने बिहार की महिलाओं और युवाओं का आभार जताते हुए कहा कि बिहार के मतदाताओं ने विकास के चलने का निश्चय दोहराया है। उन्होंने इस जीत को एनडीए कार्यकर्ताओं की जीत बताया और इस जीत को उन्हें समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम यह साबित करता है कि अब यहां की जनता किसी भी परिस्थिति में 'जंगल राज' की पुनर्वापसी नहीं चाहती और सुशासन और न्याय के साथ विकास के साथ चलना चाहती है। उन्होंने कहा विकास, सुशासन, स्थिरता और प्रगति के मार्ग पर पुनः विश्वास जताते हुए बिहार के लोगों ने बहुमूल्य मत देकर एनडीए की नीतियों, दृष्टि और संकल्प को अटूट समर्थन प्रदान किया है। यह जनादेश केवल एक विजय नहीं, बल्कि बिहार की आकांक्षाओं, उम्मीदों और उज्ज्वल भविष्य में आपके अडिग विश्वास की पुनर्पुष्टि है। उन्होंने इस प्रचंड बहुमत के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा बिहार के सर्वाधिक लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हृदय से धन्यवाद एवं विनम्र आभार प्रकट करते हुए कहा कि दूरदर्शी मार्गदर्शन, अदम्य संकल्प और निरंतर प्रोत्साहन ने इस विजय को संभव बनाया है। उन्होंने भाजपा के निष्ठावान, कर्मठ, अनुशासित एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को हृदय तल से बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनके दिन-रात की परिश्रम, संगठनात्मक शक्ति और अटूट समर्पण से इस सफलता को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। बिहार की इस ऐतिहासिक जीत को हम विनम्रता, सेवा-भाव और जनकल्याण की प्रतिबद्धता के साथ स्वीकार करते हैं। उन्होंने संकल्प दोहराते हुए कहा कि बिहार के विकास की रफ्तार और तेज होगी, सुशासन और सुदृढ़ होगा और जनता का विश्वास हमारे हर निर्णय का मार्गदर्शन करेगा। उन्होंने एनडीए में शामिल सभी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया और जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जनादेश डबल इंजन की सरकार के किए जा रहे कार्यों पर मुहर है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में किए गए कार्यों को जनता ने स्वीकारा है जिसका यह परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह जीत देवतुल्य कार्यकर्ताओं का समर्पण एवं जनता के भरोसे की जीत है। बिहार भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने एनडीए कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि बिहार में मतदाताओं ने परिवारवादी पार्टियों और भ्रष्टाचारियों पार्टियों को पूरी तरह नकार दिया। जनता ने साफ संकेत दे दिया कि जनता विकास के साथ चलेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने विपक्ष के अहंकार को नकारा है और डबल इंजन की सरकार को स्वीकारा है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनाए जा रहे जश्न में बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और भाजपा के पक्ष में नारे लगाए। इधर, इस जीत के बाद कार्यकर्ता पूरी तरह जोश में नजर आए।

बिहार की जीत पीएम मोदी और सीएम नीतीश पर भरोसा : सम्राट चौधरी

बिहार की जनता ने अहंकारी, भ्रष्टाचारी नेतृत्व को नकारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार में एनडीए की अभूतपूर्व और ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में जमकर जश्न मनाया गया। इस जीत की खुशी में मिठाइयां बांटी गईं और लोगों ने एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। इस खुशी के मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के नेता सम्राट चौधरी ने इस जीत को लेकर बिहार के लोगों, मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बिहार विधानसभा 2025 में मिली एकतरफा और ऐतिहासिक जीत के लिए देवतुल्य बिहारवासियों का दिल से आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह प्रचंड विजय लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार की नारीशक्ति के आशीर्वाद, बढ़ती पेंशन से प्रसन्न बुजुर्गों के स्नेह, रोजगार के अपार अवसरों पर युवाओं के भरोसे और किसानों की उम्मीदों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जन-जन के इस विश्वास ने सुशासन और विकास की ताकत को एक बार फिर प्रमाणित किया है। भरोसा देते हुए उन्होंने कहा कि अब बिहार नई गति, नए संकल्प और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा और भी मजबूत और भी सक्षम होगा। उन्होंने बिहार चुनाव में एनडीए को मिली जीत को प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा बताया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं था। बिहार के नौजवानों को नौकरी देने की बात कर रहे थे, लेकिन उनके पास कोई प्लान नहीं था। उन पर जनता का कोई विश्वास नहीं था। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की जीत से साफ है कि बिहार ने अहंकारी और भ्रष्टाचारी नेतृत्व को नकारा है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश एनडीए पर विश्वास पर मुहर है। उन्होंने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने परिवारवादी पार्टियों और भ्रष्टाचारी पार्टियों को पूरी तरह नकार दिया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए ने लोगों का दिल जीता है। एनडीए ने लोगों के लिए काम किया है। एनडीए के शासन में लोग, खासकर महिलाएं, सुरक्षित महसूस करती हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने इस जनादेश से साफ कर दिया कि अब वे जंगलराज और माफियाराज कभी नहीं आने देंगे। लोगों में बिहार को आगे बढ़ते देखने की चाह है, इसलिए उन्होंने बढ़-चढ़कर एनडीए को वोट दिया है।

एनडीए बिहार के विकास की रफ्तार को और बढ़ाएगा : विनोद तावड़े

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े ने आज विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत को लेकर बिहार के मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि युवा, किसान और महिलाओं ने दिल खोलकर एनडीए को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि लोगों के कल्याण के लिए काम करते रहिए, जनता आशीर्वाद देगी, यही एनडीए की नीति है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और नीतीश सरकार कल्याणकारी योजनाओं के जरिये लोगों का प्रमाणिकता के साथ विकास करती रही। ऐसा नहीं है कि ये योजनाएं चुनाव के समय लाए गए। आज के नतीजे को देखें तो कहा जाता है कि 30 सीटें ऐसी हैं जो मुस्लिम और यादव बहुल हैं और वहां पर एनडीए जीती है। अति पिछड़ा समाज बहुल 110 सीटें जीती हैं। बिहार की जनता ने विकास की राजनीति पर अपनी मुहर लगाई है। यह जीत बिहार को आगे ले जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार में पलायन कम हुआ है, लोगों ने यह भी देखा है। लालू यादव और तेजस्वी यादव का सभी परिवारों को नौकरी देने का नारा लोगों ने नकार दिया। इस चुनाव में किसी प्रकार की हिंसा नहीं हुई और किसी भी बूथ पर पुनर्मतदान नहीं हुआ। यह जनता के भरोसे का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता सच जानती है। यही कारण है कि यहां की जनता झूठे नारों के पीछे नहीं भागी। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के वोट चोरी को भी नकार दिया। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि एनडीए विकास की रफ्तार को और बढ़ाएगी। इस प्रेस वार्ता में भाजपा के सांसद भीम सिंह और प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल भी मौजूद रहे।

पॉलिसीधारक ऑनलाइन माध्यमों से प्रीमियम कर सकते हैं जमा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में एलआइसी के स्टॉल का उद्घाटन जे. पी. एस. बजाज, क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर क्षेत्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर एलआइसी के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। 14 दिनों की अवधि में चलने वाले इस मेले में निगम की विभिन्न योजनाओं तथा एजेंट के रूप में भर्ती के लिए उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी दी जाएगी। एलआइसी की इ-सेवाओं एवं अन्य ऑनलाइन सेवाओं के बारे में भी जानकारी साझा की जाएगी। एलआइसी ने कार्यालय को पेपरलेस बनाने की दिशा में भी आगे कदम बढ़ाए हैं। बदलते परिवेश में निगम ने विभिन्न साधनों को अपनाकर पॉलिसी सर्विसिंग को और अधिक आसान एवं सुलभ बना दिया है। पॉलिसीधारक विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से प्रीमियम जमा कर सकते हैं। ग्राहक अपनी पॉलिसियों से संबंधित जानकारी एलआईसी की वेबसाइट पर जाकर वर्चुअल असिस्टेंट 'एलआईसी मित्र' के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा वे 022-68276827 नंबर पर डायल करके आइवीआरएस के माध्यम से भी यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सभी पॉलिसीधारक एलआइसी के व्हाट्सएप नंबर पर भी अपनी पॉलिसियों से संबंधित सूचनाएं और सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। इस वर्ष एलआईसी अपना 69वां स्थापना दिवस मना रहा है। देश की प्रमुख वित्तीय संस्थाओं में से एक होने के नाते, इसने बड़ी संख्या में लोगों की बीमा आवश्यकताओं को पूरा किया है। एलआइसी ने बीमायोग्य जनसंख्या की बदलती प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर नवीन उत्पाद बाजार में प्रस्तुत किए हैं। बीमा के साथ-साथ, एलआइसी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का भी निर्वहन एलआइसी गोल्डन जुबली फाउंडेशन के माध्यम से करता है जो शिक्षा, चिकित्सा और अन्य सामाजिक सेवाओं में योगदान देता है। एलआइसी राष्ट्र-निर्माण परियोजनाओं में भी महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है।

दोनों गठबंधनों की तीखी भिड़ंत में तीसरे मोर्चे को नहीं मिली कोई जगह, जन सुराज को भारी नुकसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का रुझान इस बार इतना स्पष्ट और तीव्र ध्रुवीकृत रहा कि राजनीतिक मुकाबला पूरी तरह एनडीए और महागठबंधन के बीच सिमट गया। दोनों गठबंधनों की सीधी टक्कर ने चुनाव को द्विपक्षीय मुकाबले का रूप दे दिया जिसमें किसी तीसरे विकल्प के लिए जनता ने बिल्कुल भी स्थान नहीं छोड़ा। पूरे बिहार में जो मतदान पैटर्न उभरकर सामने आया, उसने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया कि मतदाता इस चुनाव में अपने वोट को निर्णायक परिणाम देने वाले गठबंधनों तक ही सीमित रखना चाहते थे। चुनाव परिणामों ने महागठबंधन और विशेषकर राष्ट्रीय जनता दल के सामने बड़ा झटका खड़ा किया है। सत्ता वापसी की आस में लगी आरजेडी को उम्मीद से काफी कम सीटें मिलीं, लेकिन सबसे बड़ा नुकसान उन नेताओं और दलों को हुआ जिन्होंने इस चुनाव को त्रिकोणीय मुकाबले के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की थी। प्रशांत किशोर का जन सुराज इस श्रेणी में सबसे प्रमुख रहा जिसे पूरे बिहार में एक भी सीट हासिल नहीं हो सकी। व्यापक प्रचार, गांव-गांव जन संवाद और बड़े दावों के बावजूद जन सुराज जनता के मूड को भांपने में पूरी तरह विफल रहा। राज्य के अधिकांश विधानसभा क्षेत्रों में देर शाम तक आए रुझानों ने दिखा दिया कि वोटों का बंटवारा लगभग पूरी तरह एनडीए और महागठबंधन के बीच ही हुआ। किसी अन्य दल या तीसरे मोर्चे के प्रत्याशियों को महज कुछ हजार वोटों से संतोष करना पड़ा। कई सीटों पर तीसरे स्थान पर रहे प्रत्याशियों को 5 से 10 हजार वोट भी नहीं मिल पाए जो इस बात का संकेत है कि मतदाताओं का मूड बिल्कुल साफ था–या तो सरकार बदलो या सरकार बनाओ, लेकिन मध्य का रास्ता नहीं। मतदान ट्रेंड स्पष्ट रूप से बताता है कि लोग इस बार 'वोट की बर्बादी' नहीं चाहते थे। बिहार की जनता ने इस चुनाव में छोटे दलों, नए प्रयोगों और तीसरे विकल्पों को नजरअंदाज करते हुए अपना समर्थन सीधे बड़े गठबंधनों की ओर मोड़ दिया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह ध्रुवीकरण उस माहौल की देन है जिसमें जनता एक स्थिर और निर्णायक सरकार देखना चाहती थी और यही कारण है कि तीसरे विकल्प की संभावनाएं पूरी तरह ध्वस्त हो गईं। बिहार चुनाव के इस परिणाम ने साफ कर दिया है कि राज्य की राजनीति अभी भी दो बड़े राजनीतिक खेमों के इर्द-गिर्द ही घूमती है। तीसरी शक्ति बनने की कोशिशें तब तक सफल नहीं होंगी जब तक कोई संगठन जनता के बीच व्यापक पैठ और भरोसा नहीं बनाता। इस चुनाव में जन सुराज और अन्य छोटे दलों का प्रदर्शन इस सच्चाई को और मजबूती से सामने लाता है।

सीयूएसबी के गार्गी सदन गर्ल्स हॉस्टल में सांस्कृतिक संध्या अद्वयम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी(गयाजी)। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के गार्गी सदन गर्ल्स हॉस्टल में सांस्कृतिक संध्या अद्वयम का आयोजन शुक्रवार को किया गया जिसमें लड़कियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने अपने संबोधन की शुरुआत विश्वविद्यालय की लड़कियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए की। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियों के भीतर प्रतिभा असीमित विस्तार है बस जरूरत है उसे सही मार्गदर्शन और दिशा देने की। पढ़ाई, खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इनकी भागीदारी देखकर मन में एक आश्वस्ति आती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सीयूएसबी की छात्राएं जहां भी रहेंगी अपने विश्वविद्यालय, समाज एवं राष्ट्र के नाम को और ऊंचाई पर ही ले जाएंगी। ये हमारी धरोहर हैं इसलिए इन्हें अवसर की स्वतंत्रता देनी चाहिए। इनके भीतर के गुण को बाहर आने देने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होना जरूरी है। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात चीफ वार्डेन श्रीमती रेणु के द्वारा कुलपति को अंग वस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद स्वागत नृत्य की प्रस्तुति हुई। हॉस्टल में रहने वाली अलग-अलग राज्य की छात्राओं ने अपने यहां के पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने संगीत, नृत्य, नाटक और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुनीता सिंह के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे जिनमें प्रो. प्रणव कुमार (प्रॉक्टर), प्रो. पवन कुमार मिश्रा (डीएसडब्ल्यू), डॉ. मंगलेश मंगलम (डिप्टी प्रॉक्टर), रश्मि त्रिपाठी (वित्त अधिकारी), प्रो उषा तिवारी (विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग), डॉ. मंजीत सिंह (चीफ वार्डन), डॉ. अबोध कुमार(सहायक प्रॉक्टर), डॉ. रचना विश्वकर्मा (सहायक प्रॉक्टर) तथा प्रतिश दास (उप कुलसचिव) के साथ डॉ. आनंद और डॉ. अनुज कुमार सिंह (सहायक प्रोफेसर), मैत्रेयी सदन की वार्डन डॉ. प्रीति राय, डॉ.तारा काशव शामिल रही। इस आयोजन में गार्गी सदन गर्ल्स हॉस्टल की सभी समितियों के सदस्य और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आर. एल. उद्भृष्णा देओरी ने आयोजन में शामिल सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया। इस पूरे आयोजन में छात्रावास की विभिन्न समितियों की छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हॉस्टल अध्यक्ष सुषमा, मेस अध्यक्ष वर्षा और ईशा, सजावट टीमः साक्षी और दीपाली, सांस्कृतिक टीम में अनामिका महतो, सुहानी, श्रेयशिन और नंदिनी, अनुशासन टीम श्रृंखला और आभा, वित्त समितिः महविश, मेमेंटो डिजाइनिंग, अनुष्का और ईशा के साथ अन्य सभी छात्रों का योगदान उल्लेखनीय रहा।

प्रचंड जनादेश के लिए जनता का आभार : राजीव रंजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने एनडीए को मिले प्रचंड जनादेश के लिए जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सुशासन, विकास और रोजगार के क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हासिल उपलब्धियों को जनता ने सराहा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ग्यारह वर्ष के शासन के दौरान राज्य को मिली केंद्रीय सहायता ने भी इस अभूतपूर्व जीत का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने विपक्ष को रचनात्मक भूमिका में आने की सलाह देते हुए कहा कि उन्हें गलतियों से सबक लेना चाहिए।

बिहार कांग्रेस ने मनायी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की 136 वीं जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। आधुनिक भारत के निर्माता और देश के पहले प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू की 136 वीं जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करके मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में माल्यार्पण के पश्चात प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रो रामजतन सिन्हा ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माणकर्ता देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने देश को प्रगति पथ पर अग्रसर होने की आधारभूत संरचना के अर्जन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। पंडित नेहरू ने देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को मजबूती और स्थिरता प्रदान की। उन्होंने देश में समता और संवैधानिक प्रतिबद्धता का सृजन किया।जयंती कार्यक्रम में ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजेश राठौड़, नरेन्द्र कुमार, कृपानाथ पाठक, संजीव सिंह, डॉ अजय कुमार सिंह, नागेन्द्र कुमार विकल, डा. संजय यादव, अफरोज खान, कुमार आशीष, आशुतोष शर्मा, संतोष कुमार श्रीवास्तव, वैद्यनाथ शर्मा, रौशन कुमार सिंह, चन्द्रभूषण राजपूत, अरविन्द लाल रजक, निधि पाण्डेय, राजीव मेहता, प्रदुम्न कुमार, उदय शंकर पटेल, मृणाल अनामय, मनोज शर्मा, वसी अख्तर, विमलेश तिवारी, अभिषेक कुमार, रामाशंकर पाण्डे सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

निशुल्क कानूनी सहायता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी(गयाजी)। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विधि एवं शासन प्रणाली पीठ के अंतर्गत संचालित विधिक सहायता क्लिनिक के द्वारा मिल्खा सिंह खेल परिसर में निशुल्क कानूनी सहायता शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया। विधिक सहायता क्लिनिक के अध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार, डीन, एसएलजी के देखरेख में क्लिनिक के समन्वयक डॉ. सुरेंद्र कुमार, सह-समन्वयक डॉ. आनंद प्रकाश नारायण और डॉ. चंदना सुबा के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. अशोक कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि कानूनी साक्षरता केवल विधि शिक्षा तक सीमित नहीं है, यह प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे विधिक ज्ञान को अपने जीवन के हर क्षेत्र में व्यावहारिक रूप से लागू करें।

पटना में आज लगेगा चौथा निःशुल्क थैलेसीमिया एचएलए टेस्ट कैंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए नारायणा हेल्थ बेंगलुरु, मां वैष्णो देवी सेवा समिति और मां ब्लड सेंटर पटना की ओर से चौथा निःशुल्क थैलेसीमिया एचएलए मैचिंग कैंप आज 15 नवंबर शनिवार को लगेगा। यह महाराणा प्रताप भवन पटना में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। समिति के सदस्य मुकेश हिसारिया ने बताया कि इस बार कैंप में करीब 300 थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों का 800 से ज्यादा भाई बहन माता पिता के साथ बच्चों कैंप में जांच कराएंगे। यह जांच बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए सही डोनर खोजने में मदद करती है जिससे बच्चों को नई जिंदगी मिल सकती है। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समिति के सदस्य कन्हैया अग्रवाल 'कन्नू' के नेतृत्व में करीब 1500 लोगों के लिए भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की जा रही है। बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल, जादू शो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी योजना है, ताकि माहौल सहज, पारिवारिक और उत्साहपूर्ण रहे। इस कैंप में नारायणा हेल्थ बेंगलुरु से प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुनील भट्ट और विक्की राय भी विशेष रूप से शामिल हो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में थैलेसीमिया उपचार और बोन मैरो ट्रांसप्लांट से संबंधित नवीनतम जानकारियां साझा की जाएंगी। समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी, सचिव संजय तोतला, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल सहित सभी कार्यकर्ता इस मानवीय प्रयास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मुकेश हिसारिया ने बताया कि अगर शादी से पहले एचबीए2 (थैलेसीमिया माइनर) टेस्ट को अनिवार्य कर दिया जाए तो इस बीमारी से पीड़ित बच्चों के जन्म को रोका जा सकता है। यह समाज के लिए एक बड़ी सेवा होगी। बिहार में यह अब तक का चौथा बड़ा कैंप है। पहला कैंप 23 फरवरी 2020, दूसरा 14 नवंबर 2022 और तीसरा 5 जनवरी 2024 को लगा था। इन प्रयासों से अब तक 57 बच्चों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के माध्यम से नया जीवन मिल चुका है। इस बार भी बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और नेपाल से करीब करीब 300 थैलीसीमिया पीड़ित बच्चे 1500 से ज्यादा लोग पटना पहुंच रहे हैं। उनके रहने और खाने की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।

जानिए क्या है थैलेसीमिया

थैलेसीमिया एक वंशानुगत रक्त रोग है जिसमें शरीर में हीमोग्लोबिन बनने की प्रक्रिया बाधित हो जाती है। इससे शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और व्यक्ति एनीमिया का शिकार हो जाता है। इसके दो प्रमुख प्रकार हैं– थैलेसीमिया माइनर और थैलेसीमिया मेजर। माइनर रूप में व्यक्ति को कोई गंभीर परेशानी नहीं होती, लेकिन यदि पति-पत्नी दोनों माइनर हैं तो उनके बच्चे को थैलेसीमिया मेजर होने की संभावना रहती है। थैलेसीमिया मेजर से ग्रसित बच्चे को जीवनभर नियमित रूप से रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। इस रोग का एकमात्र स्थायी इलाज बोन मैरो ट्रांसप्लांट है जबकि शादी से पहले एचबीए2 टेस्ट करवाकर इस बीमारी को अगली पीढ़ी में जाने से पूरी तरह रोका जा सकता है। पटना कमिश्नर अनिमेष पराशर, बिहार सरकार के विकास आयुक्त सीनियर आईएएस डॉ एस सिद्धार्थ, बिहार सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव, सीनियर आईएएस दीपक कुमार और सीनियर आईपीएस आलोक राज जी 15 नवंबर(शनिवार)को सुबह थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को नई जिंदगी की उम्मीद देने और हौसला बढ़ाने के लिए महाराणा प्रताप भवन आ रहे। इस नेक कार्य में पटना के कई स्वयं सेवी संस्थाएं, डॉक्टर्स और समाजसेवीयों ने भी दिल से सेवा करने की सहमति जताई है।

लोजपा 'रा' के राजीव रंजन जीते

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी विधानसभा में दूसरे चरण के चुनाव 11 नवंबर, 2025 को संपन्न करवाए गए। यह कराकाट लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली विधानसभा क्षेत्र है। बता दें कि एलजेपीआर पार्टी के राजीव रंजन ने डिहरी विधानसभा का चुनाव जीत लिया है। डिहरी विधानसभा का चुनाव कुल 25 राउंड में संपन्न किया गया है जिसमें एलजेपी आर पार्टी के राजीव रंजन ने आरजेडी के गुड्डू चंद्रवंशी को कुल 35968 वोटों से हराया। उन्होंने डिहरी विधानसभा चुनाव में कुल 104022



वोट हासिल किए हैं। इसके अलावा आरजेडी के गुड्डू चंद्रवंशी को कुल 68054 वोट मिले हैं। पहली बिहार विधानसभा चुनाव में सोशलिस्ट पार्टी के बासवन सिंह डिहरी विधानसभा के विधायक बने थे। बता दें, साल 2015 में डिहरी विधानसभा में आरजेडी के मौहम्मद इलियास हुसैन विधायक बने थे और साल 2019 उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सत्यनारायण सिंह विधायक बने थे। इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में डिहरी विधानसभा से कुल 27 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया था जिसमें से चुनाव आयोग द्वारा कुल 11 उम्मीदवारों के आवेदन स्वीकार किए गए हैं। इसके साथ ही डिहरी विधानसभा से कुल 10 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे।



मोहनियां विधानसभा से विजयी होने का प्रमाणपत्र लेकर मतगणना केन्द्र से बाहर निकलते श्रीमती संगीता कुमार के साथ श्रीमती कुन्ती देवी एवं शंकर कैमूरी (माता-पिता) इशिता प्रियदर्शिनी (सुपुत्री), प्रत्युष प्रथम (सुपुत्र) एनडीए के सभी सम्मानित साथी एवं अन्य गणमान्य लोग।

पिकअप पर लदा 156 किलो गांजा बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चेनारी। कुदरा-चेनारी स्टेट हाइवे पथ पर मलहर गांव के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक पिकअप से शुक्रवार को 156 किलो गांजा बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि पिकअप संख्या जेएच 10 सीएन 2746 रुई से लदी हुई कुदरा के तरफ से आ रही थी, लेकिन मलहर गांव के मिट्टी घर के आगे जाकर पिकअप रुक गई। पुलिस के आते देखकर चालक फरार हो गया। पुलिस शक के आधार पर जब वाहन की जांच कराई तो रुई के अंदर 156 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस



बल ने गाड़ी को थाने लाया गया और गांजा व वाहन को जब्त की गई। इस संबंध में गाड़ी के चालक व मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कौन इस धंधा से जुड़े हुए हैं पता लगाया जा रहा है। बता दें कि चेनारी में इन दिनों भारी मात्रा में गांजा की तस्करी हो रही है। पुलिस द्वारा भी लगातार छापेमारी की जा रही है। बाजार में कई जगह गांजा की बिक्री हो रही है। पुलिस सूचना पर छापामारी भी करती है।

एनडीए की प्रचंड जीत पर डिहरी में जश्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद पूरे डिहरी में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। डिहरी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित लोजपा प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह की जीत की खबर आते ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह एवं भाजपा युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता अमित कुमार पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हनुमान मंदिर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया और



भगवान हनुमान जी से आशीर्वाद लिया। इसके बाद शहरवासियों के बीच मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व के नाम पर वोट किया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति जनता ने पुनः विश्वास जताते हुए एनडीए को प्रचंड बहुमत दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में डिहरी सहित पूरे बिहार में विकास की गति और तेज होगी और जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने वाला शासन मिलेगा। इस मौके पर भाजपा नेता प्यारेलाल ओझा, कुंवर सिंह, धनंजय शर्मा सहित काफी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।

उपेंद्र कुशवाहा ने दी एनडीए कार्यकर्ताओं को बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। रालोमो प्रमुख राज्य सभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के प्रचंड बहुमत के लिए बिहार की जनता के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत बिहार की जनता द्वारा डबल इंजन सरकार के कार्यों पर लगाई गई मोहर के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व एवं एनडीए के घटक दलों के बीच मजबूत एकजुटता को जनता के



द्वारा दिया गया आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि इस जीत में एनडीए के सभी कार्यकर्ता बराबर के हकदार हैं। सभी को दिल से बधाई। मौके पर भाजपा नेता अखिलेश सिंह ने फूलों का माला पहना कर रालोमो प्रमुख को बधाई दी। दिनारा के रालोमो के नवनिर्वाचित विधायक आलोक सिंह भी मौजूद थे।

एनडीए की जीत पर डिहरी सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं में खुशी, मिठाई बांटकर दी बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। एनडीए की प्रचंड विजय पर डिहरी अनुमंडल सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने बैरिस्टर सिंह के नेतृत्व में हर्ष व्यक्त करते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ऐतिहासिक बहुमत हासिल होने पर बधाई दी। जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने कहा कि देश की जनता ने एक बार फिर विपक्षी दलों को नकारते हुए एनडीए के विकास कार्यों और स्थिर नेतृत्व पर भरोसा जताया है। उन्होंने इसे जनादेश का सम्मान बताते हुए कहा कि यह जीत जनता की आशाओं और विश्वास की जीत है। बैरिस्टर सिंह ने बताया कि डिहरी सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर एनडीए की जीत का जश्न मनाया और मिठाई वितरण किया। इस अवसर पर जदयू महासचिव अधिवक्ता महेश कुमार, पंकज सिंह, भाजपा नेता बिनोद पाठक, अनूप कुमार, दिनेश पासवान, रवीन्द्र कुमार, प्रदीप, सुरेश कुमार समेत कई अधिवक्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गया-नई दिल्ली के बीच यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष ट्रेन का संचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को ध्यान में रखते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा गया और नई दिल्ली के बीच एक विशेष ट्रेन संख्या 03641/03642 का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन केवल एक-एक फेरे के लिए निर्धारित की गई है जिसमें ट्रेन संख्या 03641 गया से नई दिल्ली के लिए 15 नवम्बर 2025 को चलेगी जबकि ट्रेन संख्या 03642 नई दिल्ली से गया के लिए 16 नवम्बर 2025 को चलाई जाएगी। इस विशेष ट्रेन में कुल 14 कोच होंगे जिनमें शामिल हैं- 1 सामान्य श्रेणी ब्रेक वैन कोच, 1 सामान्य श्रेणी पावर कार, 4 द्वितीय श्रेणी सामान्य (अनारक्षित) कोच, 1 द्वितीय श्रेणी चेयर कार (गैर-वातानुकूलित), 7 स्लीपर श्रेणी कोच (गैर-वातानुकूलित)।

03641 गया से नई दिल्ली के लिए समय एवं ठहराव इस प्रकार हैः गया से प्रस्थानः 16:30 बजे, अनुग्रह नारायण रोड 17:08 / 17:10, डिहरी ऑन सोन 17:24 / 17:26, सासाराम 17:44 / 17:46, भभुआ रोडः 18:16/ 18:18, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.: 19:45 / 19:55, प्रयागराज जं.: 22:55/ 23:00, गोविंदपुरीः 01:35 / 01:40, नई दिल्ली आगमनः 12:00 बजे (16 नवम्बर), 03642 नई दिल्ली से गया के लिए समय एवं ठहराव इस प्रकार है- नई दिल्ली से प्रस्थानः 14:00 बजे, गोविंदपुरीः 19:55 / 20:00, प्रयागराज जं.: 01:10 / 01:15, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.: 05:45 / 05:55, भभुआ रोडः 06:30 / 06:32, सासारामः 07:07 / 07:09, डिहरी ऑन सोनः 07:25 / 07:27, अनुग्रह नारायण रोडः 07:43 / 07:45, गया आगमनः 08:55 बजे (17 नवम्बर)। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व समय सारणी की पुष्टि कर लें एवं अनारक्षित श्रेणी में यात्रा हेतु समय से स्टेशन पर पहुंचे।

नेहरू जी का समाजवाद केवल आर्थिक सिद्धांत नहीं जीवन दर्शन भी : डॉ. विवेकानंद मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच के तत्वावधान में विचार संगोष्ठी का आयोजन डॉक्टर विवेकानंद पथ, गोल बगीचा में किया गया। इस अवसर पर नगर के अनेक विद्वान, अध्यापक, समाजसेवी, छात्रगण एवं गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार प्रकट की है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी आचार्य पंडित सच्चिदानंद मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि बालक ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचना है, उनके भीतर जो निष्कलुशता एवं सत्य का भाव है वही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। वर्तमान युग में बालक अनेक प्रलोभनों से विचलित हो रहा है। अतः अभिभावक एवं शिक्षक वर्ग का कर्तव्य है कि वह उन्हें धर्म नीति और संस्कार की जड़ों से जोड़े रखें। आचार्य मिश्रा ने कहा कि यदि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का साधन बन कर रह जाए तो समाज का पतन निश्चित है, शिक्षा का लक्ष्य सदाचार और राष्ट्र सेवा होना चाहिए। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले रहे सम्मानित साहित्यकार आचार्य राधा मोहन मिश्रा माधव ने कहा कि आज का युग यंत्रों और सुविधाओं का योग बन गया है, परंतु नैतिकता और संवेदनशीलता की कमी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। यदि बालक संस्कारहीन हो गए तो समाज का भविष्य अंधकार में हो जाएगा। ज्योतिष शिक्षा एवं शोध संस्थान के निदेशक डॉ ज्ञानेश भारद्वाज ने कहा कि पंडित जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रत्येक शिक्षक एवं अभिभावक को प्रेरणा लेनी चाहिए कि किस प्रकार बालकों के हृदय में स्नेह और प्रोत्साहन का बीज बोया जाता है। इसके अलावा जिन व्यक्तियों ने अपने विचार प्रकट की है उनमें संरक्षक चरण बाबू डालमिया, डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह, डॉक्टर रवींद्र कुमार, रूबी कुमारी, बबलू बाबा, रानी मिश्रा, आचार्य सुनील कुमार पाठक, अमरनाथ पांडे, अक्षय कुमार मिश्रा, डॉक्टर छोटे बाबू, महेश मिश्रा, डॉक्टर मंटू मिश्रा, शोभा देवी, अशोक कुमार गुप्ता, देवेंद्र नाथ मिश्रा, किरण पाठक, नेहा कुमारी, रंजू देवी, मृदुल मिश्रा, फूल कुमारी, मोहम्मद मुजीब अंसारी, महेंद्र दास निरंकारी, नरेश कुमार, अधिवक्ता राशिद मसूद, रजनी कुमार, डॉ मनाली, रश्मि रंजीनी पांडे, मनीष कुमार, डिंपल कुमारी, ज्योति कुमार, तरन्नुम तारा, तस्लीम नुसरत, आयशा परवीन, इशरत जमील, अधिवक्ता दीपक पाठक, विश्वजीत चक्रवर्ती, ऋषिकेश गुर्दा, शंभू गुर्दा आदि उल्लेखनीय थे। सभा की अध्यक्षता करते हुए डॉ. विवेकानंद मिश्र ने अपने सारगर्भित विचारों में कहा कि भारत की आत्मा उसके बालकों में निवास करती है। आज के बालक ही कल के राष्ट्रनिर्माता हैं। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू यह मानते थे कि जातिगत पूर्वाग्रह, कट्टर धर्मान्धता तथा सामाजिक विषमता में व्यवहार, बुद्धिमता एवं संतुलित विचारों के द्वारा ही सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तन लाया जा सकता है।

पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की ओर से निबंध, ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय की ओर से बाकले अधिकारी क्लब, डी.डी.यू. में मंडल रेल स्तर पर 14.09.2025 एवं 21.09.2025 को किड्स कॉनर स्कूल, यूरोपियन कॉलोनी, डी0डी0यू0 में आयोजित निबंध एवं ऑन-द-स्पॉट ऑल इण्डिया ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगीता 2025 के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 30 बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान इन बच्चों की कड़ी मेहनत एवं समर्पण की सराहना की गई। कार्यक्रम की सराहना



करते हुए संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से व्यक्तिगत विकास, कौशल विकास और भविष्य के अवसरों में महत्वपूर्ण लाभ मिलते हैं। ये गतिविधियां रचनात्मकता को पोषित करती हैं, संवाद को बेहतर बनाती हैं और आत्मविश्वास का निर्माण करती हैं साथ ही प्रतिभा प्रदर्शन और बहुमूल्य प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। इस अवसर पर संगठन की सचिव शालीनी भूषण, कोषाध्यक्ष प्रियांशु यादव, संयुक्त सचिव श्रीमती वैष्णवी, मीता नारी, स्कूल सचिव श्रीमती दीपिका, श्रीमती अस्वती, सोमा चटर्जी आदि सदस्याएं उपस्थित रहे।

पूर्व रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं.: 139, 140, 142 एवं 143 दिनांक 13.11.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. :139-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में महाराजपुर, सकरीगली, करमटोला, मिर्जाचौकी, अम्मापाली हाल्ट, लक्ष्मीपुर भोरंग हाल्ट और बिक्रमशिला स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशन भवन, प्लेटफार्म सतह के सुधार के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु.7,67,11,952.93, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 140- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थान** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन साहिबगंज-भागलपुर खंड में सीमित ऊंचाई के सबवे सं. 1 और 5 में जल निकासी व्यवस्था में सुधार, विभिन्न ग्राउटिंग को भरना और संप (हौज) के आकार में वृद्धि एवं अन्य सहायक कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,76,11,969.85, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 142- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थान** : मंडल अभियंता/I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के अधीन नोआपाड़ा, महिपाल, महिपाल रोड, पोड़ाडांगा, बड़हरवा, तिनपहाड़ में जलापूर्ति एवं जल निकासी सुविधाओं सहित प्लेटफॉर्म सरफेस वाटर बूथ, स्टेशन भवनों के सुधार के प्रावधान कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,35,49,618.78, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 143- एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** मंडल अभियंता/I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के तहत धुलियान गंगा में स्टेशन एप्रोच रोड के सुधार के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,63,01,835.83, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 05.12.2025 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1, 2, 3 एवं 4 प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें।

MLD-227/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

जनता के विश्वास, सुशासन और विकास की जीत : जीतनराम मांझी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिले जनसमर्थन पर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि यह परिणाम जनता के विश्वास, सुशासन और विकास की जीत है। बोधगया स्थित अपने आवास पर शुक्रवार को उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ लोग भ्रमित हो गए थे, लेकिन इस बार जनता पूरी तरह सजग रही और जितनी उम्मीद थी उससे अधिक सीटें एनडीए को मिली है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद एनडीए बैठकर विस्तृत समीक्षा करेगा। जनता ने जिस भरोसे के साथ मतदान किया है, नई सरकार उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन की उपलब्धियों को लगातार जनता के बीच रखा गया और लोगों ने इसे स्वीकार करते हुए एनडीए को अपार बहुमत दिया है। उन्होंने बिहार की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि मतदाताओं ने एक मजबूत सरकार के लिए अपने मताधिकार का सही उपयोग किया है। नई सरकार के मंत्रिमंडल में चिराग पासवान की भूमिका से जुड़े सवाल पर मांझी ने कहा कि इस पर विचार बाद में किया जाएगा।

आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर, डिहरी में बाल दिवस समारोह संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में 14 नवंबर 2025 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती 'बाल दिवस' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह की शुरुआत पंडित नेहरू की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह, उपनिदेशक रंजन कुमार सिंह एवं सभी शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि चाचा नेहरू बच्चों के प्रेरणा स्रोत थे और उन्होंने हमेशा बच्चों को देश का भविष्य



बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों को सही मार्गदर्शन, अनुशासन और मूल्य आधारित शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों ने भी नेहरू जी के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भाषण, चित्रकला और खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ऑन लाईन ई-निविदा (एकल) आमंत्रण सूचना संख्या ईएल/50/दानापुर/एस टी/30/2025-26

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उन संवेदकों से निविदा पत्र में वर्णित शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई-निविदा (एकल) निविदा आमंत्रित करते हैं।

निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर/एस टी/30/2025-26

1. कार्य का नाम : दानापुर मंडल में 03 वर्ष की अवधि के लिए पावर कारों में लगे डीजी सेट (500 केवीए, मेक-ग्रीव्स) और एलएसएलआरडी के एस्कॉर्टिंग और संचालन सहित व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी), 2. अनुमानित लागत : ₹13,15,97,539.17, 3. अग्रधन राशि : ₹8,08,000/- 4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 04.12.2025 को 12.00 बजे तक निर्धारित है, 5. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय : क्रिस वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. वरीय मंडल बिजली इंजीनियर(सामान्य) का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर

नोट : (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा॰)/
पूमरे/दानापुर

पीआर/1274/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25-26/40

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा। **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.: 172_2025-26 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरणः** डीईएन/IV/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बीरभूम जिले में खाना-रामपुरहाट खंड में किमी 33/340-88/0, सांइथिया-गुमानी खंड में किमी 88/0-142/500 और रामपुरहाट-दुमका खंड में किमी 100/0-114/0, पाकुड़ जिले में सांइथिया-गुमानी खंड में किमी 142/500-161/500, दुमका जिले में रामपुरहाट-दुमका खंड में किमी 114/0-162/200, पूर्व बर्द्धमान जिले में खाना-रामपुरहाट खंड में किमी 1/0-33/340 और साहिबगंज जिले में सांइथिया-गुमानी खंड में किमी 161/500-172/200 में भूमि योजनाओं (लैंड प्लान) का डिजिटलीकरण और प्रमाणन। **अनुमानित मूल्य :** रु.1,12,12,056.24, **बयाना राशिः** रु. 2,06,100/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.: 173_2025-26 वरिष्ठ डीईएन/4/ एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/बोलपुर, एसएसई/पी.वे/सांइथिया, एसएसई/पी.वे/रामपुरहाट के तहत 2 वर्ष की अवधि के लिए नियमित आधार पर विभिन्न ट्रैक और अन्य रेलवे सामग्रियों की लोडिंग, अनलोडिंग और परिवहन सहित वाहन को किराए पर लेना। **अनुमानित मूल्य :** रु.58,19,342.44, **बयाना राशि :** रु.1,16,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य (क्रम सं. 1 और 2 प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 हेतु), स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह (क्रम सं. 2 हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 05.12.2025 को 14.00 बजे (क्रम सं. 1 और 2 प्रत्येक हेतु)। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-397/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

नवादा से सभी क्षेत्रों के परिणाम हुए घोषित, प्रमाण पत्र का इंतजार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नवादा जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। चुनाव परिणाम में एक महागठबंधन और चार एनडीए के प्रत्याशी विजय घोषित हुए हैं। हिसुआ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनिल सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी व निवर्तमान विधायक नीतू सिंह को पराजित कर सफलता हासिल की है। वही, रजौली सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से लोजपा आर टिकट पर चुनाव लड़ने वाले विमल राजवंशी ने राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी पिंकी भारती को पराजित कर सफलता हासिल की है। नवादा विधानसभा क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी विभा देवी ने पूर्व विधायक व राजद प्रत्याशी कौशल यादव को लगभग 30 हजार मतों के अंतर से पराजित कर सफलता हासिल की है। वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र से सरदार अशोक महतो की पत्नी व राजद प्रत्याशी अनिता कुमारी ने निवर्तमान विधायक



अखिलेश सरदार की पत्नी अरुणा देवी को पराजित कर सफलता हासिल की है। गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से लोजपा आर की प्रत्याशी भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता की पत्नी विनीता मेहता ने गोविंदपुर की पूर्व विधायक राजद प्रत्याशी पूर्णिमा यादव को काफी मतों से पराजित कर जीत दर्ज करने में सफलता प्राप्त की है। रिजल्ट आने के बाद सारे प्रत्याशी प्रमाण पत्र लेने के लिए मतगणना केंद्र के अंदर इंतजार कर रहे हैं।

अपनी सीट बचाने में सफल रही नवादा विधायक विभा देवी



नवादा। जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र पर परिणाम उलट फेर हुए हैं। पहले के सारे विधायक चुनाव हार चुके हैं, परंतु सिर्फ और सिर्फ नवादा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित रही विभा देवी अपना सीट बचाने में सफल रही। नवादा विधानसभा क्षेत्र से राजद की विधायक रही पूर्व राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद की पत्नी विभा देवी पार्टी को छोड़ने के बाद सत्ताधारी पार्टी जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण की और जदयू के टिकट पर ही विधानसभा चुनाव लड़ी। ऐसे तो जातीय समीकरण के अनुसार उन्हें पहले यादव और मुसलमान का वोट मिलता रहा है। परंतु, पार्टी बदलने के साथ ही इन दोनों जातियों की वोट उन्हें कम मात्रा में प्राप्त हुई। एनडीए गठबंधन में शामिल होने से उन्हें एनडीए का एक बहुत बड़ा वोट बैंक उनके हिस्से में प्राप्त हुआ। बाजार और फॉरवर्ड क्लास की वोट उन्हें प्राप्त हुई, जिससे वे नवादा विधानसभा की सीट पर रिनुअल कराने में सफल रहे। लगभग 30 हजार से अधिक मतों से चुनाव जीतने पर उनके समर्थकों में काफी खुशी देखी जा रही है। विभा देवी की जीत को पूर्व मंत्री राजवल्लभ प्रसाद ने नवादा की जनता की जीत बताया है तथा कहा है कि अन्याय के खिलाफ मैं हमेशा लड़ा हूं और आगे भी लड़ता रहूंगा। जो भी विकास कार्य बाकी होगा उसे पूरा करने का हर कदम प्रयास करूंगा ।

बिहारशरीफ में एनडीए की प्रचंड विजय पर झूमे कार्यकर्ता



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए की प्रचंड विजय पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहारशरीफ में खुशियां मनाते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर लड्डू खिलाते हुए खूब जयकारे लगाए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि यह जनता की जीत है, बिहार की मां बहनों और सम्मानित जनता जनार्दन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार को अपना भरपूर आशीर्वाद दिया है। जिस प्रकार एनडीए सरकार ने बिहार को जंगलराज के बदहाली से निकालकर विकास के पथ पर लाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनकल्याणकारी योजनाओं ने बिहार की माताओं, बहनों सहित समस्त जनता के हितों का ख्याल किया। उसी के फलस्वरूप यह जीत एक सुखद परिणाम है। हम बिहार के समस्त जनता का आभार व्यक्त करते हैं साथ यह विश्वास जताते हैं कि एन डी ए सरकार आगे भी जनकल्याण में दिन रात मेहनत करते हुए बिहार का सर्वांगीण विकास कर करेगी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, सुधीर कुमार, डा अशुतोष कुमार, तेजस्विता राधा, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, जिला मंत्री अमरेश कुमार, प्रवीण सिंह, रंजू कुमारी, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, आइटी सेल संयोजक अमित शान, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार चंद्रवंशी, अनूसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मणिकांत पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरव जैन, नीतीश कुमार पिंटू, प्रवीला देवी, अमरकांत भारती, मुन्ना पांडेय, मुरली मनोहर,प्रशांत भदानी, प्रेम सागर पासवान, राजवीर सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

अनिल सिंह ने की वापसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिले का हिसुआ विधानसभा क्षेत्र भूमिहार बाहुल्य क्षेत्र माना जाता है। यहां मुख्य मुकाबला मुख्य रूप से कांग्रेस प्रत्याशी नीतू सिंह और भाजपा प्रत्याशी अनिल सिंह के बीच हो रहा था। अपने-अपने गढ़ किला को बचाने के लिए दोनों ओर से जी तोड़ मेहनत किया गया। तीन बार के विधायक रहे अनिल सिंह को हराकर विधायक बनी नीतू देवी फिर से सीट हासिल कर पाने में सफलता नहीं प्राप्त की। वही तीन बार के विधायक के बाद हार का झटका से उबरे अनिल सिंह ने फिर से हिसुआ विधानसभा पर अपना कब्जा जमा कर किला मजबूत करने में सफलता हासिल की। लोग तरह-तरह के अनुमान लगा रहे थे, वोटों का बिखराव को लेकर भी कई चर्चाएं हुई, परंतु जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र पर मुख्य रूप से एनडीए गठबंधन और महागठबंधन के बीच मुकाबला हो रहा था। अपने समर्थ को और वोटरों को गोल बंद करने में अनिल सिंह सफल रहे और एक बार फिर से अपना गद्दी को हासिल किया। वहीं काफी तिकड़म, माफीनामा के बाद भी मतदाताओं ने नीतू कुमारी पर भरोसा जताने से परहेज किया और उनका रिन्यूवल नहीं हो पाया। इस तरह के कई मामले पूरे बिहार में देखने को मिल रहे हैं। लेकिन हिसुआ की राजनीति भूमिहार के दो ध्रुवीकरण के बीच हो रहा था जिसमें अनिल सिंह बाजी मार ले गए।

एनडीए की जीत पर बांटी मिठाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। एनडीए की धुआंधार जीत एवं नवादा विधायक विभा देवी की जीत पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस ब्रिगेड के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी मनीष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में प्रजातंत्र चौक नवादा में मिठाई का वितरण सभी लोगों के बीच किया गया। सभी ने नीतीश कुमार जिंदाबाद, एनडीए गठबंधन जिंदाबाद, विभा देवी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस कार्यक्रम में विष्णु कुमार सिंह, संजीव सिन्हा, अविनाश सिन्हा, लल्लू सिन्हा, भारत भूषण सिन्हा मंटू कुमार साजन कुमार पंकज वर्मा अमरदीप सिन्हा पवन कुमार रजनीश अकेला दिलीप यादव इत्यादि संगठन के सदस्यों ने खुशी में कहा कि नीतीश कुमार चौहान बिहार का विकास की गति बढ़ाएंगे कि हम सभी लोगों का विश्वास है। समाजसेवी मनीष



कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार में सुख शांति से निधि और विकास की सरकार का फिर से आना यह साबित करता है कि बिहार अब पूरी तरह बदल रहा है जिसमें जात-पात की दीवार टूट गई है और सिर्फ विकास की बात हो रही है।

एनडीए से विमल राजवंशी ने 3,953 वोट से जीत दर्ज की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। रजौली विधानसभा 235 (सुरक्षित) से कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे,जिनमें 8 विभिन्न दलों से एवं 3 निर्दलीय शामिल थे।इनमें एनडीए के लोजपा (राम विलास) से विमल राजवंशी को 90272,महागठबंधन के राजद से पिंकी भारती को 86319, बहुजन समाज पार्टी से अखिलेश कुमार को 3832,जनसुराज पार्टी से नरेश चौधरी को 3321,जनशक्ति जनता दल से प्रकाश वीर को 2856, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी से प्रतिमा कुमारी 2262, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से चन्दन राजवंशी 2160,आम आदमी पार्टी से रंजीत कुमार को 1206 एवं निर्दलीय



से गोरेलाल चौधरी को 1013, रामानंदन चौधरी को 1054 एवं विजय कामेश्वर पासवान को 2120 वोट प्राप्त हुआ।वहीं नोटा में 4286 मतदाताओं ने वोट किया।

रजौली विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 330746 है,जिनमें पुरुषों की संख्या 172306, महिलाओं की संख्या 158427 एवं ट्रांसजेंडर की संख्या 17 है। कुल मतदाताओं में लगभग 60% से कुछ अधिक मतदान हुआ,जिनमें कुल मतदाताओं में 200701 वैध मत रजौली विधानसभा से मतदगणना में शामिल था। एनडीए के विमल राजवंशी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी महागठबंधन की पिंकी भारती से 3953 वोट अधिक लाकर विजई घोषित हुए। क्षेत्र के विकास के नाम पर जीत दर्ज होने के बाद नवनिर्वाचित विधायक विमल राजवंशी को फोन,मैसेज एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बधाइयां देने वालों का तांता लगा रहा। वहीं समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं पटाखे फोड़कर खुशी जताई।

नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा में मनी जीत की होली



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। एनडीए की जीत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा में होली और दिवाली मनी। महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगा जीत की बधाई दी। आतिशबाजी की। ढोलक और झाल के साथ महिलाओं ने खुशी के गीत गाई। खासकर महिलाएं अधिक उत्साहित दिखीं। महिलाओ ने कहा कि मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास हुआ। महिलाओं को सशक्त करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बड़ी भूमिका रही। चुनाव परिणाम आने से पूर्व ही ग्रामीणों ने होली- दिवाली मनाने की तैयारी कर रखी थी।

नालंदा में एक बार फिर चला नीतीश कुमार का जादू, सातों विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए की जीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा में एक बार फिर चला नीतीश कुमार का जादू, सातों विधानसभा क्षेत्र में एनडीए की जीत हुई है। 171 अस्थावां विधानसभा क्षेत्र जदयू प्रत्याशी डा. जितेन्द्र कुमार को कुल 90 हजार 542 मत मिले जबकि राजद प्रत्याशी प्रतिद्वंदी रविरंजन कुमार को 49 हजार 834 मत मिले। इस प्रकार जदयू प्रत्याशी जितेन्द्र ने निकटतम प्रतिद्वंदी को 40 हजार 708 मतों से पराजित कर दिया। इसी तरह 172 बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र से डा. सुनील कुमार छठी बार बिहारशरीफ विधानसभा के विधायक बने। 172 बिहारशरीफ भाजपा प्रत्याशी डा. सुनील कुमार को 109304 वोट मिले जबकि कांग्रेस प्रत्याशी उमैर खान को 80 हजार 136 मत से संतोष करना पड़ा। जीत हार का अंतर 29, 168 वोट का रहा। इसी तरह 173 राजगीर विधानसभा क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी



कौशल किशोर को 1,07, 811 मत मिले जबकि कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी विश्वनाथ चौधरी को 52, 383 वोट मिले। जीत हार का अंतर 55, 428 मत का रहा।

2025 में फिर मिली कौशल किशोर जदयू को जीत। इसी तरह 174 इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र से जद यू प्रत्याशी रुहेल रंजन को 1,00487 व निकटतम प्रतिद्वंदी राजद प्रत्याशी राकेश रौशन को कुल 68,248 मत मिले। जीत हार का अंतर 32239 रहा। इस्लामपुर विजेता रुहेल रंजन पहली बार जदयू के



टिकट पर लड़े और जीत हासिल की। रुहेल रंजन के पास वैश्विक शिक्षा, सशक्त उद्यमिता और प्रभावशाली राजनीतिक विरासत है। इस्लामपुर के युवा उद्योगपति रुहेल रंजन आज वैश्विक व्यापार, निवेश और ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से उभरते हुए नेतृत्वकर्ता हैं। उनका पैतृक गांव एकंगरसराय प्रखंड के सोनियावां पंचायत का खुशहालपुर है। मजबूत पारिवारिक राजनीतिक विरासत, विदेश में उच्च शिक्षा और बहुआयामी उद्यमिता ने उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशेष पहचान दी है। रुहेल रंजन



ऐसे परिवार से आते हैं, जिसकी तीन पीढ़ियों ने बिहार और राष्ट्रीय राजनीति को दिशा दी है। उनके नाना प्रोफेसर सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह इंदिरा गांधी मंत्रिमंडल में केंद्रीय मंत्री, बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री, त्रिपुरा के राज्यपाल और नालंदा से चार बार सांसद रहे। वहीं दादा रामशरण प्रसाद सिंह प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष, कई बार विधायक-विधान पार्षद तथा बिहार के विभिन्न मुख्यमंत्रियों के शासनकाल में मंत्री पद पर रह चुके हैं। उनके पिता राजीव रंजन भी 2010 में इस्लामपुर से जनता



दल (यू) के विधायक चुने गए और झारखंड तथा छत्तीसगढ़ विद्युत बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। इसी तरह 175 हिलसा विधानसभा क्षेत्र से जद यू प्रत्याशी कृष्ण मुरारी शरण को 96009 मत प्राप्त हुए जबकि राजद प्रतिद्वंदी अतरी मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव को 79997 मत मिले। जीत का अंतर 16,012 रहा। इसी तरह 176 नालंदा विधान सभा क्षेत्र से जद यू प्रत्याशी श्रवण कुमार को 105432 मत प्राप्त हुए वहीं प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी कौशलेन्द्र कुंमार



को 72, 424 मत से संतोष करना पड़ा। जीत का अंतर 33008 रहा। 1995 से लगातार इस सीट पर आठवीं बार श्रवण कुमार ने जीत हासिल की है। सन् लगातार कैबिनेट मंत्री के रूप में क्षेत्र की सेवा करते आ रहें हैं। इसी तरह 177 हरनौत विधानसभा क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी हरिनारायण सिंह 106954 मत मिले जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी अरुण कुमार को 58, 619 मतों से संतोष करना पड़ा। जीत का अंतर 48 हजार 335 रहा।

कड़ी सुरक्षा के बीच नवादा में वोटों की गिनती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। 14 नवंबर को पूरे बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव के परिणाम की गणना नवादा में भी काफी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 6:30 बजे शुरू हुई। नवादा के कन्हाई लाल साहू कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र पर पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगाया गया था। वाहनों की आवागमन भी रोक लगा दी गई तथा अवांछित तत्वों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। कन्हाई लाल साहू स्कूल से लेकर कन्हाई लाल साहू कॉलेज तक चप्पे चप्पे पर फोर्स की तैनाती की गई थी। जिसकी मॉनिटरिंग खुद पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान कर रहे थे। मतगणना केंद्र के प्रवेश करने पर भी मुख्य द्वार पर काफी सख्ती से मेटल डिटेक्टर के द्वारा जांच किया जा रहा था । मतगणना केंद्र के भीतर भी काफी सुरक्षा व्यवस्था



किया गया था ।अलग-अलग मतगणना हॉल बनाए गए थे । सभी मतगणना केंद्र पर अधिकारी के साथ-साथ चुनाव अभिकर्ता और काउंटिंग एजेंट को भी लगाया गया था। मतगणना केंद्र के भीतर प्रवेश कर रहे लोगों की वीडियोग्राफी भी प्रशासनिक स्तर से कराई जा रही थी, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका नहीं रहे। सीआइएसफ , सीआरपीएफ तथा बिहार पुलिस के जवानों के द्वारा सख्त निगरानी रखे जा रही थी। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के द्वारा चुनाव शुरू होने की घोषणा के साथ ही मतगणना केंद्र का कई बार जायजा लिया गया। व्यवस्था को भी देखा गया और जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती करने का भी निर्देश दिया गया। मतगणना केंद्र स्थल के आसपास वाहनों तक की दो पहिया वाहन का भी परिचालन बिल्कुल रोक दिया गया था। खुद पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के वाहन भी कन्हाई लाल साहू स्कूल के प्रांगण में लगाया गया। पुलिस बल की तैनाती से किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका नहीं रह जाती है।

दो पक्षों में मारपीट सात लोग जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज,नवादा। थाना क्षेत्र के पेश गांव में गुरुवार को देर शाम में दो पक्षों में विवाद हो गया। इस घटना में सात लोग जख्मी हो गए। जख्मी हालत में इलाज के लिए सीएचसी नारदीगंज में दाखिल कराया गया। जहां कार्यरत चिकित्सक ने केंद्र में आये सभी जख्मियों का प्राथमिक इलाज किया। जख्मियों में पेश गांव के रामस्वरूप राजवंशी(62 वर्ष),सुलेखा देवी (35 वर्ष),चंपा देवी(30 वर्ष) केसर राजवंशी (70 वर्ष) पुष्पा देवी(35 वर्ष) ,पिंटू कुमार(22 वर्ष) के अलावा रविन्द्र कुमार(28 वर्ष) बताए गए है।

मीडिया सेंटर पर पूरे दिन जमे रहे लोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नवादा के के एल एस कॉलेज स्थित केंद्र पर मतगणना कार्य को संपादित करने एवं उसके पल-पल की जानकारी देने के लिए प्रशासन के द्वारा मीडिया सेंटर बनाया गया था । जहां एक बड़े से टीवी लगाई गई थी, इस टीवी पर नजर गड़ाएं लोग सुबह से शाम तक जम रहे। पल-पल की बिहार भर की खबर देखने के लिए लोगों की भीड़ जमी रही। मीडिया सेंटर में मीडिया के लगभग तीन दर्जन से अधिक पत्रकार पल-पल की रिपोर्ट लेते रहे और लोगों को इसकी जानकारी देते हैं। वहीं इसी मीडिया सेंटर



पर बड़े से लगा टीवी में बिहार की रुझान, महागठबंधन की रुझान, एनडीए की रुझान देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। पल-पल बदलती तस्वीर पर लोगों की पाल-पल प्रतिक्रिया भी मिलती रही। कई लोग इसे नीतीश कुमार के विकास की जीत कहते हैं, तो कुछ का कहना है कि नीतीश कुमार और एनडीए ने जो जलवा दिखाया वह लोगों के बीच काम कर गया। इस बीच मीडिया सेंटर पर कई लोग का जमाबड़ा रहा। कई प्रत्याशी भी अपने रिजल्ट जानने के लिए जमें रहे।

शराब के साथ एक कार सवार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने एक कार में सवार रहे एक व्यक्ति को शराब के साथ गिरफ्तार किया एवं कार को जब्त किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध के आलोक में जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है,जिसका नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व कर रहे हैं। जांच के क्रम में कार में सवार रहे झारखंड



के पूर्वी सिंहभूम जिला निवासी धर्मदेव सिंह के पुत्र मनोज सिंह के पास से लगभग डेढ़ लीटर शराब बरामद किया गया। जब्त शराब व कार के साथ गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

पेंशनर भवन में बाल दिवस मनाया गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज,नवादा। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती बाल दिवस के रुप में पेंशनर भवन नारदीगंज में हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर उपस्थित लोगों ने चाचा नेहरू के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। सचिव श्रीकांत सिंह,सियाशरण दास, रामशरण सिंह समेत अन्य लोगों ने चाचा नेहरु के विचारों को आत्मसात किया।


मतगणना केन्द्र के बाहर व भीतर सुरक्षा ऐसी की परिंदा भी न मार सके पर

बिहारशरीफ। नालंदा कालेज बिहारशरीफ मतगणना केन्द्र के भीतर व बाहरी इलाके में सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया गया था। शुक्रवार को अल सुबह से ही शहर के अधिकांश चौक-चौराहों पर सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया गया था। ऐसी व्यवस्था थी की मतगणना केन्द्र तो दूर आसपास में भी किसी बाहरी तत्वों को फटकने की हिम्मत नहीं हुई। नालंदा कालेज स्थित मतगणना केन्द्र के मुख्य द्वार पर बिना पहचान पत्र किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही थी। यहीं नहीं मुख्य गेट व मतगणना केन्द्र में प्रवेश करने वाले तमाम लोगों की मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही भीतर जाने की अनुमति दी जा रही थी। जिले के तमाम प्रशासनिक व पुलिस के वरीय पदाधिकारी पूरे दिन मतगणना केन्द्र का मानीटरिंग करते रहे।

लोजपा (आर) के विमल राजवंशी की ऐतिहासिक जीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में रजौली सुरक्षित सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उम्मीदवार विमल राजवंशी ने शानदार जीत दर्ज की है। उनकी जीत की घोषणा होते ही पूरे रजौली क्षेत्र में दिवाली जैसा उत्सव शुरू हो गया। राजद की उम्मीदवार पिंकी भारती को कड़े मुकाबले में 3953 वोट से हराकर यह सीट जीतने के बाद, उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। विमल राजवंशी की जीत की खबर मिलते भाजपा कार्यालय और प्रमुख चौराहों पर समर्थकों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान दीपक



कुमार मुन्ना, रंजन कुमार बब्लू, रंजीत सिंह,रंजय सिंह, अधिवक्ता संजय कुमार, गौरव शांडिल्य गगन, अमरेश सिंह, गौरव कुमार, संतोष कुमार, शोलू रीनू रंजन, शशांक कुमार,अमरेश कुमार समेत सैकड़ों लोगों ने जीत की बधाई एक दूसरे को दी एवं मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। इस दौरान युवा वर्ग के दर्जनों लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। पटाखों की गूंज से पूरा माहौल गुंजायमान हो उठा। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर खूब नाच-गाना किया। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया और जीत के नारे लगाए। लोजपा (आर) के विमल राजवंशी की इस जीत को पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने जनता का आभार व्यक्त किया और क्षेत्र के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया।

गया में रिकॉर्ड नौवीं जीत के बाद प्रेम कुमार बोले-'यह विजय मेरी नहीं, जनता की है'



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। गया विधानसभा क्षेत्र से लगातार नौवीं बार चुनाव जीतने के बाद प्रेम कुमार ने अपनी ऐतिहासिक सफलता को पूरी तरह जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह जीत व्यक्तिगत नहीं है। यह गया के गौरवशाली मतदाताओं की जीत है। जनता ने जिस स्नेह और विश्वास के साथ मुझे फिर सेवा का मौका दिया है, वह मेरे जीवन की सबसे बड़ी धरोहर है। मैं इस भरोसे को कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा 'मेरी पहली और सबसे बड़ी प्राथमिकता गया को जाम की समस्या से स्थायी राहत दिलाना है। मेट्रो सेवा, ओवरब्रिज और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल सिस्टम के लिए काम तेज गति से चल रहा है। जाम की समस्या पर मैं प्रधानमंत्री से दिल्ली में विस्तृत चर्चा कर चुका हूं। प्रेम कुमार ने बताया प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट ने उज्जैन महाकाल और वाराणसी मॉडल पर गया कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। इसके लिए करीब 1200 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। काशी कॉरिडोर का डीपीआर तैयार करने वाली वही कंपनी गया परियोजना पर भी काम करेगी। यह गया की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा मेरा लक्ष्य केवल सौंदर्यीकरण नहीं है। मैं गया को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना चाहता हूं। औद्योगिक कॉरिडोर का निर्माण शुरू हो रहा है जिससे 1,20,000 से अधिक रोजगार पैदा होंगे। यह पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा। गया के अंतरराष्ट्रीय बौद्ध तीर्थस्थल होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हर साल हजारों विदेशी यात्री यहां आते हैं। ऐसे में बेहतर सड़कें, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, स्मार्ट सुविधाएं और आधुनिक ढांचे की बहुत जरूरत है। आने वाले दिनों में शहर को स्मार्ट, सुरक्षित और विकसित बनाने की दिशा में तेजी से काम होगा। अंत में उन्होंने जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी ने जिस आत्मीयता से मेरा समर्थन किया, मैं उसके लिए सदा ऋणी रहूंगा। गया को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान दिलाने के लिए मैं दिन-रात काम करता रहूंगा। यह जीत आपकी है, गया की नई दिशा की शुरुआत है।

एमयू में भूमिहीन कृषक मजदूरों के सशक्तिकरण पर विशेष व्याख्यान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में शुक्रवार को 'भूमिहीन कृषक मजदूरों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देश के ख्यातिप्राप्त सामाजिक कार्यकर्ता श्याम प्रसाद थे जो पिछले दो दशकों से भूमिहीन किसानों के अधिकारों और कल्याण के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा लिखित एवं संपादित 30 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों से उन्हें सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने मुख्य वक्ता श्री प्रसाद को पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार घोष, डॉ. शमशाद अंसारी, डॉ. श्रद्धा ऋषि, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. दिव्या मिश्रा, प्रो. अविनाश कुमार सहित विभाग के समस्त शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित थे। अपने सारगर्भित व्याख्यान में श्याम प्रसाद ने कहा कि देश में करोड़ों भूमिहीन कृषक मजदूर आज भी अपनी स्पष्ट पहचान और कानूनी अधिकारों से वंचित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इनमें बड़ी संख्या अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदायों की है जिन्हें सदियों पुरानी जातिगत प्रथाओं और सामाजिक भेदभाव के कारण दोहरी मार झेलनी पड़ती है। भूमिहीन मजदूरों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार, समाज और शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर ठोस नीतिगत कदम उठाने होंगे। व्याख्यान अत्यंत संवादात्मक रहा। छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा अपने सवाल रखे। विक्रम कुमार, सनोज कुमार एवं अर्चना कुमारी ने मंच पर आकर भूमिहीन मजदूरों से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। सभागार में बड़ी संख्या में स्नातक, स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रो. अविनाश कुमार ने मुख्य वक्ता के विचारों का संक्षिप्त एवं सारगर्भित सारांश प्रस्तुत किया जबकि विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार घोष ने श्री प्रसाद एवं सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

गुरुआ सीट पर भाजपा के उपेंद्र प्रसाद ने 24,194 वोटों से जीत हासिल की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गयाजी। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की मतगणना में गुरुआ सीट पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के उम्मीदवार उपेंद्र प्रसाद ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 24,194 वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल कर ली। अंतिम परिणाम के अनुसार उपेंद्र प्रसाद को 99,758 वोट मिले जबकि महागठबंधन की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार विनय कुमार को 75,564 वोट प्राप्त हुए। मतगणना के शुरुआती 12 राउंड तक उपेंद्र प्रसाद 8,423 वोटों से आगे चल रहे थे और अंतिम चरणों में उनकी बढ़त लगातार बढ़ती गई। यह सीट गया जिले के अंतर्गत आती है जहां यादव, कुशवाहा और अन्य पिछड़ी जातियों का प्रभाव प्रमुख है। कुल 13 उम्मीदवार मैदान में थे, लेकिन मुख्य मुकाबला बीजेपी और आरजेडी के बीच ही रहा। 2020 के चुनाव में विनय कुमार ने भाजपा के राजीव नंदन दांगी को 6 हजार से ज्यादा मतों के अंतर से हराया था। बता दें कि इस चुनाव में गुरुआ सीट पर 11 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान हुआ था।

महागठबंधन और कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने की आवश्यकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का रिजल्ट महागठबंधन और कांग्रेस पार्टी को साथ ही विहार वासी को भी चौंकाने वाली आई है। महागठबंधन और कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। उक्त बातें शुक्रवार को रिजल्ट के नतीजे के बाद प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चंद्रिका प्रसाद यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गया सह प्रतिनिधि, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी पटना ने कही। उन्होंने कहा कि हमें भी यह रिजल्ट आश्चर्य चकित किया है जो भी रिजल्ट आया है उसे स्वीकार कर आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। इस हार से विपक्ष को सबक समझकर पुनः जनता के बीच में जाना चाहिए। इस अप्रत्याशित परिणामों से विपक्षी दलों का विपक्ष का भी अधिकार नहीं रहा।

एनडीए की प्रचंड जीत के बाद शेरघाटी में जश्न

उदय कुमार सिंह 13,524 वोटों से विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



शेरघाटी। विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र 226 में एनडीए उम्मीदवार की ऐतिहासिक जीत के उपरांत पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। विजयी परिणाम घोषित होते ही कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और अबीर-गुलाल के साथ जोरदार जश्न मनाया। मिठाइयां बांटकर समर्थकों ने अपनी खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि बिहार भर में एनडीए को मिले प्रचंड जनसमर्थन का असर शेरघाटी में भी पूरी तरह देखने को मिला है जिसे लेकर पूरे राज्य ही नहीं, बल्कि देशभर में उत्साह का माहौल है। गया जिला पश्चिमी अध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह ने बताया कि शेरघाटी की जनता ने विकास और विश्वास के मुद्दे पर एनडीए को मजबूत समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और जनता के भरोसे ने इस बड़ी जीत को संभव बनाया है। चुनावी नतीजों के अनुसार एनडीए प्रत्याशी उदय कुमार सिंह ने 77,270 मत प्राप्त कर राजद उम्मीदवार प्रमोद वर्मा को पराजित किया। राजद प्रत्याशी को 63,746 मत मिले और इस प्रकार उदय कुमार सिंह ने 13,524 मतों के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। वहीं जनसुराज उम्मीदवार पवन किशोर ने 18,982 मत प्राप्त करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। पूरे चुनावी अभियान के दौरान शेरघाटी का राजनीतिक माहौल काफी गर्म रहा। उम्मीदवारों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, वहीं मतदान के दिन मतदाताओं ने सुबह से ही कतारों में लगकर उत्साहपूर्वक वोट डाले। नतीजे आने के बाद शहर से लेकर गांव तक राजनीतिक चर्चा तेज हो गई और समर्थकों ने जगह-जगह पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। विजयी उम्मीदवार ने जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे शेरघाटी के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करेंगे।

देश के नवनिर्माण में पंडित नेहरू का योगदान अविस्मरणीय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को आज 'बाल दिवस' के रूप में पूरे देश में बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। पंडित नेहरू जी की जयंती पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डॉ. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में पंडित जवाहरलाल नेहरू के असाधारण व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने कहा, पंडित नेहरू भारत के ऐसे महान दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने देश को न सिर्फ आजादी दिलाई, बल्कि आधुनिक और सशक्त दिशा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश की औद्योगिक प्रगति, वैज्ञानिक सोच के विकास और मजबूत लोकतांत्रिक नींव रखने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने नेहरू जी के उस विश्वास को दोहराया कि देश का भविष्य उसके बच्चों में निहित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिय नेहरू जी का मानना था कि बच्चों का शिक्षा, उत्तम संस्कार और समुचित सुरक्षा हर सरकार और समाज की सर्वोपरि जिम्मेदारी होनी चाहिए। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि देश का कोई भी बच्चा मूलभूत सुविधाओं और शिक्षा से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा आज बाल दिवस के अवसर पर हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि हम पंडित नेहरू के उच्च आदर्शों को अपनाएंगे। हम हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण और एक उज्ज्वल भविष्य देने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। साथ ही समाज में शिक्षा के महत्व और जागरूकता का अधिक से अधिक प्रसार करने का संकल्प भी लें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ जिसमें सभी ने पंडित नेहरू के सपनों के भारत के निर्माण में अपना योगदान देने की प्रतिज्ञा ली।

जीबीएम कॉलेज में बालदिवस पर अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल की अध्यक्षता में कला परिषद एवं सांस्कृतिक समिति की ओर से सावित्री महाजन सभागार में बाल दिवस समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल, डॉ सहदेब बाउरी, डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ प्यारे मांझी, डॉ नगमा शादाब, डॉ कृति सिंह आनंद, डॉ बनीता कुमारी एवं उपस्थित सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन करके किया। तदोपरांत, प्रधानाचार्या ने पं. नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके पुष्पांजलि अर्पित की। महाविद्यालय परिवार ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल लाल नेहरू को उनकी 136वीं जयंती पर याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात डॉ बनीता कुमारी, डॉ अफ्शां नाहिद, डॉ नुद्रतुन निसां, डॉ विजेता लाल, डॉ वीणा कुमारी जायसवाल, डॉ वीणा कुमारी, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ रानी कुमारी, डॉ प्रमिला कुमारी, डॉ फातिमा एवं डॉ सपना पांडे ने मिले सुर मेरा तुम्हारा तथा दिल है छोटा-सा, छोटी-सी आशा जैसे चर्चित समूह गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। बालदिवस के अवसर पर टीचर्स एवं स्टूडेंट्स के बीच अंताक्षरी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व शिक्षकेतर कर्मियों की टीम के साथ छात्राओं की टीम ने हर्षोल्लास के साथ अंताक्षरी खेली जिसमें नये-पुराने गीतों का अद्भुत समन्वय देखा गया। सभी ने कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया। अंताक्षरी सत्र का संचालन डॉ वीणा जायसवाल ने किया। डॉ शुचि सिन्हा, डॉ आशुतोष कुमार पांडेय, डॉ सीता, डॉ गणेश प्रसाद, डॉ किरण कुमारी, अभिषेक कुमार, रौशन कुमार, अजीत कुमार, छात्रा अनीषा, गीतांजलि, आंचल, खुशी, राजनंदनी, वैष्णवी, श्वेता, कृति, शुभांगी ने भी अंताक्षरी में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्या द्वारा प्रस्तुत हम होंगे कामयाब गीत से हुआ।

टिकारी विधानसभा से राजद के अजय दांगी 2060 मतों से विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच/टिकारी। टिकारी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने इस बार राजद प्रत्याशी अजय दांगी पर भरोसा जताया है। परिणामों की औपचारिक घोषणा के साथ ही अजय दांगी ने अपने नजदीकी प्रतिद्वंद्वी हम पार्टी के डॉ. अनिल कुमार को 2060 मतों के अंतर से पराजित कर सीट अपने नाम कर ली। अंतिम मतगणना के अनुसार अजय दांगी को कुल 97,017 वोट प्राप्त हुए जबकि हम पार्टी के डॉ. अनिल कुमार को 94,957 मत मिले। सुबह से शुरू हुई मतगणना के दौरान दोनों प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। शुरुआती राउंड में बढ़त का अंतर कभी बढ़ता तो कभी घटता रहा, लेकिन अंतिम चरण में राजद प्रत्याशी ने निर्णायक बढ़त बना ली। परिणाम घोषित होते ही राजद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और कार्यकर्ताओं ने पटाखे चलाकर तथा एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर जीत का जश्न मनाया। वहीं हम पार्टी के समर्थकों ने परिणाम को लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान बताते हुए शांतिपूर्वक स्वीकार किया।

मनोरमा देवी ने विश्वनाथ कुमार सिंह को 2,882 वोटों के अंतर से किया पराजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गयाजी। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की मतगणना में बेलागंज सीट पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। एनडीए गठबंधन की जनता दल (यूनाइटेड) की उम्मीदवार मनोरमा देवी ने महागठबंधन की राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के उम्मीदवार विश्वनाथ कुमार सिंह को कड़े संघर्ष के बाद 2,882 वोटों के अंतर से पराजित कर दिया। अंतिम परिणाम के अनुसार मनोरमा देवी को 95,685 वोट प्राप्त हुए जबकि विश्वनाथ कुमार सिंह को 92,803 वोट मिले। मतगणना के दौरान 19 राउंड तक विश्वनाथ कुमार 3,465 वोटों से आगे चल रहे थे, लेकिन अंतिम राउंडों में मनोरमा देवी ने शानदार वापसी करते हुए जीत अपने नाम कर ली। यह सीट गया जिले के अंतर्गत आती है जहां अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या करीब 29.59 प्रतिशत और मुस्लिम वोटरों का हिस्सा लगभग 15.8 प्रतिशत है। 2020 में आरजेडी के सुरेंद्र प्रसाद यादव ने इस सीट पर जदयू को 23,963 वोटों से हराया था। इस बार मनोरमा देवी की जीत एनडीए के लिए गया क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सफलता है। 2025 बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 11 नवंबर को बेलागंज सीट पर मतदान हुआ था।

एनडीए गठबंधन को दो तिहाई से अधिक बहुमत मिलने पर जताया हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। बिहार में एनडीए गठबंधन को दो तिहाई से अधिक बहुमत मिलने और गया जी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी को नौवीं बार ऐतिहासिक विजय प्राप्त होने पर भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि यह जीत जनता के अपार विश्वास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन की मजबूत पकड़ का परिणाम है। गया जी विधानसभा क्षेत्र की यह नौवीं विजय साबित करती है कि जनता विकास, सुशासन और स्थिरता के लिए भाजपा के साथ खड़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत केवल सीटों की जीत नहीं, बल्कि जनता की आशाओं और विश्वास की जीत है। किसान मोर्चा कार्यालय में ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और जयकारों के बीच कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे आने वाले दिनों में जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को और तेज गति देंगे तथा संगठन को और मजबूत बनाएंगे। खुशी का इजहार करने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता संतोष ठाकुर, रंजीत भारतपुरिया, कुंदन सिंह, महेश यादव, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

पिता ने मासूम बेटे को पटक कर मार डाला

गया जी। जिले के आमस में शराबी पिता ने अपने ही ढाई वर्षीय मासूम बेटे को पटक कर मार डाला। यह हृदयविदारक घटना गंगटी गांव की है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर लिया।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 12.11.2025, वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-142-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में आवश्यक पाइपलाइन कार्य के साथ विभिन्न स्टेशनों में टॉयलेट ब्लॉक का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,31,81,112.57, **बयाना राशि:** रु.2,15,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 10 (दस) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 05.12.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 05.12.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-259/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई-नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:-

1. AA/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई-नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-SSM-FW-14-25-1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 25.11.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
2. AB/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गया रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई-नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-Gaya-RW-18-25-1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 25.11.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।
3. AB/2. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : अंकोरहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई-नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-ANH-RW-36-22-1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 25.11.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी।

ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : Parking-Mix-27.

वेबसाईट का पता जहाँ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1286/डीडीयू/वा./एन/25-26/48

संपादकीय

जल संरक्षण में राज्य के गंभीर प्रयास रंग लाए

ऐसे समय में, जबकि देश ही नहीं पूरी दुनिया में स्वच्छ जल का संकट दिनोंदिन गहराता जा रहा है, राष्ट्रीय जल पुरस्कार में महाराष्ट्र का बाजी मारना एक बहुत ही सुखद खबर है. वर्ष 2024 के लिए छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में महाराष्ट्र अग्रणी रहा है, जिसके बाद गुजरात दूसरे और हरियाणा तीसरे पायदान पर हैं. पुरस्कार की दस श्रेणियों में 46 विजेताओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आगामी 18 नवंबर को सम्मानित करेंगी.

केंद्रीय जल आयोग और केंद्रीय भूजल बोर्ड ने जमीनी स्तर पर होने वाले काम का जायजा लेने के बाद रिपोर्ट बनाई थी और इसी आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा आवेदनों का मूल्यांकन करने के बाद विजेताओं का चयन किया गया. इसका मकसद जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सरकार के 'जल समृद्ध भारत' दृष्टिकोण के अनुरूप जमीनी स्तर के प्रयासों को उजागर करना है. दुनिया में इन दिनों गहराते जल संकट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विश्व में 70.3 करोड़ से अधिक लोग स्वच्छ जल से वंचित हैं और 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित पेयजल की सुविधा नहीं है.

अनुमान है कि 2030 तक तीव्र जल संकट के कारण लगभग 70 करोड़ लोग विस्थापित हो सकते हैं. भारत में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को इस तथ्य से समझ सकते हैं कि देश में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 2021 में 1,486 घन मीटर थी, जो 2050 तक घटकर 1,140 घन मीटर रह जाने का अनुमान है. नीति आयोग के अनुसार, वर्तमान में लगभग 60 करोड़ भारतीय गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं और 2030 तक भारत में पानी की मांग आपूर्ति की दोगुनी होने की संभावना है.

जाहिर है कि ऐसे परिदृश्य में जल संरक्षण को शिद्दत से बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है और राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के माध्यम से सरकार यही करने की कोशिश कर रही है. जहां तक महाराष्ट्र का सवाल है तो राज्य सरकार ने जल संरक्षण के लिए कई उपाय किए हैं, जैसे जलयुक्त शिवार अभियान के तहत जल संचयन संरचनाओं का नवीनीकरण और निर्माण, जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल कनेक्शन देना और युवा व सामुदायिक भागीदारी के साथ जागरूकता अभियान चलाना.

नवी मुंबई नगर निगम को भी जल संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित कार्यक्रमों के लिए व्यापक सराहना मिली है, जो राज्य की समग्र उपलब्धि का हिस्सा है. राज्य का जलयुक्त शिवार अभियान 2.0 नालों और जलाशयों की गाद निकालकर और पुराने जलमार्गों को पुनर्जीवित करके जल संग्रहण क्षमता बढ़ाता है, जिससे किसानों को लाभ होता है और बाढ़ का खतरा भी कम होता है.

यूनिसेफ के सहयोग से 'युवा सहभागिता एवं जल संरक्षण' जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जो कॉलेज के युवाओं को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं. राज्य सरकार ने 2005 में जल संसाधनों के प्रबंधन के लिए किसान अधिनियम और सिंचाई प्रणालियों के प्रबंधन अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कानूनी उपाय भी किए हैं. राष्ट्रीय जल पुरस्कार में प्रथम स्थान मिलने से राज्य सरकार के जल संरक्षण के उपाय रेखांकित हुए हैं और उम्मीद है कि अन्य राज्य भी जल संरक्षण के इन उपायों से प्रेरणा लेंगे.

ममदानी की जीत के बाद कयासों का रेला

जोहरान क्वामे ममदानी अब न्यूयार्क के निर्वाचित महापौर है। उनके कुल- गोत्र और सजरे के बारे में काफी कुछ कहा और लिखा जा चुका है। बिला शक उनका न्यूयार्क का मेयर चुना जाना मायने रखता है। अनेक कारणों से उनका जेरे-बहस होना भी स्वाभाविक है। अपनी विक्ट्री स्पीच में उनका यूजीन डेब्स और पं. जवाहर लाल नेहरू का जिक्र करना अकारण कतई नहीं है और यह उनकी राजनीतिक सोच और सियासी मिजाज को व्यक्त करता है। इनमें यूजीन डेबस की छवि जहाँ खाँटी समाजवादी की रही, वहीं पं. नेहरू को सेक्यूलर वाद, राष्ट्र -निर्माण और विकास के शीर्ष व्यक्तित्व के तौर पर जाना जाता है। यूजीन को अमेरिका में समाजवाद की परंपरा के सूत्रपात का श्रेय प्राप्त है, तो पं. नेहरू उपनिवेशवाद विरोध, निर्गुट आंदोलन और स्वतंत्रता की विश्वव्यापी लहर के प्रतीक हैं।

डॉ. सुधीर सक्सेना



संयुक्त राज्य अमेरिका में पं. नेहरू की अपार लोकप्रियता और अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी द्वारा उनकी भावभीनी अगवानी के प्रसंग काफी चर्चित हैं। लेकिन एक और सन्दर्भ है, जो पं. नेहरू को अमेरिका से जोड़ता है। यह संदर्भ है पं. नेहरू का बाल्डविन से मैत्री का, जो अमेरिका में अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) के संस्थापक थे। पं. नेहरू और बाल्डविन अभिन्न मित्र थे। दोनों मित्रों ने लीग अगेंस्ट इम्पीरियलिज़्म में साथ-साथ काम किया। पंडित नेहरू जब-तब बाल्डविन से सलाह लेते थे।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की बेटी सुश्री अमृत सिंह एसीएलयू से जुड़ी हुई है। ममदानी जिस विचारधारा में यकीन रखते हैं, उसकी जड़े डेब्स और बाल्डविन के विचारों की माटी में मौजूद हैं। इन सन्दर्भों पर गौर करें तो ममदानी का अपने विजय-उद्घोष में ट्रिस्ट विद डेस्टिनी के उल्लेख के औचित्य को समझा जा सकता है। पं. नेहरू और जोहरान ममदानी के मध्य एक और दिलचस्प साम्य खोजा गया है। ममदानी न्यूयार्क के युवतम महापौर हैं। उनकी उम्र 34 वर्ष है। प्रतापभानु मेहता ने पं. नेहरू के जीवन के एक अल्पज्ञात लगभग विस्मृत लेकिन निर्णायक अध्याय का उल्लेख किया है कि पं. नेहरू भी 34 वर्ष की उम्र में इलाहाबाद नगरपालिका बोर्ड के अध्यक्ष चुने गये थे। जाहिर है कि उन्हें यह भूमिका राष्ट्रीय राजनीति से विचलन लगी, लेकिन उन्होंने जल्द ही भांप लिया कि इस भूमिका के जरिये इलाहाबादियों के जीवन को, थोड़ा अधिक सहनीय और थोड़ा कम पीड़ादायी बनाया जा सकता है। बताते हैं कि पं. नेहरू की नगरपालिक-प्राथमिकतायें समाज के हाशिये के लोगों से जुड़ी हुई थीं। उन्हें गरीबों, एक्केवालों, वेश्याओं और मजदूरों के हितों की चिंता थी। वह चुंगी यानि ऑक्ट्रॉय के विरोधी थे और आवास तथा परिवहन उनके सरोकारों में शामिल थे। वह सबके लिये आवास के वियेना मॉडेल से प्रभावित थे और मानते थे कि शहर नागरिक आदर्शों की प्रयोगशालायें हैं। उक्त संदर्भों को देखें तो समझ सकते हैं कि भारत-अफ्रीकी युगल की संतान जोहरान क्वामे ममदानी के लिये पं. नेहरू की क्या अहमियत है और नागरिक आदर्श तथा सिविल लिबर्टीज उनके लिये क्या मायने रखती हैं। उनके नाम और कुल-नाम के बीच मौजूद क्वामे भी कम अर्थपूर्ण नहीं है। क्वामे एन्क्रूमा अफ्रीकी राष्ट्र घाना के राष्ट्राध्यक्ष और प्रधानमंत्री थे और उन्हें पैन - अफ्रीकी नेता और अश्वेत मुक्ति के महानायक के तौर पर देखा जाता है। वह अफ्रीका के लेनिन कहलाये। सन 1963 में उन्हें लेनिन शांति पुरस्कार से नवाजा गया। नाम में क्वामे का समावेश दर्शाता है कि जोहरान ममदानी की रगों में किन विचारों का रूधिर प्रवाहित है? वैसे भी पं. नेहरू की शख्सियत अमेरिका में एक बड़े वर्ग के लिये प्रेरक रही है। मार्टिन लूथरा किंग (जूनियर) ने कहा था कि मानवता के सभ्य बनने के इस संघर्ष में नेहरू की विराट आकृति सभी परिषदों की मेजों पर अदृश्य रूप से विद्यमान है। दुनिया उन्हें याद करती है और क्योंकि उनकी आवश्यकता आज भी है। वह आज भी इस अस्थिर दुनिया में एक जीवित शक्ति बने हुये हैं। बहरहाल, ममदान अब उस न्यूयार्क के महापौर हैं, जो निर्विवाद रूप से वैश्विक-राजधानी (वर्ल्ड कैपीटल) है। गौरतलब है कि ममदानी राष्ट्रपति ट्रंप के खुले और मुखर विरोध के बावजूद चुनाव में विजयी हुये हैं। ट्रंप ने पुरजोर कोशिश की कि ममदानी चुनाव में विजयी न हों। अब ममदानी की जीत से ट्रंप की भृकुटी में बल पड़ना स्वाभाविक है। बेढब और बड़बोले ट्रंप के लिये ममदानी की जीत को पचाना कठिन होगा, क्योंकि ममदानी उस न्यूयार्क के मेयर चुने गये हैं, जो ट्रंप का 'एम्पायर' माना जाता है। यहां फिक्थ एवेन्यू पर ट्रम्प टॉवर, एक मिक्स्ड, यूज स्काईसक्रेपर है, जो ट्रंप आर्गेनाइजेशन का हेडक्वार्टर है। यह लंबे समय तक ट्रंप महाशय का घर भी रहा है। अन्य संपत्तियों में सेन्ट्रल पार्क वेस्ट पर ट्रंप इंटरनेशनल होटल एंड टॉवर और ब्रॉन्क्स में एक पब्लिक गोल्फ कोर्स व फेरी पॉइंट पर ट्रंप गोल्प लिंक्स शामिल है। ट्रंप अपने पद की गरिमा को बिसरा कर न्यूयार्कवासियों को चेतावनी देने से बाज नहीं आये कि गर वामपंथी ममदानी को चुना तो हालात और बदतर होंगे और वह राष्ट्रपति के नाते उन हालात में पैसा नहीं भेजेंगे। ट्रंप ने यहां तक कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि ममदानी जीत गये तो न्यूयार्क शहर पूरी तरह से आर्थिक और सामाजिक रूप से तबाह हो जायेगा।

ट्रंप के कथनों से स्पष्ट है कि ट्रंप ने न्यूयार्क के महापौर के चुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का मुद्दा बना लिया था। अब ग्लोबल कैपीटल में युवा डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट ममदानी की जीत से उनकी किरकिरी होना स्वाभाविक है। दरअस्ल, ट्रंप को नवंबर, 2026 में नियत मध्यावधि चुनाव का डर भी सता रहा है, जब अमेरिका की प्रतिनिधि सभी की सभी 435 सीटों के साथ सीनेट की 100 में से एक तिहाई सीटों का फैसला होगा। मध्यावधि चुनावों के दरम्यान 36 गवर्नर चुने जाते हैं। तब तक नगरपालिकाओं और महापौर स्तर के चुनाव भी हो जायेंगे। चुनाव से ठीक पहले ट्रंप ने ममदानी की मुस्लिम पृष्ठभूमि पर करारे हमले किये थे और उन्हें यहूदी विरोधी करार दिया। जहां तक ममदानी का प्रश्न है, उन्हें अपनी मुस्लिम पहचान पर फख्र है। चुने जाने पर उन्होंने दो टूक कहा कि उम्मीद जिंदा है। न्यूयार्क अब ऐसा शहर नहीं रहेगा, जहां कोई इस्लामो-फोबिया फैलाकर चुनाव जीत सके। ममदानी की जीत के साथ ही कुछ अन्य घटनाओं से भी ट्रंप की खाद भद्द पिटी है। वर्जीनिया में डेमोक्रेट एबिगेल स्पैन बर्गर ने गवर्नर का चुनाव जीत लिया है। वर्जीनिया की वह पहली महिला गवर्नर हैं। वहीं डेमोक्रेट ग़ज़ाला हाशमी ने लेफ्टिनेंट गर्वनर की रेस में रिपब्लिकन जॉन रीड को मात दे दी है। हैदराबाद में जनमी गजाला इस पर पर पहली दक्षिण एशियाई और पहली मुस्लिम महिला हैं। उधर न्यूयार्क के पड़ोस में न्यू जर्सी में डेमोक्रेट मिकीशेरिल गर्वनर चुने गये हैं। किस्सा कोताह यह कि रिपब्लिकन ट्रंप की हथेलियों से रेत फिसल रही है। जाहिर है कि उनकी रीति-नीति से अमेरिकी खुश नहीं हैं।

अमेरिका के राजनीतिक परिदृश्य में ममदानी के उदय से कयासों का रेला वह निकला है। सबसे बड़ा कयास ट्रंप की रणनीति और भावी फैसलों को लेकर है। प्रो. ग्रांट रीहर मानते हैं कि ममदानी को मुश्किल लड़ाई का सामना करना पड़ेगा। न्यूयार्क यूं भी शासन करने के मान से मुश्किल शहर है। बहरहाल, ममदानी आत्मविश्वास से भरे हुये हैं और न्यूयार्क को नयी रंगत देने के मूड में हैं। विदेश नीति के मोर्चे पर ममदानी फलस्तीन के कट्टर समर्थक हैं। भारत में गोधरा कांड को लेकर भी वह अपनी भावनाओं का इजहार कर चुके हैं। वह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करते और यहां तक कह चुके हैं कि वह मोदी के अमेरिका आने पर उन्हें मैडीसन स्क्वेअर पर सभा नहीं करने देंगे। बहरहाल, दुनियाभर में दक्षिण पंथी ताकतों के वर्चस्व के दौर में ममदानी की जीतने ताकतों के वर्चस्व ताकतों में उम्मीद नयी लौ बाल दी है। अमेरिकी सांसद बर्नी सैंडर्स का कहना सही है कि ममदानी की जीत आधुनिक अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े राजनीतिक उलटफेरों में एक है। माना जा रहा है कि ममदानी की जीत से अमेरिका की घरेलू राजनीति और राजनय में अंतर आयेगा। देखना दिलचस्प होगा कि ममदानी अपनी नीतियों को कैसे लागू करते हैं और राष्ट्रपति ट्रंप का रवैया उनके प्रति कैसा रहता है और अगले साल मिड टर्म चुनाव क्या गुल खिलाते हैं? ममदानी ने जीत के बाद मंदिरों में जाकर अपनी नयी छवि सिरजी है और उनकी जीत इसकी तस्दीक करती है कि उन्हें आम लोगों से 'कनेक्ट' करने का हुनर हासिल है।

अध्यात्म

दूसरों के बुरी बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए, सिर्फ अपने काम में मन लगाएं



कई लोग हमारे पक्ष में होते हैं तो कुछ लोग हमारे विपक्ष में भी होते हैं। जो लोग विपक्ष में होते हैं, वे लगातार हमारी बुराई करते हैं। हम कुछ भी करें, ऐसे लोग सिर्फ हमारे विरुद्ध गलत बातें ही प्रचारित करते हैं। ऐसे लोगों से बचना चाहिए। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है।

प्रचलित कथा के अनुसार एक संत और उनका शिष्य एक गांव से दूसरे गांव लगातार यात्राएं करते थे। इस दौरान वे अलग-अलग गांवों में रुकते भी थे। संत बहुत विद्वान थे। उनके प्रवचन सुनने के लिए काफी लोग पहुंचते थे।

एक गांव में संत अपने उपदेशों की वजह से काफी प्रसिद्ध हो गए। उनके दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पुजारी परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे।

असुरक्षा की वजह भावना की वजह से पुजारी ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह गांव के लोगों के सामने उस संत की बुराई करने लगा। धीरे-धीरे गांव के काफी लोग संत के लिए बुरी बातें करने लगे।

एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आ गया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि हमें दूसरों की नकारात्मक बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। हमें सिर्फ अपने काम में मन लगाना चाहिए। ये बातें सुनकर भी शिष्य का गुस्सा शांत नहीं हुआ।

संत ने कहा कि जब हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। हमें भी बुराई करने वाले लोगों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और अपने लक्ष्य की और बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

दिल्ली ब्लास्टः 'मॉड्यूल' कुछ और ही कहता?

दिल्ली सत्ता का केंद्र ही नहीं, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से प्रतीक भी माना जाता है। बहरहाल, फिदायीन हमले की आशंका है जिसको मद्देनजर रखकर ही एनआईए और एनएसजी जांच में जुटी है। क्योंकि ऐसे हमलों की खुफिया जानकारियां उन्हें पूर्व से प्राप्त हैं। तकरीबन इस तरह के हमले विस्फोटक पदार्थों से ही किए जाते हैं जिसका पुलवामा कांड सबसे बड़ा उदाहरण है। इंटेलिजेंस को अगस्त से ही इंटपुट मिल चुके थे कि जम्मू के रास्ते कुछ आतंकी देश में प्रवेश कर चुके हैं जो कहीं न कहीं बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में हैं। उन्हें डिटेन करने में तमाम खुफिया एजेंसी सक्रिय थीं। लेकिन सटीक जानकारियां का अभाव रहा। हालांकि, हथियार और आरडीएक्स को बरामद करने में सफलता जरूर मिली। पर, कौन से आतंकी संगठन शामिल हैं और उनका घटनाई मॉड्यूल क्या है? आदि की जानकारी से हाथ खाली रहा।

डॉ.रमेश ठाकुर

ब्लास्ट होने के महज कुछ घंटों पहले दिल्ली से सटे 47 किलोमीटर दूर फरीदाबाद में संदिग्धों के घरों से हथियारों का भारी मात्रा में जखीरा मिलना और सैकड़ों किलो आरडीएक्स की बरामदगी घटना से संबंध जुड़ने की ओर इशारा करती है? बेशक घटना को अभी आतंकी या फिदायीन हरकत करार न दी गई हो? पर, हमले का मॉड्यूल बहुत कुछ कहता है। हालांकि, केंद्रीय जांच एजेंसियां, एनआईए और एनएसजी फिलहाल हर एंगल से कड़ियों को जोड़ने में लगी है। खुदा-ना-खास्ता अगर ये आतंकितयों की हरकतें निकली, तो समझ लेना चाहिए कि अब उन्होंने अपने मंसूबों को अंजाम देने वाले तरीकों में बदलाव कर लिया है। दिन में आतंकी नेटवर्क का पकड़ा जाना और देर शाम को धमाका हो जाने की थ्योरी पर सभी अचंभित हैं। दिल्ली जैसा राज्य जो अति सुरक्षित हो, चप्पे-चप्पे पर चौबीसों घंटे चौकसी रहती हो? जहां केंद्र सरकार से लेकर खुफिया एजेंसियों का ठिकाना हो, वहां घटित ऐसे हादसे को सीधे-सीधे हुकूमत की नाकामी और सुरक्षा तंत्र की घोर विफलता ही कहा जाएगा।

विस्फोट का खौफजदा मंजर न सिर्फ भयभीत करने जैसा था, बल्कि डरावना भी? घटना के समय चारों तरफ भगदड़ मचना, चीख-पुकार का तेज शोर व विस्फोटक चिंगारियों से मेट्रृ स्टेशन के शीशों का चटाचट टूटना और ब्लास्ट वाली कार का एक गेट करीब 90 मीटर दूर जाकर गिरने के मंजर को देखकर प्रत्यक्षदर्शी, राहगीर और दुकानदार सहम से गए। लोग दुकानों में छिप गए, गाड़ियों की आड़ लेकर बैठ गए। ब्लास्ट वाली जगह पर चौबीसों घंटे लोगों की चहल-पहल रहती है। एशिया का सबसे बड़ा बाजार भी वहीं है इसलिए उसे व्यस्तम इलाकों में गिना जाता है। लालकिले के बाहरी हिस्से में लाखों लोगों की प्रतिदिन आवाजाही रहती है। गनीमत ये रही कि सोमवार का दिन था, अमूमन दुकानें बंद रहती हैं। वरना, इस भयभीत मंजर ये भगदड़ मचने से और भी बड़ी घटना हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जैसी अचानक से धरती फट गई हो और आसमान पूरा लाल हो गया हो? लोगों ने बताया घटनास्थल पर किसी का हाथ पड़ा था तो किसी की कटी हुई गर्दन? जलते मांस के टुकड़ों से आती गंध ने और ज्यादा मंजर डरावना कर दिया। कुछ मिनट तक लोग समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या है? दिल्ली सत्ता का केंद्र ही नहीं, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से प्रतीक भी माना जाता है। बहरहाल, फिदायीन हमले की आशंका है जिसको मद्देनजर रखकर ही एनआईए और एनएसजी जांच में जुटी है। क्योंकि ऐसे हमलों की खुफिया जानकारियां उन्हें पूर्व से प्राप्त हैं। तकरीबन इस तरह के हमले विस्फोटक पदार्थों से ही किए जाते हैं जिसका पुलवामा कांड सबसे बड़ा उदाहरण है। इंटेलिजेंस को अगस्त से ही इंटपुट मिल चुके थे कि जम्मू के रास्ते कुछ आतंकी देश में प्रवेश कर चुके हैं जो कहीं न कहीं बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में हैं। उन्हें डिटेन करने में तमाम खुफिया



एजेंसी सक्रिय थीं। लेकिन सटीक जानकारियां का अभाव रहा। हालांकि, हथियार और आरडीएक्स को बरामद करने में सफलता जरूर मिली। पर, कौन से आतंकी संगठन शामिल हैं और उनका घटनाई मॉड्यूल क्या है? आदि की जानकारी से हाथ खाली रहा। मौजूदा घटना के तय तक जाने की जरूरत है। देशवासियों को इसलिए बताना चाहिए, तो नागरिक खुद से भी सतर्क हो सकें। ऐसी घटनाओं पर समय रहते अगर प्रतिबंध नहीं हुआ, तो आतंकियों के हौसले और बुलंद हो जाएंगे।

घटना में हरियाणा की एचआर-26, 7624 नंबर की आई-20 जो कार प्रयुक्त हुई है उसकी पहचान जांच एजेंसियों कर ली है। कार का मालिक फरीदाबाद निवासी कोई मोहम्मद सलमान नाम का है जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। कुछ महीने पहले उसने उस कार को सेकंड हैंड किसी से खरीदी थी। निश्चित रूप कार के जरिए बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। कार का इसी साल सितंबर में गलत पार्किंग को लेकर फरीदाबाद में चालान भी कटा था। घटना के वक्त कार में तीन लोगों के होने की आशंका जताई गई, जो थे उनके चिथड़े उड़ चुके हैं। कार में वांछित डॉ.उमर मोहम्मद के होने की भी आशंका है, वहीं उमर जिसके घर से घटना के कुछ घंटों पहले हथियारों का जखीरा और आरडीएक्स बरामद हुआ था। कार से बरामद शव उस हालत में नहीं हैं जिनकी शिनाख्त की जाए, डीएनए जांच से ही उनकी पुष्टि हो सकेगी। घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठ खड़े हुए हैं। जैसे, कि ब्लास्ट होने की भनक भारतीय खुफिया एजेंसियों को क्यों नहीं लगी? घटना केंद्र सरकार और स्थानीय सरकार के बिल्कुल नाक के नीचे घटी। पुलिस को ब्लास्ट की सूचना 6 बजकर 52 मिनट पर मिली। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-एक के बा-मुश्किल 20-25 मीटर दूरी पर लाल बत्ती रेड लाइट पर एक स्लो मोशन कार आती है और ब्लास्ट हो जाता है। सीसीटीवी फुटेज में कार घटना के कुछ घंटे पहले पास के एक मस्जिद परिसर में खड़ी देखी गई। क्या प्लानिंग पहले से की गई थी या फिर आरडीएक्स के शेष हिस्से को ब्लास्ट के जरिए दफन करना था। हालांकि, घटना के बाद जांच चौकसी को बढ़ाते हुए कई राज्यों में हाई अलर्ट किया गया है। आईबी के पास सूचनाएं हैं कि ऐसी घटनाएं कुछ राज्यों में भी घट सकती हैं। इसलिए एतियातन केंद्र सरकार ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में अलर्ट जारी किया है।

2025 हादसों के लिए जाना जाएगा। कोई ऐसा महीना नहीं बीता, जब देश में कोई बड़ी घटना न घटी हो? कहीं भगदड़, तो कहीं कुदरती आपदाएं। झकझोर देने वाला पहलगाव हमला भी शामिल है। फिलहाल, दिल्ली में ब्लास्ट के बाद गृहमंत्रालय में आपातकालीन बैठक बुलाई जिसमें एनएसए चीफ अजीत डोभाल के अलावा सुरक्षातंत्र से जुड़े आलाधिकारी शामिल हुए।

बैठकों का दौर जारी है। सवाल उठता है सांप निकल जाने के बाद डंडा फटकारने का क्या तुक? घटना में 11 लोगों के मरने और 24 के घायल के आंकड़ों को प्रशासन ने जारी किया है। आंकड़ा बढ़ सकते हैं। कब तक बेकसूर लोग अपनी जाने ब्लास्ट जैसी घटनाओं में देते रहेंगे? अमन-शांति के हुकूमती नारे धरातल पर कब उतरेंगे, कौनसी घड़ी आएगी जब ये सब होगा? ऐसे सवाल प्रत्येक भारतीयों के मन में उठने लगे हैं।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

आज नकारात्मक मूड में हो सकते हैं। बदहजमी की शिकायत हो सकती है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। धार्मिक अनुष्ठानों में आप रुचि ले सकते हैं।

वृषभ

आज अपने मन की करें। दूसरों से अधिक सलाह न लें। मित्रों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच सम्बन्ध मधुर होंगे।

मिथुन

रिश्तेदारों की चिन्ता हो सकती है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर चिन्तित रहेंगे।

कर्क

आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। समाज में आपके अधिकार और सम्पति में वृद्धि होगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

सिंह

किसी परिजन को लेकर चिन्ता रहेगी। गलत खानपान के कारण सेहत खराब हो सकती है। मन में भविष्य को लेकर चिन्ता हो सकती है।

कन्या

आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे। अटके हुये कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। अचानक पुराने मित्रों से मिलने का अवसर मिलेगा।

तुला

विरोधियों के बीच आपका सामर्थ्य बढ़ेगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे और आप से किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे।

वृश्चिक

अपना दृष्टिकोण सकारात्मक रखें। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा करें। पुराना लोन आज चुका सकते हैं।

धनु

दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। घर में अकेलापन और बोरियत जैसा महसूस हो सकता है। मानसिक उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं। अधिक काम के कारण पैरों में दर्द हो सकता है।

मकर

किसी नये कार्य की योजना बना सकते हैं। आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ने वाला है। व्यवसाय में आपका मन लगेगा। जीवनसाथी के प्रति विश्वास बनाये रखें। आप छुट्टी के मूड में हो सकते हैं।

कुंभ

सरकारी नियमों का कड़ाई से पालन करें। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित करने का प्रयास करें।

मीन

परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दी की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में अत्यन्त सक्रिय रहने वाले हैं।

दानापुर विधानसभा सीट से रामकृपाल यादव ने 29133 वोट से राजद को हराया





दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दानापुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने 29,133 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर ली है. शुक्रवार की सुबह मतगणना शुरू होने के बाद दियारा क्षेत्र में शुरूआती राउंड में राजद प्रत्याशी रीत लाल यादव बढते बढाये हुए थे. शहरी क्षेत्र के दाउतपुर क्षेत्र से भी रीत लाल यादव बढते बढाये हुए थे और शाहपुर क्षेत्र में मतगणना होने के बाद भाजपा के रामकृपाल यादव धीरे-धीरे राजद के रीत लाल यादव के वोट के अंतर कम होते चला गया और दानापुर शहरी क्षेत्र से भाजपा के रामकृपाल यादव ने जो बढते बनाये तो अंतिम राउंड तक बढते बनाये रहे. रामकृपाल यादव को 1,19,877 वोट प्राप्त हुआ है. जबकि राजद के रीत लाल यादव को 90,744 वोट प्राप्त हुआ है. जबकि निर्दलीय प्रत्याशी शैलेश कुमार धीरज को 2788 वोट प्राप्त हुआ है. दानापुर विधानसभा सीट पर यह जीत न केवल रामकृपाल यादव की लोकप्रियता का संकेत मानी जा रही है, बल्कि यह भी साबित करती है कि दानापुर की जनता ने इस बार एनडीए के नेतृत्व पर भरोसा जताया है. हॉट सीट पर मुकाबला सीधा राजद के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव और एनडीए के भाजपा प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव के बीच था. दोनों के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही थी. 2020 के चुनाव में रीतलाल यादव ने बड़ी जीत दर्ज कर यह सीट आरजेडी के खाते में लाई थी. इस बार एनडीए के रामकृपाल यादव ने रीतलाल राय को हरा दिया. दिलचस्प यह है कि दोनों ही यादव समुदाय से आते हैं, ऐसे में मुकाबला जातीय समीकरणों से भी दिलचस्प बन गया.

दानापुर में 18 बार हो चुके हैं चुनाव

दानापुर विधानसभा का गठन 1957 में किया गया. यहां अब तक 18 बार चुनाव हो चुका है. कांग्रेस और भाजपा ने पांच-पांच बार यहां से जीत दर्ज की है. कांग्रेस ने अंतिम बार 1977 में यह सीट जीती थी, जबकि भाजपा ने 2005 से 2015 तक चार बार लगातार जीत दर्ज की. 2000 में राजद की जीत से भाजपा की यह सीरीज टूटी. समाजवादी और जनता दल को दो-दो बार जीत मिली है. 1985 में एक निर्दलीय उम्मीदवार को भी जीत मिल चुकी है. वहीं 2020 में इस सीट पर आरजेडी उम्मीदवार रीतलाल यादव ने जीत हासिल की थी. वहीं 2025 में रामकृपाल यादव ने दानापुर सीट से जीत हासिल कर ली है.

यादवों का गढ़ माना जाता है दानापुर

दानापुर में नगर परिषद के 40 वार्ड, छावनी परिषद के सात वार्ड और खगौल नगर परिषद के 27 वार्ड के अलावा 13 पंचायतों के मतदाता आते हैं. पुरानी पानापुर, कासीमचक, गंगहरा, पतलापुर , मानस, हेतनपुर पंचायतों यादवों का गढ़ माना जाता है. जबकि पतलापुर पंचायत, गंगहारा, हेतनपुर के माधोपुर में कुर्मी, राजपूत व भूमिहार वोटरों ने एनडीए के पक्ष में हर बार मतदान किया है. दानापुर के दाउतपुर , दानापुर और खगौल के शहरी क्षेत्रों में भी यादव वोटरों की संख्या कम नहीं है. बताया जाता है कि यहां यादव समुदाय के मतदाता लगभग 22 प्रतिशत हैं, जो यहां की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाते हैं. साथ ही मुस्लिम मतदाताओं ने राजद के पक्ष में मतदान किया है. जबकि वैश्य , सवर्ण, एससी ,कुर्मी-कोइरी, अति पिछडा समेत अन्य समुदाय ने एनडीए के पक्ष में मतदान किया है. अति पिछडा व एससी कुछ प्रतिशत राजद के पक्ष में मतदान किया है.

दानापुर विधानसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक जीत के जश्न में डूबे जदयू, ढोल-नगाड़ों की धुन के बीच पटाखे फोड़कर मनाया जश्न





दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विधानसभा चुनाव के मतगणना के बाद एनडीए के ऐतिहासिक जीत की खुशी में शुक्रवार को गोलापर बीचली गली मोड पर जदयू नेताओं व कार्यकताओं ने खुशी में मिठाई बांटी और पटाखे फोडे. जदयू के पटना महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में जदयू कार्यकताओं ने विधानसभा चुनाव में एनडीए के प्रचंड बहुमत मिलने पर खुशी में मिठाई बांटी गई और पटाखे फोडे गये. एक-दूसरे को अबीर -गुलाल लगाकर बधाई दी. दानापुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव के विजयी होने पर खुशी में कार्यकताओं ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया.श्री सिंह ने विरोधी कहते थे नीतीश कुमार का मानसिक संतुलन नही है और भाजपा सरकार चला रही है. सूबे के जनता ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत देकर साबित कर दिया . नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार मे विकास हो रहा है और महिलाओं ने बढचढ कर नीतीश सरकार के नेतृत्व में विश्वास कर प्रचंड बहुमत देकर साबित कर दिया है. बिहार में बहार है नीतीश कुमार है. मौके पर जदयू नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार , किशोर कुमार सिन्हा, अशोक सिंह , छठिया देवी, अजय कुमार , विनोद कुमार , भोला सिंह , रजत कुमार ,रोशन कुमार ,भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह , गिरजा सिंह रामवतार सिंह , देवानंद सिंह , बंगालीख राजन सिंह , श्रवण विश्वकर्मा समेत कार्यकर्ता मौजूद थे. वही सगुना में जदयू नेता मो अरशद हुसैन ने एनडीए सरकार के प्रचंड बहुमत मिलने पर खुशी में मिठाई बांटी और पटाखे छोडे कर खुशी जाहिर किया.

फुलवारीशरीफ सुरक्षित विधानसभा सीट सातवीं बार श्याम रजक का परचम, भाकपा-माले को करारी शिकस्त

जात पात पार्टी से ऊपर उठकर सभी वर्ग के मतदाताओं ने भरपूर समर्थन दिया: श्याम रजक

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में फुलवारी शरीफ (सुरक्षित) सीट पर एक बार फिर अनुभव ने युवा चेहरे पर भारी पड़ा है. जदयू के वरिष्ठ नेता श्याम रजक ने लगातार सातवीं बार जीत दर्ज करते हुए इस क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखा. मुख्य मुकाबला जदयू और महागठबंधन समर्थित सीपीआई(एमएल) भाकपा-माले उम्मीदवार गोपाल रविदास के बीच रहा, जबकि तीसरे विकल्प के तौर पर खड़े प्रत्याशी ने दलितझपिछड़ा वोटों में आंशिक सेंध लगाई. लेकिन त्रिकोणीय मुकाबले का लाभ अंततः श्याम रजक को मिला. इस विधानसभा का मुख्य मुद्दा सड़क, नल-जल, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और पिछड़े इलाकों का विकास रहा. पिछले विधायक को लेकर लोगों की नाराजगी स्पष्ट रही. जनता का कहना था कि पांच साल तक जनप्रतिनिधि से मुलाकात मुश्किल रही और समस्याएं अनसुनी पड़ी रहीं. इस नाराजगी की लहर का सीधा फायदा श्याम रजक को मिला, जिन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल में किए गए विकास और लंबे समय से बने जनसंपर्क नेटवर्क को मजबूती से पेश किया. मुस्लिम मतदाताओं के लिए वक्त का कोई मुद्दा यहां बड़ा मुद्दा नहीं बन पाया और मुस्लिम मतदाताओं ने भी खुलकर जेडीयु उम्मीदवार के पक्ष में समर्थन दिया. लोगों में यह भावना भी घर कर गई थी कि श्याम रजक चुनाव जीतेंगे तो मंत्री बनेंगे क्षेत्र के लोगों का बात सुनेंगे समस्या सुनेंगे उनका काम होगा. गोपाल रविदास चुनाव जीतने के बाद भी आम जनता की समस्याओं का समाधान जोरदार तरीके से नहीं कर पा रहे थे. आम जनता के समस्याओं का समाधान के लिए उन्हें प्रखंड कार्यालय में भी धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा था. फुलवारी शरीफ का पारंपरिक जातीय समीकरण इस बार पूरी तरह टूट गया. दलित-महादलित के साथ-साथ मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग के मतदाता बड़े पैमाने पर रजक के पक्ष में एकजुट हुए. महिलाओं की भागीदारी में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जिससे माहौल उनके पक्ष में और मजबूत हुआ. चुनाव के दौरान कोई बड़ा घटनाक्रम नहीं हुआ, हालांकि शहर के बूथों पर शुरूआती मतदान धीमा रहा जिसे ग्रामीण इलाकों ने अंतिम चरण में संतुलित कर दिया.

जीत के बाद श्याम रजक ने कहा— फुलवारी शरीफ की जनता ने विकास को जाति-पांत से ऊपर रखा है. यहां पिछले पांच साल जनता खुद को अनाथ महसूस कर रही थी. अब मेरी प्राथमिकता है कि जो काम अधूरे रह गए हैं, उन्हें तेजी से पूरा किया जाए और फुलवारी को राज्य के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रों में शामिल किया जाए. फुलवारी शरीफ की सातवीं लगातार जीत ने फिर साबित किया कि यहां विकास ही असली मुद्दा है, और जनता उसी को चुनेगी जो उनके बीच रहता है और काम करता है.

संपतचक में प्रोफेसर डॉ. रामानंद यादव की जीत पर जश्न, समर्थकों ने विधायक आवास पहुंचकर दी बधाई





फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। फतुहा विधानसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार प्रोफेसर डॉ. रामानंद यादव की जीत की खबर मिलते ही संपतचक में उत्साह, उमंग और खुशी का माहौल बन गया. जीत की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग विधायक फ्लैट पहुंचकर फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर जीत की मुबारकबाद देते नजर आए.जश्न में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लोगों में भारी उत्साह देखा गया. संपतचक नगर परिषद अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि पूरे संपतचक के मतदाताओं की एकजुटता और मेहनत ने ही प्रोफेसर डॉ. रामानंद यादव को दोबारा भारी मतों से विजयी बनाया है. कहा कि यह जीत क्षेत्र की जनता के विश्वास और मेहनत का परिणाम है.वहीं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ऋषभ राय बंटू ने कहा कि हर जाति, समुदाय और पार्टी से ऊपर उठकर लोगों ने विकास के नाम पर डॉ. यादव को वोट दिया. उन्होंने भरोसा जताया कि विधायक पहले की तरह आगे भी समग्र विकास कार्यों को तेजी से पूरा करेंगे. पूर्व मुखिया मनोज यादव, वेद प्रकाश सहित बड़ी संख्या में महागठबंधन के कार्यकार्ताओं ने भी विधायक को जीत की बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया. संपतचक क्षेत्र देर शाम तक ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और मिठाइयों की खुशबू से गूंजता रहा.

एम्स पटना में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने हेतु दो दिवसीय कार्यशाला शुरू







फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एम्स पटना में चिकित्सा नवाचार और स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इनक्यूबेशन और इनोवेशन काउंसिल की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत शुक्रवार को हुई. यह कार्यशाला 14 और 15 नवंबर तक चलेगी, जो एम्स पटना की शोध, नवाचार और चिकित्सा तकनीक विकास को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. उद्घाटन सत्र में एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग) डॉ. राजू अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुप कुमार, डीन छात्र कल्याण डॉ. रुचि सिन्हा, उपनिदेशक प्रशासन नीलोत्पल बल सहित कई वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) क्रांति भावना ने इनक्यूबेशन सेंटर की रूपरेखा और महत्व पर विस्तृत प्रस्तुति दी. उन्होंने कहा कि एम्स पटना देशभर के छात्रों, संकाय और शोधकताओं के नवाचारी विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है. एपीआईआईसी की सीईओ डॉ. मौसमी साहा ने स्टार्टअप प्रस्ताव जमा करने की प्रक्रिया समझाई और शोधकताओं को उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहन टुरियोर रहे, जिन्होंने नवाचार और इनक्यूबेशन की प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षण दिया. ट्रॉमा सर्जरी विभागाध्यक्ष व एपीआईआईसी के सह-अन्वेषक प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार ने कहा कि यह पहल चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने वाली तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. कार्यशाला के पहले दिन 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि दूसरे दिन ऑनलाइन सत्र के लिए 150 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है. उम्मीद है कि इस कार्यशाला से नए शोध, तकनीक और स्टार्टअप को दिशा मिलेगी और प्रतिभागियों को नवाचारों को आगे बढ़ाने में प्रोत्साहन प्राप्त होगा.

एनडीए समर्थकों का धमाकेदार जश्न, ढोल-नगाड़ों और पटाखों से गूंजा माहौल



फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विधानसभा चुनाव में श्याम रजक की जीत की घोषणा होते ही फुलवारी शरीफ के शहरी व ग्रामीण इलाके में में जश्न का माहौल बन गया.महत्वाना चौराहा चुनौती कुआँ चौहर मल नगर समेत कई इलाकों में एनडीए और जेडीयू समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई और कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर जीत का जश्न मनाया. नगर परिषद अध्यक्ष आफताब आलम वार्ड पार्षद मोहम्मद शाहबाज हुसैन के साथ पप्पू खान, एमडी राजा, एमडी जावेद, फैयाज अहमद उर्फ टिंकू, एमडी छोटू, एमडी शहाबुद्दीन, एमडी मेराज, सुजीत चौधरी और एमडी अशफाक अहमद शामिल थे. सभी ने कहा कि श्याम राजक की जीत से क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी.वहीं चौहरमल नगर में कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर और मिठाइयाँ बांटकर खुशी का इजहार किया. पूरे इलाके में दिनभर उत्साह, रोमांच और जश्न का माहौल छाया रहा. समर्थकों ने कहा कि यह जीत विकास, जनविश्वास और श्याम राजक के प्रति जनता के भरोसे की जीत है.

बाल दिवस पर महावीर कैंसर संस्थान के बाल कैंसर वार्ड में भर्ती सैकड़ों बच्चों के बीच फलों, अन्य खाद्य पदार्थों एवं उनके लिए एक बड़े फ्रीज का उपहार



फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महावीर कैंसर संस्थान के बाल कैंसर वार्ड में चिकित्सारत बच्चों के बीच संस्थान की उपाधीक्षक रौशन आरा ने अपने नवजात नाती के जन्म के अवसर पर बाल दिवस के दिन फलों एवं खाद्य पदार्थों का वितरण और बाल रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों की सुविधा बढ़ाने के लिए एक बड़ा रेफ्रिजरेटर का भी उपहार प्रदान किया. श्रीमती रौशन आरा ने कहा कि संस्थान में इलाजरत बच्चे कोई साधारण बच्चे नहीं हैं.ये बहुत बहादुर और होनहार हैं, इनकी जितनी तारीफ कि जाए बहुत कम है. यही बच्चे कल ठीक होकर देश के भविष्य बनेंगे. इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक (प्रशासन) डा० बी० सन्याल, चिकित्सा निदेशक डा० मनीषा सिंह, एसोसियेट निदेशक डा० विनीता त्रिवेदी के साथ-साथ, संस्थान के चिकित्सकगण एवं रौशन आरा के परिवार के सभी लोग शामिल थे. संस्थान के पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों ने इनके इस पहल को काफी सराहा और नवजात बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की. इस बात की जानकारी संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डा० एल० बी० सिंह ने दिया और कहा कि मरीजों के लिए पहले भी रौशन आरा के द्वारा एक महीना की तनख्वाह दी गई थी, जो सराहनीय कदम है.

इस्लामिया कॉलेज में बाल दिवस पर शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का उजियारा फैला







फुलवारीशरीफ/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। इस्लामिया कॉलेज में बाल दिवस बड़े उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक माहौल में मनाया गया. कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास के संदेश को समाज तक पहुँचाना था. कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई. मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष डॉ. हाजी खुर्शीद हसन ने कहा कि शिक्षा और नैतिक मूल्य बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव हैं. बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके. कॉलेज के प्राचार्य आर.के. अरुण ने कहा कि बाल दिवस बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य की सामूहिक जिम्मेदारी का स्मरण कराता है. उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को बच्चों के विकास में अपना योगदान देना चाहिए. कॉलेज बच्चों के मानसिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक उन्नयन के लिए निरंतर प्रयासरत है. आईक्यूएसी सदस्य डॉ. मंजुला ने शिक्षा और नैतिक मूल्यों को बच्चों की प्रगति की आधारशिला बताया. आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अली इमाम ने कहा कि शिक्षक अपने आचरण और व्यक्तित्व से छात्रों के लिए आदर्श बनते हैं, और शिक्षक यदि नैतिक मूल्यों को अपनाते हैं तो बच्चे स्वतः उसी राह पर चलते हैं. कार्यक्रम में रूबी नाज की प्रेरक प्रस्तुति ने सभी को प्रभावित किया. इसके अलावा अम्बुज, शालिनी प्रिया, पल्लवी समरीन अंजुम, राहुल, अजीत, सबा, सादिया, निशांत कुमार, शालिनी, प्रियंका, गुरुदयाल और साकिब ने भी अपनी प्रस्तुति दी और विचार साझा किए.

अंत में कॉलेज परिवार के सभी शिक्षकों—शीला सुमन, डोली शरण, नागेंद्र सिंह, डॉ. बेबी रानी, वरुण कुमार, डॉ. शाइस्ता निगारीना, डॉ. राजीव कुमार, आजाद आलम, डॉ. अनुभा सिन्हा, रेणुका रानी, सीमी माला और डॉ. अताउद्दीन—की उपस्थिति में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया.

श्याम रजक 32,657 मतों से विजयी, पंचायतों की जबरदस्त लीड बनी निर्णायक

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। फुलवारी शरीफ विधानसभा क्षेत्र में मतगणना की शुरूआत होते ही स्थानीय नेताओं की सांसें अटक गईं. मतों की गिनती का हर राउंड लोगों की धड़कन बढ़ा रहा था. कभी आगे, कभी पीछे—एडीएन प्रत्याशी की स्थिति उतार-चढ़ाव से भरी रही, जिससे समर्थकों में बेचैनी साफ देखी गई. पहले, दूसरे और तीसरे राउंड तक माहौल पूरी तरह रोमांचकारी रहा. हालांकि जब 18वें राउंड में एनडीए प्रत्याशी ने बढ़त बनानी शुरू की तो लोगों की धड़कनें कुछ कम हुईं. इस बार नगर परिषद क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी सात हजार मतों से पीछे रहे, जबकि आमतौर पर यहां से उन्हें लगभग 12 हजार मतों की बढ़त मिलती थी. लेकिन पुनपुन, रामकृष्ण नगर, कुरथौल पंचायत, मैनपुर अंदा, रामपुर फरीदपुर, सोरंगपुर, परसा, बेउर और सकरैचा सहित कई क्षेत्रों से मिली जबरदस्त लीड ने तस्वीर बदल दी.

शपथ-पत्र

मैं बेबी मासुमी, पति स्व. सैयद नौशाद हसन मासुमी, पता-फ्लैट न. A-65, जगत अमरावती अपार्टमेंट, बेली रोड पटना यह सूचित करती हूँ कि मेरा मदर डीड, स्व. संगीता प्रसाद पति स्व. रवि शेखर प्रसाद, फ्लैट न. A-65, जगत अमरावती अपार्टमेंट, मूल वासिका न. 10266 दिनांक 08.12.2001 रकवा 1325 sq.ft., सर्किल न. 249, प्लॉट न. 178, 179,183,184,185,186(P) थाना न. 07, खाता न. 176,185,170,167,181 तौजी न. 391, मौज़ा-दकनपुर, महेश नगर, बेली रोड कहीं रास्ते में खो गया है. जिसका सनहा न. SDNo. 2127/25 है. मिले तो सूचित करें- 9334083792

संक्षिप्त समाचार

रक्सौल से प्रमोद सिन्हा की लगातार सातवीं जीत

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रक्सौल- 10 विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए लगातार सातवीं बार जीत दर्ज की है। बीजेपी उम्मीदवार प्रमोद सिन्हा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को करीब 19600 मतों के भारी अंतर से हराकर शानदार विजय हासिल की। गिनती पूरी होने के बाद जीत का आधिकारिक ऐलान किया गया, जिसके साथ ही पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ प्रमोद सिन्हा का जोरदार स्वागत किया। प्रमोद सिन्हा ने अपनी जीत को जनता के विकास के प्रति विश्वास और पार्टी की नीतियों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि वे रक्सौल के सर्वांगीण विकास और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते रहेंगे। इस जीत के साथ रक्सौल में बीजेपी का मजबूत राजनीतिक पकड़ एक बार फिर साबित हुई है, जबकि विपक्ष को इस बड़े अंतर ने झटका दिया है।



लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर श्यामबाबू प्रसाद यादव ने लगाया हैट्रिक

चकिया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भाजपा के श्यामबाबू प्रसाद यादव ने पीपरा से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर हैट्रिक जीत दर्ज की है। पीपरा विधान सभा चुनाव में भाजपा प्रत्यासी श्यामबाबू प्रसाद यादव की प्रचंड जीत पर एनडीए कार्यकताओं ने पटाखे बजाकर दिवाली मनाया। एनडीए कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व लड्डू खिलाकर खुशियां मनाई। कार्यकताओं ने शहर के में चौक सुभाष चौक पर पटाखे फोड़ खुशियां मनाई। वहीं पूरे शहर में ऐसे पटाखे बीजे रहे थे जैसे आज फिर से दिवाली पर्व हो। वहीं भाजपा के श्याम बाबू प्रसाद यादव ने लेफ्ट के राजमंगल प्रसाद को भारी मतों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। श्यामबाबू प्रसाद यादव ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाया है। याद दिला दें कि श्यामबाबू प्रसाद यादव 2015 के विधान सभा चुनाव में जेडीयू के क्रीम चंद्र को हराया था। वहीं 2020 के विधान सभा चुनाव में लेफ्ट के राजमंगल प्रसाद को ही हरा कर दूसरी बार जीत दर्ज की थी।



जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जमीनी विवाद में दो पक्षो में मारपीट की घटना घटी है। घटना शिकारपुर थाना क्षेत्र के मल्दी गांव की है। मामले में दोनों पक्ष के लोगो ने एक दुसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष के शोभा देवी ने एफआईआर में गाव के ही लालू साह, सुनीता देवी और गोलू कुमार को आरोपित किया है। आवेदन में बताया है कि उसके घर का दीवार टूट गया था जिसे मरमत करवा रही थी। इसी दौरान उक्त लोग पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर मारपीट कर जख्मी कर दिए। उधर दूसरे पक्ष की सुनीता देवी ने भी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बिनोद साह, बिरेंद्र साह और शोभा देवी को आरोपित किया है। अपने आवेदन में सुनीता देवी ने बताया है कि सोभा देवी व उसके पक्ष के लोगों द्वारा उसकी खरीदी हुई जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसे माना करने पर मारपीट कर जख्मी कर दिया।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की करवाई की जा रही है।

प.चम्पारण में सात पर एनडीए और दो पर महागठबंधन ने मारी बाजी

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार विधानसभा चुनाव के मतो की गणना शुक्रवार पुरी चौकसी के बीच संपन्न हुयी। मतगणना समाप्ति के बाद जो परिणाम आये उसमें प.चम्पारण जिले के नौ विधानसभा सिटो में छह पर भाजपा, दो पर कांग्रेस और एक पर जदयू ने कब्जा जमाया। शुक्रवार को चाक चौबंद व्यवस्था के बीच मतो की गिनती आरंभ हुयी। जिसमें वाल्मीकिनगर से सुरेंद्र कुशवाहा ने कड़े मुकाबले में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जदयू के धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकु सिंह को पराजित किया। रामनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के नंदकिशोर राम विजयी घोषित किये गये। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी राजद के सुबोध कुमार को 35680 मतो से पराजित किया। नंदकिशोर राम को



115214 मत प्राप्त हुए जबकि सुबोध कुमार 79534 मत प्राप्त हुए। नरकटियागंज में भाजपा के संजय कुमार पांडेय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजद के दीपक यादव को 26458 मतो से हराया। श्रीपांडेय को जहा 100044 मत प्राप्त हुए वहीं दीपक यादव को 75586 मत प्राप्त हुए। जबकि यहां से .कांग्रेस के शाश्वत केदार को 5388 मतो से संतोष करना पड़ा। वहीं बगहा से भाजपा के राम सिंह विजयी घोषित किये गये। इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के जयेश मंगलम सिंह को 6313 मतो से पराजित किया। राम सिंह को 106875 मत प्राप्त हुए जबकि जयेश मंगलम सिंह को 100562 मत प्राप्त हुए। लौरिया से भाजपा के विनय बिहारी विजयी घोषित किये गये। इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विकासशील इंसान पार्टी के रणकौशल प्रताप सिंह को 26966 मतो से पराजित किया। इन्हें 96510 मत प्राप्त हुए जबकि रणकौशल प्रताप सिंह को 69544 मत प्राप्त हुए। नौतन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के नारायण प्रसाद विजयी घोषित किये गये। इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के अमीत गिरी को 22072 मतो से पराजित किया। नारायण प्रसाद को 101952 मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस के अमीत गिरी को 79880. मत प्राप्त हुए है। वहीं चनपटिया से कांटे के टक्कर में कांग्रेस के अभिषेक रंजन को विजयी घोषित किया गया। यहां से उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के उमाकांत सिंह को पराजित किया। बेतिया से पूर्व उपमुख्यमंत्री व सुबे की पशु मत्स्य एवं संसाधन मंत्री रेणु देवी एक बार फिर परचम लहराया है। उन्होने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के वसी अहमद को 22373 मतो से पराजित किया। रेणु देवी को 91907 मत प्राप्त हुए वहीं वसी अहमद को 69534 मत प्राप्त हुए है। जबकि इसी सिट से निर्दलीय ताल ठोक रहे बेतिया नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया के पति व निगम पार्षद रोहित सिकारिया को 24665 मतो से हीं संतोष करना पड़ा। सिकटा विधानसभा क्षेत्र में जदयू के समृद्ध वर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पूर्व मंत्री व निर्दलीय प्रत्याशी खुर्शीद फिरोज अहमद को .पराजित किया।

एनडीए की प्रचंड जीत पर राधा मोहन सिंह ने जनता को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) पूर्वी चंपारण की बारह की बारह सीटों पर एनडीए के प्रत्याशियों की प्रचंड जीत यहां की महान जनता की जीत है। इसके लिए मैं आज यहां की जनता को मैं बधाई देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ कि वह विकास की रफ्तार पकड़ चुके बिहार की विकास यात्रा के सहभागी बने हैं।उक्त बातें आज सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर कहीं। श्री सिंह ने कहा कि यह जीत मोदी और नीतीश के बिहार के विकास और सुशासन के जिम्मेवार दृष्टि की जीत है। विकास की रफ्तार पकड़ चुके बिहार के स्वाभिमान और सम्मान की जीत है। उन्होंने कहा कि आज बिहार को छलने और धोखा देने वाले विपक्ष को बिहार की सम्मानित जनता ने ऐसा सबक सिखाया है कि भविष्य में भी उसके उदाहरण दिये जाते रहेंगे। विपक्ष की अव्यवहारिक घोषणाओं को बिहार की जनता ने सिरे से नकार दिया है। एनडीए की सरकार में विकास की ओर अग्रसर बिहार विकसित बिहार बनेगा। वही मोतिहारी भाजपा विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता ने अपनी जीत को सत्य और अहिंसा की जीत बताया है। यहां की जनता शांति प्रिय है। यहां के लोगों ने अपराधी के शक्तियों को जानकारी दिया है।



पूर्वी चंपारण में एनडीए ने किया क्लीन स्वीप

महागठबंधन का खाता भी नहीं खुला

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिला के सभी 12 विधानसभा क्षेत्र में एनडीए का अच्छा प्रदर्शन रहा। सभी सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की जीत हुई। हरसिद्धि से भाजपा के कृष्णानंद पासवान ने राजद के राजेंद्र राम हराया। गोविंदगंज के लोजपा (रामविलास) के प्रत्याशी राजू तिवारी ने कांग्रेस प्रत्याशी गप्पू राय को, केसरिया से जदयू प्रत्याशी शालिनी मिश्रा ने वीआईपी प्रत्याशी तरुण विजय को,कल्याणपुर से भाजपा प्रत्याशी ने सचिंद्र प्रसाद सिंह ने राजद प्रत्याशी मनोज कुमार यादव को, पिपरा से भाजपा प्रत्याशी श्याम बाबू प्रसाद यादव ने सीपीएम प्रत्याशी राजमंगल प्रसाद को, मधुबन से भाजपा प्रत्याशी राणा रणधीर सिंह ने राजद प्रत्याशी संध्या रानी को, मोतिहारी से भाजपा प्रत्याशी प्रमोद कुमार गुप्ता ने राजद प्रत्याशी देवा गुप्ता को, चिरैया से भाजपा प्रत्याशी लाल बाबू प्रसाद गुप्ता ने राजद प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण यादव को, ढाका से भाजपा प्रत्याशी पवन जायसवाल ने राजद प्रत्याशी फैसल रहमान को, नरकटिया से जदयू से प्रत्याशी विशाल साह ने राजद प्रत्याशी डॉ शमीम को वही रक्सौल से भाजपा प्रत्याशी प्रमोद सिन्हा ने कांग्रेस प्रत्याशी श्याम बिहारी प्रसाद को हराया। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के विकास पुरुष माननीय लोकप्रिय यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव में जदयू समर्थित एनडीए गठबंधन की प्रचंड बहुमत मिलने पर पूर्वी चम्पारण सहित पूरे देश में खुशियों की लहर व्याप्त है, बिहार में इतिहास रचते हुए नीतीश कुमार दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने पर पूर्वी चम्पारण जिला जदयू परिवार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए गठबंधन के सभी शीर्ष नेतृत्व को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है, बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष मंजू देवी, सांसद लवली आनंद, पूर्व सांसद आनंद मोहन, नवनिर्वाचित विधायक शालिनी मिश्रा, विशाल कुमार शाह,विधानपार्षद प्रो.विरेन्द्र नारायण यादव, डॉ. खालिद अनवर,पूर्व मंत्री विरेन्द्र सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक, मोहम्मद ओबैदुल्लाह, रजिया खातून, पूर्व विधानपार्षद सतीश कुमार, जिला जदयू के प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल (सरपंच), संजीव श्रीवास्तव, जिला महासचिव ई राजीव कुमार सिंह,जिला कोषाध्यक्ष दिवाकर कौशिक, वरिष्ठ जदयू नेता प्रो.दिनेश चन्द्र प्रसाद, दीपक पटेल अधिवक्ता, ब्रजेश श्रीवास्तव, मिथिलेश सिंह, अमरेन्द्र सिंह,विनय कुमार सिंह,बबन कुशवाहा, सुनील भूषण,बृजमोहन गुप्ता,जितेंद्र चौधरी, धीरज चंद्रवंशी ब्यास प्रसाद सिंह, अमरनाथ प्रसाद अधिवक्ता, प्रकाश चौधरी ने बधाई दी है, उपरोक्त आशय की जानकारी जिला जदयू के प्रवक्ता संजीव श्रीवास्तव ने दी ।



छपरा में 'विकास बनाम ग्लैमर' की जंग, शांत स्वभाव वाली छोटी कुमारी ने रचा इतिहास

छपरा (सारण)नबिटा ब्यूरो। छपरा विधानसभा सीट के चुनावी समर में चर्चित चेहरे व भारी-भरकम लोकप्रियता भी तब फीकी पड़ गई, जब छपरा की जनता ने विकास, सरल नेतृत्व और मजबूत संगठन के पक्ष में मतदान किया। पहली बार विधानसभा चुनाव मैदान में उतरीं भाजपा उम्मीदवार छोटी कुमारी ने भोजपुरी सुपरस्टार व राजद प्रत्याशी शत्रुघ्न यादव उर्फ खेसारी लाल यादव को 7,600 मतों के अंतर से मात देकर न सिर्फ बड़ा उलटफेर किया, बल्कि जिले की राजनीतिक धारा को नया मोड़ दे दिया।

ग्लैमर पर भारी पड़ी जमीनी मेहनतः

पूरे चुनावी अभियान के दौरान माना जा रहा था कि खेसारी की स्टार छवि और लोकप्रियता निर्णायक साबित होगी, लेकिन नतीजों ने साबित किया कि जनता ने ह्यचमकह्ण नहीं, बल्कि सरलता और जमीनी संपर्क को चुना। छोटी कुमारी ने अपने संगठन की मजबूती, कार्यकताओं के उत्साह और अपनी सहज छवि के दम पर चुनाव को पूरी तरह अपने पक्ष में मोड़ लिया।

टिकट प्राप्ति से जीत तक–मुश्किल सफर में बना भरोसाः

छपरा सीट से टिकट मिलना भी उनके लिए आसान नहीं था। काफी प्रयास के बाद भाजपा नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताया। चुनाव प्रचार में उनके साथ रहे पति धर्मेंद्र कुमार साह का राजनीतिक अनुभव और पार्टी कार्यकताओं का समर्पण निर्णायक साबित हुआ।

जिला पार्षद से विधानसभा तक का प्रेरणादायक सफरः

करीब डेढ़ दशक पहले राजनीति में कदम रखने वाली छोटी कुमारी सारण जिला परिषद की अध्यक्ष रह चुकी हैं। जिला पार्षद से जिला परिषद अध्यक्ष और अब विधायक—उनकी यह यात्रा आज जिले में प्रेरणा का स्रोत मानी जा रही है।

1962 के बाद पहली महिला विधायक बनी छोटी कुमारीः

छपरा विधानसभा में यह जीत ऐतिहासिक भी इसलिए है। क्योंकि 1962 के बाद पहली बार किसी महिला ने यहां से जीत दर्ज की है। सुंदरी देवी के बाद अब छोटी कुमारी ने इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नया आयाम दिया है।

चुनाव ने दिया स्पष्ट संदेशः

छोटी कुमारी की जीत ने यह संदेश दिया है कि चुनावी मैदान में लोकप्रियता की चमक से ज्यादा मायने रखती है— जनता की उम्मीदें, संगठन की मेहनत और नेतृत्व की विश्वसनीयता। छपरा की जनता ने इस बार स्पष्ट कर दिया कि उनका वोट अब सिर्फ चर्चित चेहरों को नहीं, बल्कि परिणाम देने वाले नेतृत्व को



बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर धनबाद भाजपा ने मनाया उत्सव

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में प्राप्त ऐतिहासिक सफलता एवं बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर जिला द्वारा स्थानीय रणधीर वर्मा चौक पर उत्साहपूर्वक विजय उत्सव मनाया गया। विजय की खुशी में कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की तथा अबीरझगुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को बधाई दी। पूरे चौक का माहौल राष्ट्रवादी नारों और उत्सव की भावना से गूंज उठा। विशेष रूप से उपस्थित झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि, यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा के संगठनात्मक परिश्रम और बिहार की जनता के विश्वास की जीत है। बिहार की जनता ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं नीतीश के विकास एवं सुशासन पर मुहर लगाया है। बिहार में यह जनादेश पूरे पूर्वी भारत में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा। रणधीर वर्मा चौक पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने स्वयं जमकर पटाखे फोड़, अबीर गुलाल उड़ाए एवं सभी को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी । झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास विश्वास और स्थिरता के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला दिया है। एनडीए की यह जीत सिर्फ सीटों की संख्या नहीं बल्कि उस जनभावना की जीत है जिसने देश के भविष्य को मजबूती देने का संकल्प लिया है। उन्होंने सभी को बधाई दी। रणधीर वर्मा चौक पर दिवाली एवं होली एक साथ मनी।



नीतीश कुमार की जीत पर धनबाद में निकला जुलूस



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा जताते हुए एनडीए के नाम का डंका बजा दिया। वही महागठबंधन का सुपड़ा साफ हो गया। चुनावी नतीजा ने बता दिया कि बिहार में आज भी नीतीश कुमार का जलवा कायम है।

जानकारी के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के धमाकेदार जीत को लेकर जदयू पार्टी का धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को विजय जुलूस निकाली गई। जुलूस रंधीर वर्मा चौक से कोर्ट मोड़, डीआरएम बिल्डिंग मोड़ के रास्ते गाजे बाजे व धूमधाम के साथ जुलूस निकाली गई। पार्टी के नेताओं ने एक दूसरे को जमकर गुलाल लगाए। मिठाई बाटे। पिंटु कुमार सिंह ने कहा कि बिहार की जनता ने नीतीश कुमार पर भरोसा जता कर सुशासन की सरकार के पक्ष में मतदान किया। उक्त विजय जुलूस में जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव सुशील सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, प्रदेश सचिव राजू सिंह, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बबलू मोदक, झरिया के नगर अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रदेश सचिव मुन्ना सिन्हा, जिला सचिव महेश सिंह, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पुष्पा पांडेय, झरिया नगर उपाध्यक्ष सत्यदेव प्रसाद, महिला नेत्री रीता रानी मंडल, सकलदेव राय, बमबम सिंह, शंकर विद्यार्थी, शंकर चौरसिया, डॉ राजेश राम, बैजू सिन्हा, मजदूर प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र राही, शिशिर दा, अक्षय सिन्हा साधू पासवान, सुनील मिस्त्री आदि शामिल थे।

रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल नचाप में बाल दिवस पर मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित, अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित













नवबिहार टाइम्स संवाददाता

एकमा/मांझी (सारण)। रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल, नचाप में बाल दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी सह मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति की गई। समारोह की शुरूआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन परमेश्वर सिंह ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के प्रति उनके लगाव एवं लोकप्रियता को रेखांकित करते हुए उन्हें चाचा नेहरू के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त करने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान आयोजित अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में आगत अभिभावकों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य दशरथ साह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक राकेश कुमार सिंह एवं संचालन संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को प्रगति पत्रक व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों से छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन स्कूल भेजने व बदलते मौसम में उनके स्वास्थ्य एवं परिधान का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई। वहीं कार्यक्रम में मौजूद रुचि सिंह, हरिशंकर गुप्ता, मुकेश्वर कुमार सिंह, साक्षी सिंह आदि अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे शिक्षक व अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। समारोह को सफल बनाने में स्कूल के प्राचार्य दशरथ साह, शिक्षक-शिक्षिकाओं क्रमशः वीर सिंह राजपूत, सूरज कुमार शर्मा, ममता, गायत्री कुमारी, ब्रजेश कुमार सिंह, ज्योति यादव, महमूद आलम, संतोष कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार यादव, मोहम्मद नईम खान, बसंत कुमार राय, मनोरमा कुमारी, संतोष कुमार ठाकुर, तेजप्रताप सिंह, निकिता कुमारी, प्रिंस कुमार, अरविंद श्रीवास्तव, चंदन पंडित, अर्जुन राय, विक्की कुमार सिंह, मल्लिकार्जुन कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, अतुल तिवारी, शैलेश कुमार महतो, अंजलि भारद्वाज, पूजा सिंह, संतोष कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, सुहानी सिंह, नुपुर श्रीवास्तव, नैन्सी कुमारी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

सीमांचल में न पप्पू चले न तेजस्वी, ओवैसी का करिश्मा, एनडीए ने भी मारी बाजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। सीमांचल की हृदयस्थली पूर्णिया में एनडीए का जादू चला है तो दूसरी ओर एआईएमआइएम ने भी अपने 2020 के चुनाव परिणाम को बरकरार रखने में सफलता हासिल कर लिया है। कुल 7 विधानसभा क्षेत्र में से 5 सीट एनडीए के खाते में तो 2 सीट पर एआईएमआईएम ने कब्जा जमाया है। महागठबंधन का यहां तो सूपड़ा ही साफ हो गया। हैरानी की बात यह है कि निर्दलीय सांसद पप्पू यादव जो सीमांचल में कांग्रेस के संकटमोचक माने जा रहे थे, सीमांचल की छोड़िए पूर्णिया में कांग्रेस के चार प्रत्याशियों को जीत दिला पाने में नाकामयाब रहे। पप्पू यादव से भी अधिक बुरी स्थिति पूर्णिया के पूर्व सांसद जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह की रही, जो अपने गृह जिले में भी जनसुराज प्रत्याशियों की जमानत नहीं बचा पाए। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या महागठबन्धन ने एआईएमआईएम के साथ समझौता नहीं कर बड़ी राजनीतिक भूल की है! क्या सांसद पप्पू यादव की



लोकप्रियता का ग्राफ गिर रहा है और क्या जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह का राजनीतिक अस्त हो चुका है। इन तमाम सवालों के जवाब विधानसभा चुनाव परिणाम में आसानी से ढूंढे जा सकते हैं।

नहीं खुल सका राजद और कांग्रेस का खाता

पूर्णिया में कांग्रेस को जबरदस्त राजनीतिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। 2020 चुनाव में जिले के कसबा सीट पर कांग्रेस के आफाक आलम ने जीत दर्ज किया था। इस बार वे बेटिकट हुए तो निर्दलीय मैदान में उतर गए। कांग्रेस ने पप्पू यादव के समर्थक माने जाने वाले मो। इरफान को अपना प्रत्याशी बनाया। लेकिन, वे एलजेपी प्रत्याशी नितेश सिंह के हाथों पराजित हो गए। इस प्रकार कांग्रेस ने जीती हुई सीट को गंवा दिया। इसके अलावा कांग्रेस ने अमौर, पूर्णिया सदर और बनमनखी (सु) सीट पर भी अपना प्रत्याशी खड़ा किया ,जिनकी हार हुई। राजद ने 2020 में यहां कोई सीट नही जीता था, लेकिन बायसी के एआइएमआइएम विधायक मो रुकनुद्दीन ने बाद में राजद का दामन थाम लिया था। लेकिन इस सीट पर भी उम्मीदवार बदले जाने के बावजूद राजद प्रत्याशी की हार हुई। इस प्रकार राजद जिले में अपना खाता खोलने से वंचित रह गया। उनके उम्मीदवार की बायसी, धमदाहा और रुपौली में हार हुई।

एनडीए ने जबदरस्त सफलता किया हासिल

महागठबंधन ने जिले के 5 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज कर जबरदस्त सफ़लता हासिल किया है। उनकी जीत इसलिए भी उल्लेखनीय है कि एनडीए ने न केवल अपनी पूर्व की जीती हुई 3 सीटों पर कब्जा बरकरार रखा बल्कि कांग्रेस और निर्दलीय से एक-एक सीट छीनने में भी कामयाबी हासिल किया। जेडीयू की लेशी सिंह ने धमदाहा, भाजपा के कृष्ण कुमार ऋषि ने बनमनखी (सु) और विजय खेमका ने पूर्णिया सदर सीट को बरकरार रखा जबकि लोजपा के नितेश सिंह ने कांग्रेस से कसबा और जेडीयू के कलाधर मंडल ने निर्दलीय से रुपौली सीट को जीतने का काम किया। इस प्रकार एक तरह से महागठबंधन का जिले में सूपड़ा साफ हो गया, जो अब तक कि सबसे बड़ी हार मानी जा रही है।


एआईएमआईएम ने बरकरार रखी अपनी सीट

वक्फ बिल और एसआइआर जैसे मुद्दे को दरकिनार कर पूर्णिया के अल्पसंख्यक बाहुल्य अमौर और बायसी सीट पर असदुद्दीन ओवैसी और एआइएमआईएम का जादू मतदाताओं के सिर चढ़कर बोला है। यहां मुस्लिम मतदाताओं ने राजद और कांग्रेस की तुलना में एआईएमआईएम को तरजीह दिया है। अमौर में कांग्रेस और बायसी में राजद प्रत्याशी को एआईएमआईएम उम्मीदवार के हाथों शिकस्त मिली है। अमौर में एआईएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमाम तो बायसी में एआईएमआइएम के गुलाम सरवर चुनाव जीत चुके हैं। गौरतलब है कि 2020 में भी अमौर से अख्तरुल ईमान विजयी हुए थे जबकि बायसी से एआईएमआइएम के मो रुकनुद्दीन विधायक बने थे जो बाद में राजद में शामिल हो गए थे। मो रुकनुद्दीन की जगह पार्टी ने मो गुलाम सरवर को प्रत्याशी बनाया, जो अब चुनाव जीत चुके है। इस प्रकार एआईएमआईएम की दोनों सीट बरकरार रह गई।

पप्पू सिंह और पप्पू यादव हुए राजनीतिक तौर पर फिसड्डी साबित

राजनीति के बाजार में औंधे मुंह गिरे जनसुराज की भद पिट चुकी है। इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह जिनका कार्य-क्षेत्र पूर्णिया रहा है, वे दो बार यहां के सांसद रह चुके हैं, उनकी पार्टी यहां सभी सात सीट पर चुनाव लड़ रही थी। विडम्बना देखिए, चुनाव जिताना तो दूर, सिंह अपने पार्टी के प्रत्याशियों में से एक की भी जमानत नही बचा सके। कुछ ऐसी ही स्थिति बहुचर्चित सांसद और इस इलाके में कांग्रेस के खेवनहार राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की भी रही। हेलीकॉप्टर का उनका तूफानी दौरा कांग्रेस और राजद प्रत्याशियों को जीत दिलाने में नाकामयाब रहा। खुद अपने लोकसभा चुनाव में 7 में से 5 विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने वाले पप्पू यादव किसी भी कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने में विफल साबित हुए। जीत और हार के और भी कई कारण हो सकते हैं, लेकिन अपने ही गढ़ में अपनी ही पराजय की जिम्मेवारी से पप्पू यादव और पप्पू सिंह इनकार नही कर सकते हैं।

एनडीए प्रत्याशी ऋतुराज की जीत से कार्यकर्ताओं में दिखा जोश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले की बहुचर्चित घोसी विधानसभा सीट पर जीत हार का फैसला लगातार बदलते रहने के कारण एनडीए और महागठबंधन दोनों खेमों में कार्यकर्ताओं की बेचैनी दिनभर बनी रही ।अंततः अंतिम तीन- चार राउंड की गिनती जीत- हार में निर्णायक साबित हुई। इस चुनाव में जदयू के प्रत्याशी तथा पूर्व सांसद डॉक्टर अरुण कुमार के पुत्र ऋतुराज कुमार ने बाजी अपने नाम किया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाकपा माले के प्रत्याशी रामबली सिंह यादव को 11929 मतों से पराजित किया। यह सीट जदयू ने महागठबंधन के प्रत्याशी रामबली सिंह यादव से छीनी है। 2020 के विधानसभा चुनाव में यहां से रामबली सिंह यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जदयू के राहुल कुमार को लगभग 17000 मतों से पराजित किया था। जातिगत समीकरण के आधार पर भी देखा जाए तो भूमिहार जाति के किसी प्रत्याशी को यहां से लगभग 1 दशक के बाद यहां से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है। घोसी विधानसभा चुनाव में वोटो की बात करें तो जदयू प्रत्याशी ऋतुराज कुमार को 80740 मत प्राप्त हुए, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रहे भाकपा माले के प्रत्याशी रामबली सिंह यादव को 68811 मत प्राप्त हुए। तीसरे स्थान पर बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी अनुराधा सिन्हा रहीं तो वहीं नोटा को यहां से चौथा स्थान हासिल हुआ। जैसा कि ज्ञात हो घोसी विधानसभा क्षेत्र में इस बार 11 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे थे जिसमें अधिकतर प्रत्याशी कहीं त्रिकोणीय मुकाबला बनाने में सफल नहीं हुए। ऋतुराज कुमार के जीत के बाद एनडीए कार्यकर्ताओं एवं उनके पैतृक गांव काको प्रखंड के मनियामा में हर्ष और खुशी का माहौल बना हुआ है।

कोसडीहरा गांव में चार वर्षो से बदहाल है नल-जल योजना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। राज्य सरकार ने वर्षो पहले गांवों में ग्रामीणों को स्वच्छ जल पहुंचाने को ले विभिन्न वार्डों में नल-जल योजना की शुरुआत की थी। सरकार का निर्णय था कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिले। गांवों में नल-जल योजना की शुरुआत तो हुई परंतु देखरेख के अभाव में स्थिति काफी बदहाल हो गई है। ग्रामीणों को नल-जल योजना से पानी नहीं मिल रहा है। मदनपुर प्रखंड के पिरवां पंचायत के कोसडिहरा गांव में बीते चार वर्षों से अधिक समय से नल-जल योजना बदहाल है। चार वर्ष पहले वार्ड में 10 लाख रुपये के तहत नल-जल योजना का कार्य किया गया था। नल-जल योजना के तहत पानी टंकी लगाया गया। पाइप बिछाई गई थी परंतु घरों में नल का टोटी नहीं लगाया गया है। गांव में कई जगहों पर पाइप क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांव में पानी की आपूर्ति बंद है। बता दें कि वार्ड में 120 से अधिक घरों की बस्ती है। लगभग सभी घरों में कनेक्शन है। ग्रामीण सुदीप कुमार, संजय सिह, पंकज कुमार, राजू सिह सहित बताते हैं कि जब गांव में नल-जल योजना रहते हमलोग शुद्ध जल से वंचित हैं। पीएचइडी विभाग के अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। नल-जल योजना की मरम्मत कराकर चालू नहीं कराया गया तो हमलोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बताया कि जब गांव में नल-जल योजना की शुरूआत हुई थी तो खुशी हुई थी परंतु अब नल-जल योजना फ़ेल हो गया है। कुछ



ग्रामीणों द्वारा योजना के तहत लगे मोटर से खेत का पटवन किया जाता है। विभाग को चाहिए कि इसे दुरुस्त करवाकर चालू करवाए ताकि शुद्ध पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना न पड़े। कई बार जलमीनार को चालू करवाने की मांग की गई परंतु अभी तक चालू नहीं किया गया।

मतगणना केंद्र के अंदर और बाहर की गई थी सुरक्षा की चाक- चौबंद व्यवस्था

शहर के प्रमुख चौक- चौराहों सहित जिला के प्रवेश मार्ग पर पुलिस की रही सख्त निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले में शुक्रवार को मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा को लेकर कड़ी व्यवस्था की गई थी। मतगणना केंद्र के बाहर आधा किलोमीटर के दायरे में चेक पोस्ट बनाकर सभी प्रकार की गाड़ियों को वहीं पर रोका जा रहा था। साथ ही मतगणना स्थल एस.एस कॉलेज के बाहर मेटल डिटेक्टर लगाकर सुबह 7:00 बजे से ही मतगणना कर्मियों एवं राजनीतिक दल के पासधारी मतगणना अभिकर्ता को प्रवेश दिलाया जा रहा था। इस दौरान मोबाइल सहित किसी भी प्रकार के चीज अंदर ले जाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया था ।पुलिस के द्वारा गहरी सुरक्षा जांच के बाद ही मतगणना केंद्र के अंदर किसी भी व्यक्ति को प्रवेश दिया जा रहा था। इस दौरान





मतगणना केंद्र के अंदर भी पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। मतगणना केंद्र के अंदर जिला पुलिस बल के अलावा केंद्रीय पुलिस बल के जवान भी भारी संख्या में तैनात किए गए थे।

मतगणना के बाद होने वाले चुनाव परिणाम और इसके पश्चात निकलने वाले जुलूस को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने पहले से ही जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दिया था। शहर के अंदर सभी चौक चौराहों पर केंद्रीय पुलिस बल के जवान के साथ जिला पुलिस बल के जवान को तनाव किया गया था, और हर एक व्यक्ति पर कड़ी नजर रखे जा रही थी। बाजार में कहीं भी भीड़ इकट्ठा नहीं हो इसका खास ध्यान पुलिस बल के जवान रख रहे थे। किसी भी तरह के अव्यवस्था से बचने के लिए जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों सहित कोचिंग सेंटरों को भी बंद करने का निर्देश जिला पदाधिकारी के द्वारा पहले ही जारी कर दिया गया था, जिसके कारण सड़कों पर आम दिनों की तरह ना तो ट्रैफिक दिखाई दी और दुकानें भी सामान्य दिन की तरह कम ही खुले नजर आए। मतगणना के दिन कड़ी सुरक्षा के बीच शहर में प्रवेश करने वाले हर वाहन को शहर के एंट्री पॉइंट पर जांच किया जा रहा था एवं यात्रियों से यात्रा के वैध कारणों का पता भी पुलिस कर रही थी। मतगणना को लेकर शहर में लगाए गए बड़ी संख्या में पुलिस बल के कारण कहीं भी सड़क पर भीड़भाड़ नहीं देखी गई। इस दौरान सड़के आमतौर पर सुनी नजर आ रही थी। मतगणना के पूर्व या मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार के हिंसा या मारपीट की सूचना कहीं से अब तक प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि जिले के सभी तीन विधानसभा क्षेत्र के परिणाम समाचार प्रेषण तक जारी नहीं किया गया है।

विधानसभा चुनाव में एक ही परिवार से दो विधायकों की जीत, तो तीसरे की हार का गम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले के काको प्रखंड क्षेत्र के मनियामा गांव में एक ही परिवार के दो सदस्यों का विधायक के रूप में निर्वाचित होने के बाद इस गांव में खुशी का माहौल है। यहां के लोग अपने गांव के बेटे की जीत पर खुशी से झूम रहे हैं। हालांकि इसी परिवार से तीसरी प्रत्याशी की मामूली वोट से हारने का गम भी यहां के लोगों को जरूर है। लेकिन देखा जाए तो जीत की दोहरी खुशी के आगे तीसरे प्रत्याशी के हार का शिकन थोड़ा काम ही लोगों के चेहरे पर दिख रहा है। इन दिनों यह गांव राजनीति एवं सत्ता के गलियारो में काफी महत्वपूर्ण बन गया है। जहानाबाद जिले का यह गांव पहले पूर्व सांसद डॉक्टर अरुण कुमार के कर्मभूमि एवं जन्मभूमि के नाम से लोग जानते थे, लेकिन इस बार लंबे सत्ता संघर्ष के बाद परिवार के तीन लोगों को विधानसभा का टिकट मिलना अपने आप में राजनीतिक पंडितों को भी आश्चर्य में डाल रहा था। घोसी विधानसभा क्षेत्र से जदयू के प्रत्याशी के रूप में ऋतुराज कुमार जो अरुण कुमार के बेटे हैं उन्होंने यहां से जीत दर्ज की है। साथ ही पूर्व सांसद अरुण कुमार के भतीजे रोमित कुमार गया जिले के





अतरी विधानसभा क्षेत्र से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के टिकट पर निर्वाचित हुए हैं। हालांकि लोगों को यह अफसोस भी है कि दो बार टेकारी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉक्टर अरुण कुमार के छोटे भाई अनिल कुमार यहां से लगभग 2000 मतों से चुनाव हार गए। इस बात का मलाल परिवार के लोगों को भी है, शायद इसलिए खुशी का माहौल उतना अधिक नहीं दिख रहा है। लेकिन गांव में दो विधायक होने की खुशी ग्रामीणों के चेहरे पर साफ दिखती है। यहां के लोगों का मानना है कि दो विधायकों के होने से इस गांव का भी विकास निश्चित रूप से होगा। पूर्व सांसद डॉक्टर अरुण कुमार के पिता प्राथमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे हैं और वह अभी प्राथमिक शिक्षक संघ के आजीवन प्रदेश अध्यक्ष है। हालांकि देखा जाए तो इस परिवार में अरुण कुमार से पहले राजनीति के क्षेत्र में किसी व्यक्ति का अस्तित्व कभी नहीं रहा है।

ओबरा का कालीन उद्योग बंद होने से आर्थिक तंगी से जूझ रहे कारीगर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के ओबरा प्रखंड के महफिल-ए-कालिन उद्योग इन दिनों आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। उद्योग वर्षो से बंद पड़ा है। बता दें कि एक समय ऐसा था कि ओबरा की कालीन यूपी के भदोही तक जाती थी। भदोही की तरह ओबरा का कालीन भी विख्यात थी। जहां पर कालीन उद्योग के साथ-साथ गांवों में भी कारीगर कालीन तैयार कर अपना जीविकोपार्जन करते थे। कल तक जहां इन उद्योगों को दूर-दूर तक ख्याति प्राप्त थी। इसके साथ ही इसमें जुड़े लोग आर्थिक रूप से खुशहाल थे पर आज उद्योग अंतिम सांसें गिन रही है। ओबरा का कालीन उद्योग पूर्णतः बंद हो गई है। बता दें कि यह कालीन उद्योग भारत नहीं बल्कि विदेशों में ही विख्यात रहा है। यहां के कुछ बुनकरों को ऊंच कोटि के कालीन बुनाई देती है। बता दें कि मो. मोखतार के द्वारा स्व. अहमद अली को 1972 में राष्ट्रपति के द्वारा पुरुस्कार से नमाजे गए थे। आज कालीन के दौरा पं. जवाहर लाल नेहरू की खूबसूरती देख ओबरा की कालीन चार चांद लगा गए थे। बुनकरों को विकसित करने हेतू 1974 में ओबरा महफील कालीन सेंटर में कार्य प्रारंभ कार्य गई



थी। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 29 नवंबर 2012 को ओबरा महफील कालीन कालीन केंद्र में पहुंचे थे। उन्होंने महफील कालीन केंद्र के प्रबंधक राज नंदन प्रसाद से जानकारी प्राप्त की। जानकारी के बाद मुख्यमंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि इस संस्था को फाउंडेरेशन बनाकर जो गरीब बुनकर है उन्हें बैंक द्वारा जीविकोपार्जन हेतु उनसे कार्य करवाया जाए एवं उनका उत्पादक को ले क्रय करने ताकि बुनकरों को रोजी रोटी मिल सके। गरीब बुनकर रोजी रोटी हेतू अन्य प्रदेश में काम करने जाने को मजबूर हैं। फिलहाल यह उद्योग उदासीनता के कारण दम तोड़ने की स्थिति में पहुंच गई है।

जहानाबाद का संगम घाट, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिकता का भी है संगम

यहां नदी के नीचे से रहस्यमयी सुरंग और रत्न भंडार होने का अब तक नहीं खुला रहस्य

डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो

जहानाबाद। संगम का नाम लेते ही लोगों के मन में सबसे पहले उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का संगम घाट जेहन में आता है — जहां गंगा, जमुना और सरस्वती नदियों का संगम विश्वभर में आस्था का प्रतीक माना जाता है। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि बिहार के जहानाबाद में भी एक ऐसा ही पवित्र संगम स्थल है, जहां दरधा और जमुना नदी का मिलन होता है। यह स्थान धार्मिक आस्था का केंद्र और ऐतिहासिक होने के साथ- साथ पर्यटन के दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।


जहानाबाद का यह संगम घाट और इसके उद्भव की कहानी इतिहास के पन्नों में भले दर्ज नहीं हो लेकिन स्थानीय लोगों के लिए रहस्य और रोमांच से भरा लोककथाओं में इसकी खूब चर्चा होती है। यह घाट सदियों से आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। छठ, दिपावली और श्रावणी मेले के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। दीपावली के अवसर पर यहां भव्य दीपोत्सव का आयोजन होता है, जो आज जिले के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है।

संगम घाट का इतिहास और आस्था

स्थानीय मंदिर के पुजारी अभिषेक कुमार बताते हैं कि, जहानाबाद के इस संगम का इतिहास बेहद पुराना है। यहां दरधा और जमुना नदी का मिलन होता है। यहां बने भव्य घाट और दो एकड़ क्षेत्र में फैले विशाल मंदिर परिसर धार्मिक आस्था का केंद्र माना जाता है। सावन, दीपावली एवं छठ सहित अन्य प्रमुख पर्व पर हजारों श्रद्धालु यहां स्नान और पूजा-अर्चना करने आते हैं।

गुफाओं और रत्न भंडार का रहस्य

इस स्थान से जुड़ी कई प्राचीन मान्यताएं भी हैं। कहा जाता



है कि पुराने समय में जब बाढ़ आती थी, तो नदी के किनारे की सीढ़ियों पर पुराने सिक्के और धातु के टुकड़े दिखाई देते थे। लोगों का विश्वास है कि यहां रत्न भंडार दबे हुए हैं, जो अब तक अदृश्य हैं। इतना ही नहीं, लोक कथाओं के अनुसार यहां से नदी के रास्ते दो रहस्यमयी सुरंग गुजरती है। स्थानीय लोगों के मान्यता के अनुसार, एक सुरंग का मार्ग बराबर की गुफाओं तक जाता है, जबकि दूसरी राजगीर (राजगृह) तक पहुंचती है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में साधु-संत इन सुरंगों के रास्ते तपस्या स्थलों तक जाया करते थे।

आस्था से पर्यटन तक

आज यह संगम घाट न सिर्फ आस्था का प्रतीक है, बल्कि पर्यटन और मनोरंजन का भी प्रमुख स्थल बन गया है। यहां की शांत हवा, हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को आकर्षित करता है।युवा वर्ग के बीच यह स्थान अब प्रमुख सेल्फी पॉइंट के रूप में भी लोकप्रिय हो गया है। सुबह और शाम के समय यहां सैकड़ों लोग टहलने, ध्यान करने और तस्वीरें खींचने के लिए पहुंचते हैं।

ठंड का असर बढ़ा, सुबह कोहरा, दिन में धूप धनबाद में नहीं होगा तापमान में बड़ा बदलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। झारखंड में मौसम का मिजाज फिलहाल स्थिर बना हुआ है। राज्य के अधिकांश जिलों-धनबाद, बोकारो, गिरिडीह और जामताड़ा में आज सुबह हल्का कोहरा रहेगा, जिसके बाद आसमान साफ होगा।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे तक न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि रात के समय ठंड का असर और बढ़ेगा, जिससे पारा कुछ घंटों के लिए सामान्य से नीचे खिसक सकता है।

धनबाद में आज अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री रहने का अनुमान है। मौसम शुष्क रहने के साथ हल्की ठंडी हवाएं चलेंगी। कल भी तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा और अधिकतम 27 व न्यूनतम 12 डिग्री रहने का अनुमान है। शहर में रातें तेजी से ठंडी हो रही हैं, जबकि सुबह कोहरा दृश्यता को प्रभावित कर सकता है। बोकारो में आज का अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम 10 डिग्री रहेगा। ठंड यहां भी अपने चरम की ओर बढ़ रही है। कल भी इसी तरह 25 और 10 डिग्री का तापमान रहने की संभावना है। दिन में धूप खिलने से कुछ राहत मिलेगी, पर शाम ढलते ही सर्दी दोबारा असर दिखाएगी। गिरिडीह में आज 27 डिग्री अधिकतम और 11 डिग्री न्यूनतम तापमान रहेगा। कल अधिकतम तापमान एक डिग्री गिरकर 26 डिग्री रह सकता है, जबकि न्यूनतम 11 डिग्री पर स्थिर रहेगा। जामताड़ा और आसपास के जिलों में भी इसी तरह का मौसम बने रहने के आसार हैं-सुबह कोहरा, दिन में साफ आसमान और रात में कड़ाके की ठंड।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025: रोहतास में एनडीए की सुनामी, सात में छह सीटें अपने नाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों ने राजनीतिक मानचित्र पर एक नया अध्याय लिख दिया है। पूरे प्रदेश में एनडीए गठबंधन की आंधी ने महागठबंधन को लगभग पूरी तरह उखाड़ फेंका। दो-तिहाई से अधिक सीटों पर कब्जा जमाकर एनडीए ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि जनता ने एक बार फिर विकास के नाम पर वोट किया है, न कि खोखले वादों के आधार पर। पिछले एक महीने से बिहार का हर गांव–कस्बा चुनावी चर्चाओं से गूंज रहा था। 14 नवंबर को आए नतीजों ने यह साफ कर दिया कि जनता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों और विशेषकर जीविका दीदियों के लिए दिए गए 10,000 जैसे कल्याणकारी कदमों को जमकर सराहा। महिलाओं की बढ़ी भागीदारी ने भी मतदान प्रतिशत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और यही लहर एनडीए की बड़ी जीत में तब्दील हो गई। रोहतास जिले की राजनीतिक तस्वीर भी इस बार पूरी तरह बदल गई। वर्ष 2020 के चुनाव में जहां सातों सीटें महागठबंधन के कब्जे में थीं, वहीं इस बार एनडीए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात में से छह सीटें जीत लीं। सासाराम सीट, जिसे सबसे हॉट सीट माना जा रहा था, पर एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा की प्रत्याशी स्नेहलता कुशवाहा ने अपने प्रतिद्वंदी राजद उम्मीदवार सत्येंद्र साह को भारी वोटों से शिकस्त दी। चेनारी में एनडीए उम्मीदवार मुरारी प्रसाद गौतम ने मंगल राम को हराया। करगहर में त्रिकोणीय मुकाबले की चर्चा जोरों पर थी, पर अंततः एनडीए प्रत्याशी वशिष्ठ सिंह ने निर्णायक बढ़त बनाई। बसपा के उदय प्रताप सिंह दूसरे स्थान पर रहे, जबकि महागठबंधन के संतोष मिश्रा तीसरे पायदान पर फिसल गए। दिनारा सीट पर भी दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। जेडीयू के पूर्व विधायक जय कुमार सिंह के निर्दलीय प्रत्याशी बनने से यह सीट सुर्खियों में रही, लेकिन एनडीए समर्थित आरएलएम के प्रत्याशी आलोक कुमार सिंह ने बाजी मार ली। डिहरी सीट पर एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) उम्मीदवार राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने कड़ी टक्कर के बीच राजद उम्मीदवार गुड्डू चंद्रवंशी को पराजित किया। पूर्व विधायक फतेह बहादुर भी भीम आर्मी के सिंबल पर मैदान में थे, लेकिन मुकाबला अंत तक एनडीए बनाम राजद में सिमट गया। नोखा सीट, जो पिछली बार महागठबंधन के कब्जे में थी, इस बार एनडीए की मजबूत हवा के चलते नागेंद्र चंद्रवंशी के खाते में चली गई। जिले की एकमात्र सीट जो महागठबंधन के पास रही, वह काराकाट थी, जहां मलिक पार्टी के उम्मीदवार अरुण कुमार ने जीत दर्ज की। कुल मिलाकर, रोहतास में एनडीए की यह बंपर जीत प्रदेश भर में चली नीतीश लहर का प्रतिबिंब है, जिसने महागठबंधन को लगभग पूरी तरह हाशिये पर ला दिया है।

बिहार में 10वीं बार फिर से मुख्यमंत्री होंगे नीतीश कुमार

डॉ मणिकांत झा

अब जबकि बिहार चुनाव परिणाम सामने है। एनडीए ने 200 से अधिक सीटें लेकर अपनी ऐतिहासिक जीत दर्ज कर दी है। अब बिहार में 10वीं बार फिर से मुख्यमंत्री होंगे नीतीश कुमार यह तय माना जा रहा है। चुनाव नतीजे ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि बिहार की जनता ने विकास पसंद व ईमानदार नेता नीतीश कुमार को इस पद के लिए फिर उपयुक्त माना है और चुनाव के माध्यम से इस पर अपनी बुहार लगा दी है। तभी तो 20 साल से बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले नीतीश कुमार के गठबंधन को अजय बहुमत मिला है और एंटी इनकमबेंसी का भी कुछ प्रभाव नहीं दिख सका वहीं 14 नवंबर को नीतीश का नंबर आ गया। चुनाव परिणाम में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी और जेडीयू नंबर 2 की पार्टी बन गई है। ओवैसी की पार्टी का प्रदर्शन कांग्रेस से कहीं बेहतर रहा है। जबकि महागठबंधन के मुकेश साहनी की पार्टी और जन सुराज पार्टी का खाता भी नहीं खुल सका।

बिहार में जातियों के जाल में फंसी चुनावी रुझान से अंतिम परिणाम भी इतर दिख रहा है। आंकडें बताते हैं कि बिहार की आबादी में पांच प्रतिशत भागीदारी रखने वाले पासवान मतदाताओं का 64% मत एनडीए के पक्ष में पड़े है। वही रविदास के पांच पर्सेंट आबादी का 25 परसेंट मत एनडीए के पक्ष में गया है जबकि अति पिछड़े के तीन प्रतिशत आबादी वाले तेली जाति का 61% एनडीए के पक्ष में, मल्लाह के चार प्रतिशत आबादी वाले मतदाताओं के 46 परसेंट, बनिया के 3% आबादी वाले 64% मत एनडीए को मिले हैं। बीजेपी के कोर मतदाता कहे जाने वाले सवर्ण के ब्राह्मण मतदाता की 64%, भूमिहार के 60% व राजपूत के 66% मतदाताओं का वोटिंग पैटर्न



एनडीए के पक्ष में रहा है। जबकि कुर्मी के चार प्रतिशत आबादी वाले मतदाताओं का 68% एवं कुशवाहा की चार प्रतिशत आबादी वाले मतदाताओं का 58% मत एनडीए के पक्ष में दिखता है। वही ओबीसी मतदाताओं की बात करें तो बिहार के 14 प्रतिशत आबादी वाले यादव मतदाताओं ने भी 6% मत एनडीए के पक्ष में दिया है ।17 प्रतिशत आबादी वाले मुस्लिम मतदाताओं ने एनडीए को 8% मत दिया है जो पिछले चुनाव 2020 की तुलना में 7% काम जरूर है जबकि मुस्लिम के 79 प्रतिशत मत महागठबंधन को मिला है। यदि स्ट्राइक रेट की बात करें तो नीतीश के पार्टी का स्ट्राइक रेट जहां 80% है वही बीजेपी का 90%, मांझी के पार्टी का 80% और चिराग के पार्टी का 70% रहा है। गौर करें तो वर्तमान चुनाव जंगल राज बनाम सुशासन के मुद्दे पर लड़ा गया। जहां जनता ने सुशासन बाबू नीतीश कुमार पर अपना भरोसा एक बार फिर से जाता दिया है। मोदी का इकबाल व नीतीश का चेहरा बिहार चुनाव में बेहतर परिणाम दिलाने में अहम रहा है। स्पष्ट है कि नीतीश कुमार की जमीनी लोकप्रियता 20 साल शासन चलाने के बावजूद बरकरार है ।उनके करिश्माई नेतृत्व में आज भी समग्र जनता का अटूट विश्वास कायम है फलस्वरूप महागठबंधन फिलहाल 35 सीटों पर सिमट गई है। निश्चित रूप से मतदाताओं ने नीतीश के ईमानदार एवं परिवारवाद से अलग छवि को देखते हुए सीधे उनके पक्ष में मतदान किया है। महिलाओं का अधिकांश वोट एनडीए को मिला है। इसके संबंध में नीतीश सरकार द्वारा महिला की खाते में सीधे 10000 की राशि देना भी माना जा रहा है। वैसे इससे पूर्व भी नीतीश सरकार ने छात्राओं के लिए पोशाक योजना, शराब बंदी लागू कर महिलाओं का सम्मान करने के लिए विशेष रूप से चर्चित हुए थे। दूसरी ओर इस संबंध में यह भी कहा जा रहा है कि यदि यह योजना नहीं भी लागू की जाती तो मत प्रतिशत वही रहता जो आज है ।इसके अतिरिक्त 125 यूनिट मुफ्त बिजली, पेंशन की राशि में वृद्धि, रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराना आदि ऐसे कार्य हुए जो नीतीश के पक्ष में मत एकजुट हो सके जिसका प्रत्यक्ष लाभ चुनाव परिणाम में स्पष्ट हो रहा है। निस्संदेह गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा सफल चुनावी प्रबंधन एवं नीतीश को अगले मुख्यमंत्री के रूप में पदस्थापित किए जाने की अपनी प्रतिबद्धता का भी लाभ इस चुनाव में हुआ है। जबकि इस चुनाव में जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के राजनीतिक सक्रियता पार्टी को विशेष रूप से काम आया। खासकर प्रत्याशियों के चयन एवं चुनाव क्षेत्र में उन्हें विजय दिलाने के लिए सक्रिय प्रयास दिखा। ऐसे जो भी कारण हो पर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की नीतीश की व्यक्तिगत ईमानदार व भ्रष्टाचार विरोधी छवि मतदाताओं को अधिक आकषर्क लगा । विपक्षी महागठबंधन के द्वारा उनकी सेहत के संबंध में किए गए प्रचार को मतदाताओं ने सिरे से खारिज कर दिया। राहुल गांधी द्वारा प्रचारित बोट चोरी का मुद्दा चुनाव में फलदाई साबित नहीं हो सका। मिल जुलकर अकेले तेजस्वी यादव समस्त चुनावी झंझाबातों को झेलते रहे। टिकट वितरण से लेकर चुनाव संपन्न होने तक महागठबंधन एकजुट नहीं दिखा यहां तक की 11 सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशी आमने-सामने दिखे इन क्रियाकलापों को मतदाताओं ने समझा और मंथन कर एनडीए के पक्ष में अपना मतदान किया जिससे ऐतिहासिक जीत एनडीए को मिली। इसके अतिरिक्त महागठबंधन द्वारा मुकेश साहनी को चुनाव पूर्व डिप्टी मुख्यमंत्री घोषित किया जाना भी महागठबंधन के पक्ष में नहीं रहा इस रणनीति से अन्य कोर वोटर भी महागठबंधन से नाराज दिखे चुनाव परिणाम से भी यह स्पष्ट हो गया है कि मुकेश साहनी की पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल सकी। निसंदेह बिहार की इस चुनाव परिणाम का दूरगामी प्रभाव भारतीय राजनीति पर पड़ना तय है। सबसे पहले महागठबंधन की एकता को यह परिणाम प्रभावित कर सकता है। इसे लेकर मुकेश सैनी महागठबंधन की जमीन से दूर दिखेंगे। वहीं आने वाले समय में मोदी के विरुद्ध बनने वाली मोर्चा में बिखराव संभव हो सकता है। जबकि बंगाल में होने वाले आसन्न चुनाव पर भी इसका स्पष्ट प्रभाव पड़ना तय है। बिहार के इस चुनाव परिणाम से महाराष्ट्र भी अछूता नहीं रहेगा ऐसा माना जा रहा है। बिहार के इस चुनाव परिणाम से विशेष कर राहुल गांधी को सीख लेने की जरूरत है और अपने हार का चिंतन और मंथन आवश्यक होगा। निराधार वोट चोरी का आरोप लगाने से चुनाव नहीं जीता जा सकता है। इसका उपयुक्त समय पर जनता जवाब देती है। अनर्गल प्रलाप से परिणाम प्रभावित नहीं किया जा सकता। कहना न होगा कि बिहार की जनता ने माना कि उसे जंगल राज नहीं चाहिए और यही कारण है कि भ्रष्ट और अपराध मुक्त नीतीश के सुशासन में जनता ने अपना विश्वास व्यक्त किया है।

बेगूसराय सीट पर दुबारा जीते भाजपा विधायक

22 हजार से अधिक वोटों से दर्ज की जीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। सदर विधानसभा सीट पर भाजपा के निवर्तमान विधायक कुंदन कुमार से दुबारा महागठबंधन से कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार अमिता भूषण पिछड़ गई। बीजेपी के कुंदन कुमार 22000 से अधिक मतों से जीत दर्ज की है। शुक्रवार को गिनती शुरू होते ही भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर हो गई। बिहार की औद्योगिक और वित्तीय राजधानी के रूप में विख्यात बेगूसराय न केवल गंगा के उत्तरी तट पर बसा



एक ऐतिहासिक शहर है। बल्कि यह राज्य के 38 जिलों में से एक प्रमुख जिला मुख्यालय भी है। मिथिला क्षेत्र का अभिन्न अंग यह शहर सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध है। मुंगेर जिले के अनुमंडल के रूप में 1870 में स्थापित बेगूसराय को 1972 में पूर्ण जिला का दर्जा मिला। अगर राजनीतिक परिदृश्य की बात करें तो 20वीं सदी की शुरुआत में भूमिहार समुदाय का दबदबा था। जो कांग्रेस और बाद में जद (यू) का समर्थन करता रहा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के दौर में यहां भूमि सुधार और सामाजिक न्याय की लहर चली। बाद में यहां पर हिंदू राष्ट्रवाद को बढ़ावा मिला और सीपीआई का प्रभाव कम हुआ। 1951 में स्थापित बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र बेगूसराय लोकसभा के सात विधानसभा क्षेत्रों, चेरिया बरियारपुर, बछवाड़ा, तेघरा, मटिहानी, साहबपुर कमल, बेगूसराय और बखरी (एससी), में से एक है। 18 चुनावों में कांग्रेस ने आठ बार, भाजपा ने छह बार जीत हासिल की। सीपीआई को तीन बार जीत मिली। वर्तमान विधायक भाजपा के कुंदन कुमार हैं। जिन्होंने 2020 में कांग्रेस की अमिता भूषण को 4,554 वोटों से हराया।

वामपंथ को भारी मतों से रजनीश ने दी शिकस्त

तेघड़ा विधानसभा में भगवा लहराकर बिहार में सबसे ज्यादा मतों से जीते रजनीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बरौनी। तेघड़ा विधानसभा में वामपंथ को हराकर प्रचंड मतों से भाजपा उम्मीदवार रजनीश कुमार ने जीत दर्ज की। 15 साल बाद फिर से कमल खिलाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी खुशी देखने को मिला है। आपको बता दे की दो बार पंचायती राज से खगरिया एवं बेगूसराय क्षेत्र से एमएलसी रजनीश कुमार रहे है। इसबार तेघरा विधानसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। रजनीश कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी वामपंथ के निवर्तमान विधायक राम रतन सिंह को 36000 से अधिक मतों से पराजित किया है। ज्ञात हो की वर्ष 2020 के चुनाव में सीपीआई से उम्मीदवार रहे राम रतन सिंह ने जदयू उम्मीदवार वीरेंदर महतो को 48000 मतों से पराजित किया था। इसबार ठीक उसके विपरीत ये



रजनीश कुमार से बिहार में सबसे ज्यादा मतों से हारने वाले उम्मीदवार बने। जिसको लेकर नगर परिषद बरौनी दिन दयाल काली मंदिर के परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जीत का जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी किए डबल इंजन की सरकार बिहार में विकास की रफ्तार पिछले 20 सालों से बढ़ा रहे हैं। इस कारण इस बार बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाह रहे हैं। संबंध में भाजपा नेता विजय मेहता ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के अलावे कोई मुख्यमंत्री का चेहरा कोई नहीं है और मुख्यमंत्री के द्वारा महिला रोजगार योजना से महिलाओं के अंदर नीतीश कुमार पर एक विश्वास जताया और इस बात तेघड़ा विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार रजनीश कुमार को एक ऐतिहासिक जीत दिलाने में महिलाओं का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर बजरंग दल के जिला संयोजक रोशन मिश्रा ने कहा कि तेघड़ा विधानसभा में विकास और सनातनी की जीत हुई है। जो लाल झंडे के खिलाफ है। जो तेघड़ा विधानसभा में विकास को बढ़ने नहीं दिया। इस अवसर पर मनीष बिहारी, प्रिंस कुमार सूरज कुमार, रंजीत गुप्ता सहित दर्जनों भाजपा समर्थक मौजूद थे।

निकली गई जागरूकता रैली

मेदिनीनगर (पलामू) (नबिटा संवाददता)। झारखंड राज्य के 25 वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को महिला ग्राम संघटन के महिला दीदियों द्वारा जागरूकता रैली निकाल कर सरकार द्वारा महिला हित मे संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर सरजा पंचायत के जीसीआरपी विनीता देवी, लहलहे क्लस्टर के कम्प्यूटर ऑपरेटर सोनी देवी पीआरपी मीणा देवी के अलावे सभी ग्राम संगठन के पदाधिकारी समूह के सभी सदस्य शामिल हुए। इस मौके पर जी सी आर पी विनिता देवी ने कहा कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है। महिलाओं को संगठित होकर काम करने की जरूरत हैं।

जदयू के अभिषेक आनंद ने राजद को किया पराजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चेरिया बरियारपुर। चेरिया-बरियारपुर विधानसभा में जदयू के पूर्व समाज कलयाण मंत्री मंजू वर्मा के पुत्र अभिषेक आनंद ने राजद के सुशील कुशवाहा को हराया। ज्ञात हो की विधानसभा में में भारी मतदान हुआ था। गंगा किनारे बसे इस .षि प्रधान क्षेत्र में राजनीतिक मुकाबला हमेशा कड़ा रहता है। परंपरा, जातीय संरचना और स्थानीय मुद्दे यहां के नतीजों को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस बार विधान सभा सीट से जनता दल (यूनाइटेड) कैंडिडेट अभिषेक आनंद 3500 से वोट से जीत चुके हैं। वहीं राजद के प्रत्याशी सुशील कुमार दूसरे स्थान पर रहे। जिले की चेरिया-बरियारपुर (सामान्य सीट) पर 6 नवंबर को मतदान शांतिपूर्ण



माहौल में संपन्न हुए। यह सीट राजनीतिक रूप से बेहद दिलचस्प रही है। जहां सत्ता कई बार बदली है। लेकिन परंपरा और जातीय समीकरण हमेशा चुनावी नतीजों को प्रभावित करते रहे हैं। गंगा नदी के किनारे बसा यह क्षेत्र .षि-प्रधान है। जहां चावल, गेहूं, मक्का और सब्जियां मुख्य फसलें हैं। साक्षरता दर 68 प्रतिशत के आसपास है। जो बिहार के औसत से थोड़ा ऊपर है।

बक्सर विधानसभा : भाजपा उम्मीदवार आनंद मिश्रा ने कांग्रेस के मुन्ना तिवारी को 28,353 वोटों से हराया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बक्सर। बक्सर विधानसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार आनंद मिश्रा ने कांग्रेस के संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी को जोरदार शिकस्त दी। एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार आनंद मिश्रा को 84,901 वोट मिले, जबकि मुन्ना तिवारी को 56,548 वोट मिले। इस तरह आनंद मिश्रा ने 28,353 वोटों से जीत हासिल की और बक्सर विधानसभा में अपनी धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराई। डुमरांव



विधानसभा: जदयू के राहुल सिंह ने माले के अजित कुशवाहा को हराया। डुमरांव विधानसभा सीट पर एनडीए समर्थित जदयू के राहुल सिंह ने भाकपा माले के अजित कुशवाहा को 2,105 वोटों से हराया। राहुल सिंह को 79,411 वोट मिले, जबकि अजित कुशवाहा को 77,306 वोट मिले। इस नतीजे के साथ राहुल सिंह ने डुमरांव विधानसभा में अपनी स्थिति मजबूत की और मुकाबला कड़ा होने के बावजूद जीत हासिल की।

धनरूआ में संदेहास्पद स्थिती में एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनरूआ थाना क्षेत्र के बिरंची मोड के पास गुरुवार की शाम संदेहास्पद स्थिति में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान धनरूआ के रहने वाले सुरेश प्रसाद उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई हैं। बताया जाता है कि वह धनरूआ में ससुराल में रहता था जो हिलसा का रहने वाला बताया जाता है। बिगन राम के साला के रूप में पहचान हुई है। यह बिरंची मोड पर एक होटल में मिस्त्री के रूप में काम करता था, प्रत्येक शाम को वह होटल से घर की ओर जाता था। गुरुवार की शाम को घर की ओर निकला था जहाँ रास्ते मे ही गिर पडा और मुंह में झाग निकलने लगा। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की कोई अज्ञात बीमारी से सडक पर गिर हुआ था। पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। कई लोगों ने मुंह से निकलता हुआ झाग देखकर बताया कि कोई जहरीली चीज खाने या पीने से इसकी ऐसी दशा हुई है पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हैं। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की उसे धनरूआ पीएचसी मे भर्ती कराया गया है। मृतक का भतिजा अमित चंद्रवंशी ने बताया की अस्पताल ले जाने के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था जिस घर पर ले आये है।

प्रखंड के विद्यालयों में धूमधाम से मना बाल दिवस, कार्यक्रमों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर गुरुवार को नावकोठी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नेहरू जी के बच्चों के प्रति स्नेह और प्रेम को याद करते हुए सभी विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्य विद्यालय नावकोठी, रजाकपुर, छतौना, पहसारा बभनगामा, महेशवाड़ा, कन्या पहसारा, समसा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकमुजफ्फर, हसनपुर बागर, सैदपुर विष्णुपुर, देवपुरा, नीरपुर, ररिऔना सहित प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों तथा निजी स्कूलों में सुबह से ही बच्चों में उत्साह देखा गया। शिक्षकों ने नेहरू जी के जीवन, विचार व उनके आधुनिक भारत निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता पाठ, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता और क्विज का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया पुरस्कृत

प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, शंभू महतो ने कहा कि बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाइयां तथा टॉफियां वितरित की गईं। पूरे दिन स्कूलों में उत्साह, उमंग और खुशियों का माहौल बना रहा। बाल दिवस पर आयोजित इन गतिविधियों से विद्यालय प्रांगण बच्चों की चहल-पहल से गुलजार रहा। इस अवसर पर कई विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिससे विद्यालयों में चहल-पहल रही।

बाल दिवस पर याद किये गए चाचा नेहरू

भगवानपुर। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती शुक्रवार को प्रखंड के मध्य विद्यालय मेहदौली सहित अन्य विद्यालयों में बाल दिवस के रूप में मनाई गई। महान विभूति पंडित नेहरू की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं ने कविताओं के जरिए चाचा नेहरूके जीवन पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने पंडित नेहरू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर अपने विचार रखे। साथ ही कहा कि पंडित नेहरू के जीवन मूल्यों को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर बचचों को चाचा नेहरू के बारे में बताया गया और कहा गया कि चाचा नेहरू बच्चों से बहुत प्रेम करते थे। मौके पर एचएम अशोक कुमार सिंह, कृष्ण कुमार, शिक्षक अनिल, अजित, नुपूर, श्वेता, पूनम, प्रभात, नितेश, इजहार, ऋतु, संगीता सहित स्कूली बच्चे मौजूद थे।

राजपुर विधानसभा (सु) : जदयू के संतोष निराला ने कांग्रेस के विश्वनाथ राम को 9,155 वोटों से हराया, समर्थकों में उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बक्सर। राजपुर विधानसभा (सु) सीट पर एनडीए समर्थित जदयू के उम्मीदवार संतोष कुमार निराला ने कांग्रेस के उम्मीदवार विश्वनाथ राम को 9,155 वोटों से हराया। संतोष कुमार निराला को 80,368 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के विश्वनाथ राम को 71,213 वोट मिले। इस जीत के साथ संतोष निराला ने राजपुर विधानसभा में अपनी स्थिति मजबूत की और विपक्षी दल को करारी शिकस्त दी। इस नतीजे के बाद, राजपुर विधानसभा में



जदयू की जीत ने एनडीए के पक्ष में एक और महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई।

राजद ने लोजपा को 2,913 वोटों से हराया

बक्सर। ब्रह्मपुर विधानसभा सीट पर इंडी गठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार शम्भुनाथ यादव ने कड़े मुकाबले में लोजपा के हुलास पांडेय को 2,913 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। प्राप्त जानकारी के अनुसार शम्भुनाथ यादव को कुल 94,385 वोट मिले, जबकि हुलास पांडेय को 91,472 वोट हासिल हुए। इस करीबी मुकाबले में जीत के साथ शम्भुनाथ यादव ने ब्रह्मपुर विधानसभा सीट पर राजद को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। राजद की जीत पर उसके समर्थकों में काफी खुशी देखी जा रही है। वहीं लोजपा के लिए यह परिणाम बड़ा झटका माना जा रहा है।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की मनाई गई जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू जिला कांग्रेस कमिटी .के तत्वावधान में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती गरिमापूर्ण ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कांग्रेस कार्यालय में नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि के साथ हुई। तत्पश्चात कांग्रेसजनों ने प्रखंड नवाबाजार के बाना गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुँकर बच्चों के साथ बाल दिवस



मनाया, केक काटा, मिठाई वितरित की और नेहरू जी के जीवन, आदर्शों एवं बाल-स्नेह के बारे में बच्चों को प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, उल्लास और प्रेरणादायी वातावरण देखने को मिला। जिलाध्यक्ष बिमला कुमारी ने कहा कि नेहरू जी ने आधुनिक भारत की आधारशिला रखी। उनके लोकतांत्रिक मूल्यों, वैज्ञानिक सोच और बच्चों के प्रति अपार प्रेम को याद करना हमारे लिए गर्व का विषय है। बाल दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि नेहरू जी के सपनों को साकार करने का संकल्प है। वरिष्ठ कांग्रेसी श्याम नारायण सिंह ने कहा कि नेहरू जी का विज़न सिर्फ स्वतंत्र भारत का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक शिक्षित, प्रगतिशील और मजबूत राष्ट्र के निर्माण का था। आज हमें उनके आदर्शों और संविधानिक मूल्यों को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में रामाशीष पांडे, मिथलेश सिंह, सत्यानंद दुबे, रेखा सिंह, ईश्वरी प्रसाद सिंह, नसीम खान, सिद्धनाथ गुप्ता, घूरा तिवारी, सतेंद्र सिंह, मुन्ना खान, संतोष चौबे, रामचंद्र दीक्षित, अशोक सिंह, सुनील पांडे, मो. गुलाम नबी, मीर खुर्शीद आलम, विश्राम दुबे, जितेंद्र कमलापुरी, बसंत सर, विनय कुमार, जहांगीर अंसारी, गोल्डन शाह, जावेद अख्तर, सुल्तान अंसारी, शाहनवाज अख्तर, कौलेश मेहता, एहसान अंसारी सहित अनेक कांग्रेसजन एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

मसौढ़ी विधानसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी जीते

बांटी गईं मिठाईयां, पटाखे जलाकर जीत का मनाया जश्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढी विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी जदयू के अरुण मांझी 7643 वोटो से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी महागठबंधन के प्रत्याशी रेखा देवी को हराकर जीत हासिल कर ली है। दरअसल एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी को 106505 वोट मिले हैं, वहीं महागठबंधन के प्रत्याशी रेखा देवी को 98862 वोट मिले थे। बहरहाल वर्ष 2010 के बाद मसौढ़ी विधानसभा सीट पर जदयू का एक बार फिर से कब्जा हो गया है। दरअसल 2010 के बाद जब नीतीश कुमार ने लालू यादव को यह सीट सौगात में दे दी थी, तब से मसौढी विधानसभा सीट पर राजद का ही कब्जा रहा है, उसके बाद जेडीयू कभी भी उभर नहीं पाई थी लेकिन वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार जदयू प्रत्याशी अरुण मांझी ने अपनी जीत हासिल कर ली है और एक बार फिर से जदयू का मसौढी सीट पर कब्जा हो गया है। दरअसल इस बार मसौढी विधानसभा में 69.84% मतदान हुआ है। बंपर वोटिंग होने पर दोनों दलों के समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा था जीते हुए प्रत्याशी अरुण मांझी ने कहा कि यह जनता की जीत है। हम विधायक बनकर राज करने नहीं बल्कि बेटा बनकर सेवा करने आए हैं यह अरुण माझी जी के जीत नहीं बल्कि पूरे मसौढी विधानसभा क्षेत्र के जनता मालिकों की जीत हुई है और जब जब नारी शक्ति आती है तो आंधी आई है न्याय के साथ सुशासन के विकास पर जनता का समर्थन मिला है मसौढ़ी में दोगुनी रफ्तार से विकास का कार्य होंगे। समरथ को में भारी उत्साह है कई जगह पर रंग आबीर लगाकर होली खेली जा रही है और पटाखे जलाकर दिवाली मनाई जा रही है और मिठाइयां बट रही है विजय हुए प्रत्याशी को लोगों ने शुभकामनाएं दिए हैं जिसमें केवड़ा निवासी जदयू के वरिष्ठ नेता नागेंद्र सिंह, नवीन कुमार, मंटू पांडे, बीजेपी के आशा किरण सिंह, शोभा देवी, चंद्रमोहन पटेल, अजय शर्मा, लालमोहन सिंह, शिल्पी ठाकुर, अश्वनी उर्फ गोल्डी, सुनील कुमार वर्मा, कुमारी खुशबू रानी, शाहिद आलम, मेराज अहमद, संजय केसरी, वेद प्रकाश, मुखिया रानी कुमारी, डॉ राम जयपाल, नवल भारती, नूतन पासवान समेत हजारों लोगों ने बधाई दी है।

मसौढ़ी सीट : एनडीए की जीत नारी शक्ति की है जीत

महिलाओं की बंपर वोटिंग से हुई है जदयू की जीत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी महागठबंधन की रेखा देवी को 7643 वोटो से हराकर जीत हासिल कर ली है। ऐसे में महिलाओं ने कहा कि जब-जब नारी शक्ति आती है तो आंधी आई है। बिहार में एनडीए के जीत महिलाओं की बंपर वोटिंग से हुई है और यह नारी शक्ति का कमाल है। बहरहाल पूरे मसौढी विधानसभा में 68.94% मतदान हुआ था, जो आजादी से अब तक सबसे ज्यादा बंपर वोटिंग हुई है उसमें 1,15,000 महिला मतदाताओं ने वोट किया था जहाँ पुरुष मतदाता के मुकाबले इस बार के चुनाव में महिलाओं ने पूरे जोर-शोर से अपना मतदान पर्व में हिस्सा लिया था। ऐसे में पूरे बिहार की तस्वीर को महिलाओं ने बदल डाली है। एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला है, मसौढ़ी विधानसभा सीट पर वर्ष 2010 के बाद एक बार फिर से जदयू का कब्जा हो गया है। महिलाओं ने एक दूसरों को रंग अबीर लगाकर होली खेली और पटाखे जलाकर दिवाली मनाई, एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशियां मना रहे हैं। मौके पर भाजपा के आशा किरण सिंह, शोभा कुमारी, मीना देवी, प्रभा देवी, मृदुला पटेल, बेबी सिंह, रेणु कुमारी, सविता सिंह, कुमकुम देवी आदि शामिल रहे।

अलर्ट : मतगणना को लेकर मसौढ़ी में चप्पे-चप्पे पर थी पुलिस बलों की तैनाती

तारेगना रेलवे प्लेटफार्म की सुरक्षा महिला पुलिस के हवाले



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मतगणना को लेकर एक और जहां पटना के एएन कॉलेज में भारी संख्या में समर्थकों की भीड़ उमड़ी हुई थी, वही विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर चप्पे चप्पे पर मसौढी में पुलिस की पेट्रोलिंग देखी गई, वहीं इसके अलावा तारेगना रेलवे स्टेशन प्रांगण में भी रेल पुलिस की चौकसी देखी गई, जहां पर पूरे रेलवे प्लेटफार्म नारी शक्ति के हाथों में रहा महिला पुलिस के हाथों में कमान दी गई थी। दिन भर सभी प्लेटफार्म पर अपनी चौकसी बरती रही। वरीय पुलिस पदाधिकारी की माने तो मतगणना के दिन विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस की पेट्रोलिंग बहुत ही जरूरी होती है। क्योंकि इस दिन कई लोग चुनाव हार जाने से भी नाराज हो जाते हैं और कई जगहों पर हिंसक वारदात भी हो जाती है ऐसे में चुनावी रंजीश ना हो इसको लेकर कई जगहों पर पुलिस का कड़ा पहरा देखा गया। सड़क से लेकर रेलवे तक पुलिस की चौकसी बरती गई। तारेगना रेल थानाध्यक्ष राजू कुमार दुबे ने बताया कि तारेगना रेलवे स्टेशन को सुरक्षित और रेलवे प्लेटफार्म के अलावा ट्रेन को यात्री सुरक्षा को लेकर पेट्रोलिंग और गस्ती को बढ़ा दी गई थी जहां पर प्लेटफार्म पर महिला पुलिस वालों की संख्या की मुस्तैदी रही।

बिक्रम विधानसभा क्षेत्र में खिला कमल, रोमांचक मुकाबले में सिद्धार्थ सौरव 5,601 मतों से विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रम। विधानसभा में इस बार का चुनाव बेहद रोमांचक रहा। कड़े मुकाबले में सिद्धार्थ सौरव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अनिल कुमार को 5,601 मतों से पराजित कर जीत का नया इतिहास रच दिया। सिद्धार्थ सौरव को 1,01,198 जबकि अनिल कुमार को 95,588 मत प्राप्त हुए। सिद्धार्थ सौरव इससे पहले 2015 और 2020 में भी लगातार दो बार विधायक रह चुके हैं। वहीं उनके प्रमुख प्रतिद्वंदी अनिल कुमार बिक्रम से तीन बार विधायक रह चुके हैं और पूर्व में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतते रहे हैं। दिलचस्प यह रहा कि इस बार दोनों दिग्गज प्रत्याशियों ने चुनाव के ऐन वक्त दल बदल कर नया राजनीतिक जोखिम उठाया था, जिससे मुकाबला और अधिक रोचक हो गया था। पूरे क्षेत्र में दिन भर चली गहमागहमी, बूथों पर लंबी कतारें और मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ा दी थीं। मतगणना के दौरान कई बार बढ़त बदलती रही, लेकिन अंतिम चरण में सिद्धार्थ सौरव ने निर्णायक बढ़त बना ली। विजय की घोषणा होते ही समर्थकों में उत्साह फैल गया। जगह-जगह सिद्धार्थ समर्थकों ने मिठाइयाँ बांटकर जीत का जश्न मनाया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे विकास की जीत बताते हुए कहा कि जनता ने फिर एक बार सिद्धार्थ सौरव पर अपना विश्वास जताया है। बिक्रम विधानसभा की यह जीत आने वाले राजनीतिक समीकरणों को नया मोड़ दे सकती है।

बिहार में एनडीए की जीत पर जश्न का माहौल

बिक्रम। बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत एवं बिक्रम विधान सभा में भाजपा प्रत्यार्शी सिद्धार्थ सौरभ की जीत पर स्थानीय शहीद चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा मिठाईयां बांटी गईं। कार्यक्रम का नेतृत्व तेज नारायण शर्मा ने किया। इस मौके पर बिक्रम विधानसभा के संयोजक नीरज कुमार, नीरज तिवारी, अजय तिवारी, सूर्य नारायण सिन्हा, सतीश पासवान, धनंजय सिंह, रामाराव, छोटे सिंह, बिटेश्वर पंडित, पंकज कुमार, मुकेश सिंह, बबलू सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चुनावी जीत के बाद विजय जुलूस पर रोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। चुनावी परिणाम आने पर मसौढी अनुमंडल के सभी पुलिस अलर्ट मोड में रही, हर चौक चौराहे पर पुलिस का कड़ा पहरा देखा गया, ऐसे में पुनपुन पुलिस पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी के नेतृत्व में हर गली चौक चौराहे पर घूम घूम कर सायरन बजाते हुए लोगों को अलर्ट मोड में रखा की मतगणना के बाद कहीं कोई चुनावी हिंसक वारदात ना हो जाए, इसको लेकर अलर्ट मोड पर रही और पेट्रोलिंग गश्ती को टाइट कर दी गई है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि चुनाव परिणाम आने के बाद कई जगहों पर चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट की घटनाएं हो जाया करती है। इसको लेकर सभी पुलिस पदाधिकारी को अलर्ट मोड में रखा गया है और गश्ती को बढ़ा दी गई है पूरी टीम के साथ पूरे पुनपुन बाजार से लेकर हर जगह पर फ्लैग मार्च के तौर पर भ्रमण किया गया है।

मसौढ़ी के सगुनी में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मसौढ़ी। मसौढ़ी के सगुनी में सात दिवसीय चल रहे श्रीमद्भागवत कथा महापुराण महायज्ञ के आयोजन में अयोध्या से आये आचार्य विमल शुक्ला ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा से ही जीव का कल्याण है। जहां भागवत कथा का गुणगान होता है वहां प्रभु खुद दर्शन देते हैं। श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। भगवत श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा की श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र को सुनने मात्रा से लोगो के जीवन मे एक नई उर्जा का संचार हो जाता है। लोग बुरे कर्मो को त्याग अच्छे कर्मों की ओर बढ़ने लगते हैं। भागवत महापुराण के श्रवण करने से लोग स्वर्ग की अनुभूति करने लगते है। भागवत कथा सुनने से लोगो में आपसी भाई चारा बढ़ता है। घर परिवार समृद्धि की ओर बढ़ते हैं। जीवन मे चल रही अनेक प्रकार के दुख कलह से लोगो को मुक्ति मिलती है। इसी लिए लोगो को जहां भी मौका मिले भागवत पुराण का कथा सुनना चाहिए। आयोजन के अंतिम दिन शुक्रवार को पूर्णाहुति की गई। कार्यक्रम के आयोजक शशांक शेखर, रामशेखर शर्मा, गजाधर शर्मा, मणिकांत शर्मा, सीताराम शर्मा राजनंदन सिंह, जयशंकर सिंह, शिवकुमार शर्मा, अनिल सिंह, रूबी देवी, कुंदन कुमार समेत पूरे सुगनी गांव के समस्त ग्रामीण शामिल रहे।

संपतचक में डा. रामानंद यादव की जीत पर जश्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। फतुहा विधानसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार प्रोफ़ेसर डॉ. रामानंद यादव की जीत की खबर मिलते ही संपतचक में उत्साह, उमंग और खुशी का माहौल बन गया। जीत की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग विधायक फ्लैट पहुंचकर फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर जीत की मुबारकबाद देते नजर आए। जश्न में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लोगों में भारी उत्साह देखा गया। संपतचक नगर परिषद अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि पूरे संपतचक के मतदाताओं की एकजुटता और मेहनत ने ही प्रोफ़ेसर डॉ. रामानंद यादव को दोबारा भारी मतों से विजयी बनाया है. कहा कि यह जीत क्षेत्र की जनता के विश्वास और मेहनत का परिणाम है। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ऋषभ राय बंटू ने कहा कि हर जाति, समुदाय और पार्टी से ऊपर उठकर लोगों ने विकास के नाम पर डॉ. यादव को वोट दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि विधायक पहले की तरह आगे भी समग्र विकास कार्यों को तेजी से पूरा करेंगे।

भागलपुर जिले की सभी सातों सीटों पर एनडीए का कब्जा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। बिहार में भागलपुर जिले के सभी सातो विधानसभा सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए ने कब्जा कर लिया है। एनडीए गठबंधन ने इस चुनाव में नाथनगर और भागलपुर सीट महागठबंधन के घटक राजद तथा कांग्रेस से छिन ली है। पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के घटक भारतीय जनता पार्टी के मुरारी पासवान ने अपने प्रतिद्वंद्वी महागठबंधन के रामविलास पासवान को सर्वाधिक 53,107 मतों से हरा दिया है। मुरारी पासवान को कुल 1 लाख, 40 हजार 608 मत मिला। जबकि राजद के

रामविलास पासवान को 87 हजार 501 मत प्राप्त हुआ। इसी तरह कहलगांव विधानसभा क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी शुभानंद मुकेश ने राजद के रजनीश कुमार को 50 हजार 28 वोट से हराया। श्री मुकेश को कुल 1 लाख 30 हजार 589 मत मिले। जबकि राजद प्रत्याशी को 80 हजार 561 मत प्राप्त हुआ। वहीं तीसरे नंबर रहे कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा ने 10 हजार 43 मत प्राप्त किया।

इधर भाजपा ने पर लंबे समय बाद भागलपुर सीट पर कब्जा किया और इनके प्रत्याशी रोहित पांडे ने कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा को करीब 14 हजार वोट से हराया। भाजपा के रोहित पांडे को कुल 1 लाख 316 मत मिले। जबकि कांग्रेस के अजीत शर्मा को 86 हजार 484 मत मिला। नाथनगर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के घटक लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रत्याशी मिथुन कुमार ने अपने प्रतिद्वंद्वी राजद के शेख जिया हसन को 25 हजार 442 वोट से हराया। श्री कुमार को कुल 1 लाख 17 हजार 976 मत मिले। जबकि राजद प्रत्याशी को 92 हजार 535 मत प्राप्त हुआ। सुल्तानगंज क्षेत्र से वर्तमान जदयू प्रत्याशी ललित नारायण मंडल ने अपने प्रतिद्वंद्वी राजद के चंदन सिन्हा को 33 हजार 136 मतो से हरा कर अपनी सीट बरकरार रखी। श्री मंडल को कुल 1 लाख 8 हजार 712 मत मिले। जबकि श्री सिन्हा को 77 हजार 576 मिला।

बिहपुर क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर शैलेन्द्र ने विकास इंसान पार्टी की अर्पणा कुमारी को 30 हजार 25 वोट से हरा दिया। श्री शैलेन्द्र को कुल 91 हजार 458 मत मिले। जबकि सुश्री अर्पणा कुमारी को 61 हजार 433 मत प्राप्त हुए। गोपालपुर क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी बुलो मंडल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी विकास इंसान पार्टी के प्रेम सागर उर्फ़ डब्ल्यू डब्ल्यू यादव को 58 हजार मतों से हराया। श्री मंडल को कुल 1 लाख 8 हजार 453 मत प्राप्त हुए। जबकि श्री सागर को 50 हजार 399 मत प्राप्त हुआ। वहीं इस क्षेत्र के जदयू विधायक रहे गोपाल मंडल ने टिकट नहीं मिलने की स्थिति में निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़कर 12 हजार 657 वोट प्राप्त किया।

बाल दिवस पर याद किए गए चाचा नेहरू



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बक्सर। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने की।

कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. पांडे ने कहा कि आज हम उस महान व्यक्तित्व को नमन कर रहे हैं, जिन्होंने स्वतंत्र भारत में लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था की मजबूत नींव रखी। पंडित नेहरू का दूरदर्शी नेतृत्व न केवल भारत बल्कि विश्व राजनीति के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हुआ। उन्होंने शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और सामाजिक प्रगति को भारत के विकास की आधारशिला बनाया। डॉ. पांडे ने आगे कहा कि नेहरू जी का जीवन इस बात का प्रतीक है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और आदर्शों का मार्ग नहीं छोड़ा जाता। उन्होंने सत्य, अहिंसा और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमेशा अडिग रहते हुए समाज के वंचित, गरीब और कमजोर वर्गों की सेवा को अपना प्रथम कर्तव्य माना। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. पांडे ने कहा कि नेहरू जी के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने स्वतंत्रता संग्राम के समय थे। लोकतंत्र, विज्ञान, शिक्षा और मानवता जैसे मूल्य अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम का समापन दो मिनट के मौन और राष्ट्र के प्रति अपने नैतिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ. प्रमोद ओझा, ब्रज किशोर पांडे, भृगुनाथ तिवारी, संजय कुमार दुबे, राजू यादव, बब्बन तुरहा, दिवाकर सेठ, रविंद्र राय, पुनीत सिंह, महेंद्र चौबे सहित सैकड़ों कांग्रेसजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर रेवारातू व जोटांग में कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। झारखंड राज्य के गौरवपूर्ण 25वें स्थापना दिवस समारोह के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में झारखंड राज्य जलछाजन मिशन एवं भूमि संरक्षण विभाग द्वारा रेवारातू गांव स्थित तालाब के किनारे पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी ने आम, अमरूद, संतरा, कटहल आदि फलदार पौधे लगाये। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को पौधरोपण करने के बाद पौधों की नियमित सुरक्षा सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि झारखंड राज्य के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है और इस अवसर पर जिलेभर में कई जनहितकारी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। जलछाजन योजनाएँ ग्रामीण झारखंड की भूमि, आजीविका और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं तथा एक समृद्ध और टिकाऊ भविष्य का निर्माण कर रही है। कार्यक्रम में स्टेट नोडल ऑफिसर अरूण कुमार बोस ने भी जलछाजन के तालाबों के किनारे पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिंद ने बताया कि जिले के जलछाजन से निर्मित तालाबों/जलस्रोतों के किनारे नियमित रूप से पौधरोपण किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आय सृजन के अवसर बढ़ेंगे और मिट्टी कटाव में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से पर्यावरण संरक्षण के दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक रंगोली बनाकर पौधरोपण एवं जल संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आये प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनका उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर सतबरवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्थानीय स्कूली विद्यार्थी, तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

औरंगाबाद जिले में एनडीए ने पांच व महागठबंधन ने एक सीट पर दर्ज की जीत

एनडीए का बहुमत आने के बाद कार्यकर्ताओं में दिखा गजब का उत्साह


त्रिविक्रम ना. सिंह (भाजपा) औरंगाबाद


प्रमोद कुमार सिंह (जदयू) रफीगंज


ललन राम (हम) कुटुम्बा


चेतन आनंद (जदयू) नवीनगर


प्रकाश चन्द्र (लोजपा) ओबरा


अमरेन्द्र कुशवाहा (राजद) गोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले में शुक्रवार को बिहार विधानसभा के आए चुनाव परिणामों ने सबको सबको चौंका दिया क्योंकि इस चुनाव परिणाम में एनडीए ने जिले की 6 में से पांच सीटों पर अपनी जीत दर्ज कर ली जबकि महागठबंधन ने मात्र एक ही सीट पर जीत दर्ज की। जिले में एनडीए का बहुमत आने के बाद उसके पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह दिखा। हर तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नारे लगते रहे। जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हुई जो देर रात तक चलती रही। मतगणना को लेकर औरंगाबाद पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। हर तरफ पुलिस के जवान और अर्धसैनिक बल अपनी ड्यूटी में तैनात दिखे। मतगणना को लेकर सिन्हा कॉलेज मोड़ से मतगणना स्थल जाने वाली सड़क में नो एंट्री लगा दी गई थी। वाहनों के अलावा पैदल आने जाने वाले लोगों को भी रोका जा रहा था। भारतीय निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार औरंगाबाद जिले के कुटुंबा विधानसभा सीट पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रत्याशी ललन राम ने सबसे अधिक 21525 मतों से अपनी जीत दर्ज की। उन्होंने यहां से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम को हराया। ललन राम को 84727 जबकि राजेश कुमार को 63202 मत प्राप्त हुए। इसी तरह कुटुंबा सीट पर जन सुराज पार्टी के श्यामबली राम को 6065, आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) के रामजन्म राम को 6022, निर्दलीय वीरमनु कुमार भूषण को 2578, बहुजन समाज पार्टी के प्रकाश कुमार को 2549, निर्दलीय पुष्पलता देवी को 1427, गंगा सुरक्षा पार्टी के अंगद कुमार को 1412, निर्दलीय राकेश राम को 1165, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) की रीमा कुमारी को 1019, निर्दलीय नरेंद्र कुमार राम को 864 और नोटा पर 2614 मत प्राप्त हुए। औरंगाबाद विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के त्रिविक्रम नारायण सिंह ने 6794 मतों से अपनी जीत दर्ज की। उन्होंने यहां से कांग्रेस के आनंद शंकर सिंह को हराया। त्रिविक्रम नारायण सिंह को 87200 जबकि आनंद शंकर सिंह को 80406 मत प्राप्त हुए। इसी तरह औरंगाबाद सीट पर बहुजन समाज पार्टी के शक्ति कुमार मिश्रा को 19776, निर्दलीय सुरेंद्र प्रसाद को 2854, जन सुराज पार्टी के नंदकिशोर यादव को 2755, निर्दलीय लोकनाथ सिंह को 1335, निर्दलीय रामस्वरूप पासवान को 658, निर्दलीय राम बहादुर सिंह को 618, निर्दलीय नेहा कुमारी को 372, निर्दलीय विनोद प्रसाद चौधरी को 340, अखिल हिंद फॉरवर्ड ब्लॉक (क्रांतिकारी) के विनय कुमार सिंह को 302, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के प्रयाग पासवान को 297, निर्दलीय धीरेंद्र कुमार सिंह को 273, निर्दलीय आशीष कुमार सोनी को 258, निर्दलीय अजीत कुमार को 198 एवं नोटा पर 3352 मत प्राप्त हुए। रफीगंज विधानसभा सीट पर जनता दल यूनाइटेड के प्रमोद कुमार सिंह ने 11922 मतों से अपनी जीत दर्ज की। उन्होंने यहां से राष्ट्रीय जनता दल के गुलाम शाहिद को हराया। प्रमोद कुमार सिंह को 107120 जबकि गुलाम शाहिद को 95198 मत प्राप्त हुए। इसी तरह रफीगंज सीट पर बहुजन समाज पार्टी की सुमन कुमारी को 4410, निर्दलीय सूर्यदीप सिंह को 4214, जन सुराज पार्टी के विकास कुमार सिंह को 3008, निर्दलीय नंदलाल सुमन को 1051, निर्दलीय सत्यनारायण को 1031, निर्दलीय रितेश कुमार को 773, निर्दलीय उपेंद्र कुमार को 555, जागरूक जनता पार्टी के राहुल कुमार को 437, अखिल हिंद फॉरवर्ड ब्लॉक (क्रांतिकारी) के महेश्वर पासवान को 430, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राजेश कुमार को 247 और नोट पर 4954 मत प्राप्त हुए। सबसे रोमांचक मुकाबला नबीनगर विधानसभा सीट पर हुआ। यहां जनता दल यूनाइटेड के चेतन आनंद ने मात्र 112 मतों से अपनी जीत दर्ज की। उन्होंने यहां से राष्ट्रीय जनता दल के अमोद कुमार सिंह को हराया। चेतन आनंद को 80380 जबकि अमोद कुमार सिंह को 80268 मत प्राप्त हुए। इसी तरह नबीनगर सीट पर निर्दलीय लव कुमार सिंह को 7075, बहुजन समाज पार्टी के विनोद कुमार को 6595, जन सुराज पार्टी की अर्चना चंद्र को 4085, निर्दलीय मृत्युंजय कुमार को 3670, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के धर्मेंद्र रजवार को 2336, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के अनिल राम को 906, स्वराज पार्टी (लोकतांत्रिक) के अजय भुइयां को 709 और नोटा पर 4042 मत प्राप्त हुए। ओबरा विधानसभा सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रकाश चंद्र ने 11842 मत से अपनी जीत दर्ज की। यहां उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के ऋषि कुमार को हराया। प्रकाश चंद्र को 90563 जबकि ऋषि कुमार को 78721 मत प्राप्त हुए। इसी तरह ओबरा सीट पर बहुजन समाज पार्टी के संजय कुमार को 7835, निर्दलीय मो तौफीक आलम को 4546, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के उदय नारायण राजभर को 3968, जन सुराज पार्टी के सुधीर कुमार शर्मा को 3675, निर्दलीय रामराज यादव को 2707, स्वराज पार्टी (लोकतांत्रिक) के सोमप्रकाश को 1664, निर्दलीय हरिसंत कुमार को 1569, निर्दलीय शिवनाथ साव को 1390, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की प्रतिमा कुमारी को 1085, निर्दलीय ब्रजकिशोर सिंह को 829, जागरूक जनता पार्टी के धर्मेंद्र कुमार को 610, अखिल भारतीय जनसंघ के जितेंद्र दुबे को 480, निर्दलीय धीरज कुमार को 478, आम जनता पार्टी राष्ट्रीय के अजीत कुमार को 369, अखिल हिंद फॉरवर्ड ब्लॉक (क्रांतिकारी) के डॉ धर्मेंद्र कुमार को 367, न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी के जयनंद राम को 299 और नोट पर 905 मत प्राप्त हुए। गोह विधानसभा सीट पर राष्ट्रीय जनता दल के अमरेंद्र कुमार ने 3961 मतों से अपनी जीत दर्ज की। यहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के डॉ रणविजय कुमार को हराया। अमरेंद्र कुमार को 93243 जबकि डॉ रणविजय कुमार को 89282 मत प्राप्त हुए। इसी तरह गोह सीट पर जन सुराज पार्टी के सीताराम दुखारी को 7949, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मो एकलखा को 6613, निर्दलीय शिव कुमार सिंह को 3114, बहुजन समाज पार्टी के संजय प्रसाद एलियास उर्फ इं संजय प्रसाद कुशवाहा को 1938, जागरूक जनता पार्टी के सोनू कुमार को 1369, निर्दलीय राजीव रंजन को 922, निर्दलीय अमित कुमार को 890, सोशलिस्ट पार्टी (इंडिया) के अरुण कुमार अमर को 486, निर्दलीय मुंद्रिका प्रसाद को 452 और नोटा पर 4646 मत प्राप्त हुए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

पूर्व सांसद सुशील सिंह ने एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत दर्ज करने पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिह ने हर्ष ब्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ही राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। पूर्व सांसद ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार के सभी वर्ग के लोगों के लिए कल्याणकारी नीति और कुशल नेतृत्व एवं बिहार के सभी मतदाताओं का डबल इंजन वाली सरकार पर विश्वास की जीत है। इस चुनाव में मगध एवं शाहाबाद में भी बहुत बेहतर और अच्छा प्रदर्शन रहा है। इस चुनाव के परिणाम के बाद महागठबंधन के नेताओं के पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं है। मोदी है तो मुमकिन है। मोदी जी की गारंटी पर सभी बिहार वासियों ने अपना भरोसा जताया है। पूर्व सांसद ने अपने आवासीय कार्यालय सिह कोठी पर



कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर एवं पटाखे जलाकर खुशी का इजहार किया। यह जीत बिहार के नागरिकों की जीत है। एनडीए कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस प्रचंड जीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ही राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के सभी नेताओं एवं बिहार के एनडीए कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का बहुत बड़ा योगदान है। इस जीत पर भाजपा के वरीय नेता सुनील सिह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिह, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आदित्य शेखर, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश्वर सिह, सूर्यपत सिह, रवीन्द्र शर्मा, पंकज कुमार, गुंजन सिह, देव पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, जिला महामंत्री मुकेश सिह, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिह, युवा भाजपा नेता शुभेंदु शेखर सिह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, भाजपा नेता आलोक सिह, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिह, नलिनी रंजन, अमरीश सिह, उपेन्द्र सिह, विनोद सिह, भाजपा नेता विनय शर्मा, राकेश कुमार देवता, भाजपा नेता मुनीन्द्र राम, प्रफुल्ल सिंह, भरत सिह, जिला प्रवक्ता विनय सिह, जिला उपाध्यक्ष अनिता सिंह, जुलेखा खातून, सुबोध सिह एवं एनडीए कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

पंडित नेहरू के पदचिह्नों को अपनाने की जरूरत

अंबा(नबिटा संवाददाता)। बच्चे देश के भविष्य हैं। हम इन्हें सींच कर जिस ओर ले जायेंगे, देश का भविष्य भी उस ओर जायेगा। ये बातें विवेकानंद पब्लिक स्कूल अंबा के प्राचार्य अशोक कुमार ने कहीं। विद्यालय परिसर में बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्राचार्य के साथ अन्य शिक्षकों ने पंडित नेहरू के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों के बेहतर विकास के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू के पदचिह्नों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि वे सफल नेतृत्वकर्ता थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद भी वे छोटे बच्चों से काफी स्नेह रखते थे। यही कारण है कि उन्हें चाचा नेहरू के नाम से जाना जाता है। इस दौरान बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता कराया गया। शिक्षक लालचंद साव, अनिल कुमार यादव, राकेश पांडेय, अजय कुमार, कृष्ण प्रसाद वर्मा, जय हिंद प्रसाद, उमेश तिवारी, इंदू देवी, प्रशांत कुमार, साक्षी कुमारी, नेहा कुमारी, अंजलि कुमारी, प्रमोद कुमार, रोहित कुमार आदि रहे।

औरंगाबाद में धड़कनें थाम देने वाली मतगणना

चार सीटों पर आखिरी पल तक सस्पेंस, जीत-हार में बस कुछ सौ वोटों का फासला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले की मतगणना ने बुधवार को रोमांच और तनाव का ऐसा माहौल बनाया कि उम्मीदवारों से लेकर समर्थकों तक सभी की धड़कनें तेज़ हो गईं। चार विधानसभा क्षेत्रों में मुकाबला इतना कांटे का रहा कि अंतिम राउंड तक यह अंदाजा लगाना मुश्किल था कि किसके सिर जीत का ताज सजेगा। कई जगहों पर तो वोटों का अंतर दो-अंकों और कई चरणों में दो वोट तक सिमट गया। सबसे नाटकीय स्थिति औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिली। यहां त्रिविक्रम नारायण सिंह एक लंबी अवधि तक लगातार बढ़त बनाए हुए थे, लेकिन 18वें-19वें राउंड के बाद अचानक समीकरण बदलने लगे। 20वें राउंड तक स्थिति यह हो गई कि वे लगभग 1200 वोटों से पीछे चले गए। कई राउंड में मतों का अंतर कभी 1000 तो कभी 500 के आसपास डोलता रहा जिससे समर्थकों की सांसें थम-सी गईं। कांटे की टक्कर का यही मंजर गोह विधानसभा में भी देखने को मिला, जहां जदयू के रणविजय कुमार और राजद के अमरेंद्र कुमार के बीच बढ़त लगातार बदलती रही। 22वें राउंड में तो दोनों के बीच का अंतर सिर्फ 92 वोट रह गया था। अंतिम चक्र तक यह कहना नामुमकिन था कि किसके पक्ष में परिणाम जाएगा। नवीनगर विधानसभा में भी लंबे समय तक उहापोह की स्थिति बनी रही। वोटों की गिनती के बीच एक समय ऐसा आया जब दोनों प्रमुख उम्मीदवारों के बीच अंतर सिर्फ दो वोट पर आ गया। कुछ देर के लिए ऐसा लगा मानो परिणाम किसी भी दिशा में जा सकता है। रफीगंज विधानसभा में शुरुआत भले ही राजद के गुलाम शाहिद की मजबूत बढ़त से हुई, लेकिन 15वें राउंड के बाद यहां भी नतीजे उलटने-पलटने लगे। धीरे-धीरे अंतर कम होता गया और कई चक्र में यह 500 से भी कम रह गया, जिससे मुकाबला और भी रोमांचक हो गया। इसके विपरीत, ओबरा और कुटुंबा दो ऐसी सीटें रहीं जहां शुरू से लेकर अंत तक मतगणना का रुझान एकतरफा रहा। इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में किसी तरह का उतार-चढ़ाव देखने को नहीं मिला और शुरुआती राउंड से ही जीत किसकी होगी, यह लगभग स्पष्ट दिखाई दे रहा था।



विद्या निकेतन में धूमधाम से मनी पंडित नेहरू की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दाउदनगर(औरंगाबाद)। शुक्रवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विद्या निकेतन (शुक बाजार) प्रांगण में धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण की। साथ में विद्या निकेतन के प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती, प्रशासक संदीप कुमार एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पण्डित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद प्रत्येक कक्षाओं में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनी पर लेखन प्रतियोगिता एवं आपस में परिचर्चा आयोजित की गई। विद्यालय के शिक्षक मुकेश गिरी, अखिलेश कुमार सिंह और रमा रानी जैन के नेतृत्व में कक्षा षष्ठ से लेकर दशम तक के बच्चों के बीच ग्रुप बनाकर क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें तीन राउंड के प्रदर्शन के आधार पर कक्षा नवम के छात्र-छात्राएं मुस्कान कुमारी,



प्रीत साहनी, धीरज कुमार और छोटी ने विजेता का खिताब हासिल किया। कक्षा षष्ठ के छात्र-छात्राओं ने उपविजेता का खिताब हासिल किया, उन्हें मेडल, प्रशस्ति पत्र और लेखनी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीइओ आनंद प्रकाश ने कहा कि भारत एक देश है और एक साथ मिलकर चले तभी देश और राष्ट्र का विकास हो सकता है। एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना पंडित जवाहरलाल नेहरू के त्याग और समर्पण का प्रतीक है। डिप्टी सीइओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि नेहरू जी ने जिस तरह से सभी को जोड़कर चला है यह हमारे लिए अनुकरणीय है। हमें भी एक दूसरे के साथ चलना होगा। टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने कहा कि आज पंडित जवाहरलाल नेहरू के द्वारा बताए गए एकजुटता के रास्ते पर हम सभी को चलना होगा और भविष्य में देश के लिए कुर्बानी देनी पड़े तो देना होगा। प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती ने कहा कि पण्डित जवाहर लाल नेहरु मन से, कर्म से और तन से काफी सशक्त रहे तभी सभी छोटे रियासतों को मिलाकर उन्हें बड़ा रियासत बनाया। प्रशासक संदीप कुमार ने कहा कि सभी विद्यार्थी अध्यनरत विषयों को आपस में संजोकर एक उच्च शिखर पर पहुंचने वाले और परिणाम देने वाले छात्र-छात्राओं के रूप में अपने आप को विकसित करें और हमें सर्वश्रेष्ठ परिणाम दें तभी आपके पठन-पाठन की गुणवत्ता साबित होगी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सुमित कुमार सोनी, राजेश पांडे, सत्येंद्र कुमार, गिरजा ठाकुर, सुमन कुमारी, श्रेया कुमारी, रिया कुमारी, रोशन कुमार, प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

